e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 184

# प्रभात मंत्र

रविवार
07.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
यदि आप कोई बदलाव चाहते हैं, तो स्वयं से शुरुआत करें।

## झारखंड चैम्बर द्वारा आयोजित सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सीएम

# रोजगार सृजन के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत

### युवा स्टार्टअप शुरू करें, सरकार करेगी पूरा सहयोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रांची विश्वविद्यालय परिसर के आर्यभट्ट सभागार में फेडरेशन आफ झारखंड चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में जो भी उद्योग हैं और जो भी नए उद्योग आने वाले हैं, उसके प्रति सरकार की सकारात्मक सोच है। राज्य में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो। अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हों। हमारी सरकार उद्योगों और उद्योग स्थापित करने वालों को पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने झारखंड चैंबर्स से कहा कि कहा कि झारखंड में कई ऐसे उद्योग है जो वर्षों पुराने हैं। उद्यमियों की पीढ़ी- दर- पीढ़ी यहां व्यवसाय कर रही है। ये सभी झारखंड के बदलते स्वरूप को देखते आ रहे हैं। वे यहां की आर्थिक- सामाजिक और भौगोलिक स्थितियों से भली-भांति वाकिफ हैं। वे जितनी अच्छी तरह इस राज्य को समझ सकते हैं, दूसरे नहीं समझ सकते हैं। ऐसे में आपके साथ मिलकर राज्य का सर्वांगीण विकास करना हमारा उद्देश्य है।

### उद्योगों की ऐसी बुनियाद स्थापित करेंगे जिसका लाभ पीढ़ी-दर-पीढ़ी मिल सके

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद देश के नीति-निर्धारकों ने इस राज्य की अहमियत को समझा था। इसी का नतीजा था कि हमारे राज्य में कई बड़े उद्योग स्थापित हुए। टाटा और बिड़ला जैसे कई उद्योग समूहों ने अपने उद्योग लगाए। इसी राज्य में कोल इंडिया की सबसे ज्यादा गतिविधियां संचालित हो रही है। देश का पहला फर्टिलाइजर इंडस्ट्री लेकर माइनिंग इंस्टीट्यूट एवं उद्योग जगत के जननी से मशहूर हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) भी हमारे राज्य में स्थापित है। लेकिन, जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया और परिस्थितियों कुछ ऐसी बनती गई कि यहां के कई उद्योग -धंधे बंद हो गए। जिन उद्योगों का विस्तार होना था, वे सिमटते गए। इस वजह से लोग बेरोजगार भी हुए। लेकिन, हमारी सरकार उद्योगों की ऐसी बुनियाद डालना चाहती है, जिसका लाभ लोगों को पीढ़ी- दर-पीढ़ी मिल सके। इसमें झारखंड चैम्बर्स का जो भी सुझाव होगा उसे पर सकारात्मक अमल करते हुए पूरा सहयोग करेगी।

### स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए सरकार करेगी सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी बनाई है। हालांकि, इस राज्य में स्टार्टअप को जितना बढ़ावा मिलना चाहिए था, उसमें थोड़ा पीछे हैं। लेकिन, सरकार जल्द ही स्टार्टअप को मजबूती और बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाएगी। स्टार्टअप के जरिए युवा रोजगार से जुड़े और दूसरों को भी रोजगार दें , इस सोच के साथ सरकार आगे बढ़ेगी।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, विधायक रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग की सचिव विप्रा भाल, फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सचिव परेश गटानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड में भारी बारिश से नेशनल हाईवे समेत 90 सड़कें बंद, स्कूलों की छुट्टी, रेड अलर्ट जारी

**देहरादून :** उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार को हुई भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया. इसमें पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी शामिल हैं. उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों हुई भारी बारिश से दो लोगों की मौत हो गई. मौसम विभाग ने आज 7 जुलाई के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है. भारी बारिश की संभावना के बीच नैनीताल जिले में आज भी स्कूल बंद हैं.आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, आज नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, उधम सिंह नगर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है. इसके साथ ही चमोली और पौडी जिले के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश होने की संभावना

### दलाई लामा की जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बेतिया :** बेतिया स्थित बगीचा बुद्ध विहार में शनिवार को विश्व बौद्ध गुरु दलाई लामा का जन्म दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें समारोह की अध्यक्षता महास्थवीर भंते विमल कीर्ति महस्तवीर ने की।इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा पश्चिमी चंपारण के संरक्षक एवं वंचित बहुजन मोर्चा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष रविंद्र सिंह बौद्ध ने कहा कि 14वें दलाई लामा को भारत सरकार भारत रत्न देकर सम्मानित करें ।क्योंकि वह एक विश्व शांति के अग्रदूत हैं। जो पूरे विश्व में शांति का संदेश दे रहे हैं ।वह महात्मा बुद्ध के संदेशों को पूरे विश्व में फैलाने का काम कर रहे हैं। ताकि विश्व में शांति कायम रहे। आज बुद्ध का संदेश विश्व की जरूरत बन गई है।बुद्ध के संदेश से में विश्व शांति कायम रह सकती है एवं भाईचारा बना रह सकता है ।वही भंते विमल कीर्ति ने कहा कि मैं आज तक दलाई लामा के नाम पर कार्यक्रम होते हुए नहीं देखा है। यह रविंद्र सिंह बौद्ध की सराहनीय पहल है। जो दलाई लामा की जयंती मना रहे हैं। भगवान बुद्ध महात्मा नहीं थे ।पूरे विश्व में एक शांति का संदेश फैलाया।

### गुजरात के सूरत में 6 मंजिला इमारत गिरने से बड़ा हादसा, 12 से ज्यादा लोग घायल

**सूरत:** गुजरात के सूरत में लगातार बारिश के बीच 6 मंजिला मकान गिरने से बड़ा हादसा हो गया है। जानकारी के अनुसार, सूरत के सचिन पाली इलाके में 6 मंजिला इमारत गिर गई। जर्जर इमारत थी। जानकारी के अनुसार, बिल्डिंग गिरने से 12 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह बिल्डिंग स्लम बोर्ड की बताई जा रही है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, मलबे में अभी तीन और लोगों के दबे होने की आशंका है। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभी तक किसी के मरने की सूचना नहीं है। प्रशासन की ओर से तीन महीने पहले जर्जर बिल्डिंग को खाली करने के लिए नोटिस जारी किया गया था।

### चीन को मुंहतोड़ जवाब देगा टैंक जोरावर, भारतीय सेना में होगा शामिल

**नई दिल्ली :** रक्षा अनुसंधान और विकास प्राधिकरण का हल्के युद्धक टैंक जोरावर चीन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है. गुजरात के हजीरा में हल्के युद्धक टैंक जोरावर का शनिवार को परीक्षण शुरू किया गया. लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) लिमिटेड और डीआरडीओ द्वारा संयुक्त रूप से विकसित जोरावर को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) चीन से मुकाबला को तैयार है. इसे लद्दाख में तैनात करने की योजना बनाई जा रही है। डीआरडीओ प्रमुख डॉ. समीर वी कामत ने शुक्रवार को गुजरात के हजीरा में लार्सन एंड टूब्रो संयंत्र में परियोजना में हुई प्रगति की समीक्षा की. लद्दाख के उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए दो साल के रिकॉर्ड समय में विकसित यह टैंक स्वदेशी निर्माण में भारतीय प्रगति का प्रमाण है.



### रांची का तापमान

अधिकतम 38$^{0}$
न्यूनतम 27$^{0}$





### हाथरस घटना
### मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार

**लखनऊ :** हाथरस में सिकंदराराऊ थारा अंतर्गत ग्राम फुलरई-मुगलगढ़ी हादसे में कार्यक्रम का मुख्य आयोजक, मुख्य आरोपी और एक लाख के इनामी देवप्रकाश मधुकर व दो अन्य अभियुक्त राम प्रकाश शाक्य व संजू यादव को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्त देव प्रकाश मधुकर की इस घटना में दो भूमिकाएं नजर आई हैं, एक मुख्य आयोजक और दूसरा फण्ड रेजर।एसपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि 2 जुलाई को भोले बाबा के सत्संग उपरान्त भगदड़ मचने से 121 लोगों की मृत्यु हुई। थाना सिकन्द्राराऊ पर मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर व अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा-105/110/ 126 (2)/ 223/238 में अभियोग पंजीकृत किया गया । मामले में पहले ही छह अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मुख्य अभियुक्त देव प्रकाश मधुकर पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया । देव प्रकाश मधुकर को हाथरस की एसओजी ने 5 जुलाई को देर शाम दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार किया। थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस ने आज 6 जुलाई को अभियुक्त राम प्रकाश शाक्य को कैलोरा चौराहा से तथा अभियुक्त संजू यादव को गोपालपुर कचौरी, सिकन्द्राराऊ से गिरफ्तार किया।एसपी ने बताया कि पूछताछ पर देव प्रकाश मधुकर ने बताया कि वह एटा में वर्ष 2010 से मनरेगा में जूनियर इंजीनियर के पद पर संविदा पर कार्यरत है । वह इस संगठन से वर्षों से जुड़ा है।

## 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देश में 18वीं लोकसभा के गठन के बाद अब मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेगी. केंद्रीय बजट 2024 की तारीखों का ऐलान हो गया है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद में बजट पेश करेंगी. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बजट सत्र की जानकारी अपने एक्स हैंडल पर दी. उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा,भारत सरकार की संस्तुति पर भारत की माननीय राष्ट्रपति ने बजट सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को 22 जुलाई, 2024 से 12 अगस्त, 2024 तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. केंद्रीय बजट 2024-25, 23 जुलाई, 2024 को लोकसभा में पेश किया जाएगा. केंद्रीय बजट 2024 की तारीखें घोषित होने के साथ ही, इस बात की काफी उम्मीदें और अटकलें लगाई जा रही हैं कि वित्त मंत्री मोदी 3.0 सरकार के तहत टैक्सपेयर्स के लिए कुछ लाभों की घोषणा कर सकती हैं. वहीं समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने दो सरकारी अधिकारियों के हवाले से बताया कि केंद्र सरकार केंद्रीय बजट में ग्रामीण आवास के लिए राज्य सब्सिडी बढ़ाने की तैयारी कर रही है, जिसमें पिछले साल की तुलना में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि यूपी होने की उम्मीद है, जो 6.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगी.बता दें कि इस साल दो बार बजट पेश हो रहा है. 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश किया गया था. लेकिन अब नई सरकार का गठन होने के बाद पूर्ण केंद्रीय बजट पेश होने जा रहा है. इस बार बजट पेश करने के साथ ही वर्तमान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा.

**संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बजट सत्र की जानकारी अपने एक्स हैंडल पर दी. उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा,भारत सरकार की संस्तुति पर भारत की माननीय राष्ट्रपति ने बजट सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को 22 जुलाई, 2024 से 12 अगस्त, 2024 तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है.**

## भाजपा ने हमारी ऑफिस तोड़ी, हम इनकी सरकार तोड़ेंगे : राहुल गांधी



**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद के पालडी स्थित राजीव गांधी भवन में शनिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जमकर जोश भरा। उन्हें गुजरात में भाजपा को हराने के लिए अभी से कमर कस लेने को कहा। राममंदिर, अभय मुद्रा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र कर उन्होंने भाजपा को चारों ओर से घेरने का प्रयास किया।राहुल गांधी कांग्रेस कार्यालय पर पथराव और पार्टी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात में हुए विभिन्न हादसों के पीड़ित परिवारजनों से भी मिलने का उनका कार्यक्रम है। राहुल गांधी ने गुजरात कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि गुजरात में कांग्रेस जीतेगी। भाजपा ने उनका ऑफिस तोड़ा है, हम इनकी सरकार तोड़ेंगे। राहुल गांधी ने अयोध्या में भाजपा की हार का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा अयोध्या में इसलिए हारी क्योंकि भाजपा ने अयोध्या में जिन लोगों की जमीनें लीं, उन्हें राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में जगह नहीं मिली। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता अयोध्या में बब्बर शेर की तरह इंडिया गठबंधन के लिए खड़े रहे और वहां पर भाजपा हार गई। राहुल गांधी ने गुजरात के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा आप लोगों ने बहुत लाठियां खा ली हैं, अब उन्हें हटाना है। राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के घोषणापत्र ने भाजपा को बैकफुट पर ला दिया। गुजरात के लिए भी ऐसा ही मेनिफेस्टो बनाना है लेकिन गुजरात के लोगों के साथ बातचीत करके बनाना है।

### छत्तीसगढ़ः तीन लाख के इनामी सहित 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/जगदलपुर :** छत्तीसगढ. नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण नक्सली संगठन में सक्रिय तीन लाख के इनामी सहित 5 नक्सलियों ने हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में करटम सुक्का उर्फ हकमा पिता स्व. देवा (बटालियन नं. 1 कम्पनी नं.2 प्लाटून नं.2 सेक्शन ''ए'' का पार्टी सदस्य इनामी 2 लाख रुपये) निवासी मैलासूर पेदापारा थाना भेजी जिला सुकमा, सोयम बदरा (गोमपाड़ आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष/वर्तमान जनताना सरकार अध्यक्ष, इनामी एक लाख रुपये) निवासी गोमपाड़ थाना कोंटा जिला सुकमा, दिरदो केशा (कोर्राजगुड़ा आरपीसी मिलिशिया सदस्य) निवासी मैलासूर थाना भेजी जिला सुकमा एवं मुचाकी मासा (नागाराम पंचायत मिलिशिया सदस्य) निवासी नागाराम थाना चिंतलनार जिला सुकमा शामिल हैं।

## हाई कोर्ट ने जेल में कैदी की खुदकुशी पर लिया संज्ञान

**विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव बिरसा मुंडा ने केंद्रीय कारा में शुक्रवार भोर 4.30 बजे जेल अस्पताल के बाथरूम में गमछे के सहारे फंदे पर लटककर जान दे दी थी। वह पत्नी की हत्या के जुर्म जेल में 2017 से बंद था।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव की आत्महत्या पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद ने शनिवार को संज्ञान लिया। उन्होंने झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार और रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार को यह आदेश दिया कि वह तत्काल टीम गठित कर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का निरीक्षण करें। साथ ही मृतक के परिजनों को उचित विधिक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश का पालन करते हुए झालसा के उप-सचिव अभिषेक कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के सचिव कमलेश बेहरा खुद निरीक्षण करने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा पहुंचे। उन्होंने मौत का स्पॉट निरीक्षण किया एवं सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया। मृतक के परिजनों को भी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव बिरसा मुंडा ने केंद्रीय कारा में शुक्रवार भोर 4.30 बजे जेल अस्पताल के बाथरूम में गमछे के सहारे फंदे पर लटककर जान दे दी थी। वह पत्नी की हत्या के जुर्म जेल में 2017 से बंद था।

## पीएम मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री व ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को दी बधाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** पीएम मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉ. पेजेशकियन से फोन पर बात की। दोनों नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीत की शुभकामनाएं दी। साथ ही भारत-ब्रिटेन और भारत-ईरान के रिश्तों को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर से बातचीत करने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर इसे शेयर भी किया। उन्होंने लिखा कि ÷कीर स्टार्मर से बात करके खुशी हुई। उन्हें ब्रिटेन का प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। हम अपने लोगों की प्रगति, समृद्धि और वैश्विक भलाई के लिए भारत-ब्रिटने के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को अधिक मजबूत करने और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।वहीं ईरान के राष्टपति चुनाव में बड़ी जीत दर्ज कर नया इतिहास रचने वाले डॉ. पेजेशकियन को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। पीएम मोदी ने इसे एक्स पर भी शेयर करते लिखा कि इस्लामी गणतंत्र ईरान के राष्टपति के रूप में आपके चुने जाने पर डॉ. पेजेशकियन आपको बधाई हो। मैं अपने लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए भारत-ईरान के बीच अपने मधुर और दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।





### 10 जुलाई को 7 राज्यों की 13 सीटों पर होगा विस उपचुनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी):** लोकसभा चुनाव के बाद अब फिर एनडीए और इंडिया ब्लॉक के बीच टक्कर होने जा रही है. 10 जुलाई को सात राज्यों के 13 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होंगे और 13 जुलाई को रिजिल्ट का ऐलान होगा. पश्चिम बंगाल में चार, हिमाचल प्रदेश में तीन, उत्तराखंड में दो और पंजाब, तमिलनाडु और बिहार में एक-एक सीट पर उपचुनाव होंगे, जिनमें से तीन सीटें भाजपा के पास, दो कांग्रेस के पास और एक-एक सीट राजद, द्रमुक, आप और तृणमूल कांग्रेस के पास हैं.



# पंचायत समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुई। बैठक में विभागवार सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा नव प्राथमिक विद्यालय टीकुलडीहा में शौचालय निर्माण एवं नव प्राथमिक विद्यालय, साहू टोला कोलझिकी में विद्युत कनेक्शन नहीं होने की जानकारी दिया गया जिस पर प्रमुख उर्मिला देवी ने शीघ्र बिजली कनेक्शन कराने एवं तिकुलडीहा विद्यालय में 15 वे वित्त से शौचालय योजना लिये जाने का आदेश दिया। प्रमुख उर्मिला देवी ने स्वास्थ्य विभाग को शीघ्र डीडीटी का छिड़काव कराने का निर्देश दिया, साथ ही कोलझिकी उपस्वास्थ्य केंद्र के एएनएम द्वारा केंद्र नही खोले जाने पर स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया .सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने कहा कि अनाधिकृत रूप से संचालित अस्पतालों पर शीघ्र



कारवाई किया जाना चाहिये। पंचायत समिति सदस्य कधवन के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र नही खोले जाने तथा पर्यवेक्षिका द्वारा निमित रूप से जांच नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त किया गया। प्रमुख ने पर्यवेक्षिका को नियमित रूप से जांच करने का निर्देश दिया. इस तरह की शिकायत पुनः प्राप्त होने पर विभागीय कार्रवाई हेतु उपायुक्त महोदय को प्रतिवेदित किया जाएगा। हर घर जलनल योजना में विलम्ब से कार्य प्रारभ करने को लेकर पीएचडी विभाग के कर्मी को फटकार लगाते हुये ससमय कार्य नहीं करने वाले संवेदक की सूची लिखित रूप में प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया,तथा संबंधित संवेदक को काली सूची में डालने का निर्देश दिया गया. मनरेगा में वेंडर द्वारा लाभुक को सामग्री नही दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव ने कहा की संबंधित लाभुक कों शीघ्र योजना में मैटेरियल उपलब्ध कराया जाय। जेएसएलपीएस द्वारा महिला उद्यमियों को ऋण प्रदान करने की योजना की विस्तार से जानकारी दिया गया। बैठक में बीडीओ अदिति गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि मुकेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, उपप्रमुख गणेश प्रताप देव, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, रबिंद्र राम, मृदुला द्विवेदी, राधा देवी, पुष्पा देवी, फते मोहम्मद अंसारी, सैयद अंसारी, लालो खातून, चिंतामणि देवी, प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, बीपीओ राजदीप कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सत्यप्रिय तिवारी, प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, पंचायत सचिव बीरेंद्र कुमार सिंह, अमन केशरी, सीमा, सरोती कुमारी सहित बड़ी संख्या में कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डॉ. मुखर्जी का मनाया गया जन्म जयंती, विधायक ने किया पौधरोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में भाजपा द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवाद के पुरोधा थे। देश हित में उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया था। ऐसे महान विभूति को देश कभी नहीं भूल सकता। श्री चंद्रवंशी ने इस अवसर पर आरसीयू विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने अपने हाथों से 51 इमारती और फलदार पौधा लगाया। रामचंद्र चंद्रवंशी ने कार्यक्रताओं को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण और उनका संरक्षण बेहद जरूरी है। विधायक चंद्रवंशी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भोला चंद्रवंशी ने मौजूद लोगों को सामूहिक रूप से पौधारोपण और संरक्षण का संकल्प दिलवाया। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जल जीवन मिशन के तहत पानी समिति के लोगों ने की बैठक




**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओ में एक हर घर जल नल योजना अंतर्गत पानी समिति गठन हेतु शनिवार को केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार, मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह एवं बलिगढ पंचायत के मुखिया ललीता कुमारी के अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें समिति अध्यक्ष मुखिया कोषाध्यक्ष जलसहिया एवं वार्ड सदस्यों ग्रामीण के साथ बैठक कर मास्टर ट्रेनर अरेआम्मा पाठक ने सभी जलसहिया को अपने अपने क्षेत्र में विशेष कर काम करने को कही। इस मौके पर संजय वर्मा, जलसहिया रेशमी देवी, संगीता देवी, बंसती देवी, ममता देवी, मुनी देवी वार्ड सदस्य धमेंद्र सिंह,नन्द किशोर प्रसाद, ग्रामीण ओम नारायण पंडित, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक प्रत्याशी जीतेन्द्र पासवान ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**तरहसी,पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांकी विधानसभा में चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है वहीं प्रत्याशियों ने अपने अपने चुनाव की तैयारी में लग हुए है। इसी क्रम में एक नया चेहरा पांकी विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी जीतेन्द्र पासवान अपने आवास तरहसी प्रखंड के बेदानी खुर्द में नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के लोगो के साथ कार्यकर्ता बैठक किया। लोगो को सम्बोधित करते हुए जीतेन्द्र पासवान ने कहा की आजादी के इतने अर्से के बीत जाने के बाद आज भी दलित आदिवासी पिछड़ा अल्पसंख्यक समाज पीछे क्यों इसकी हिस्सेदारी क्यों नहीं मिली पूछेंगे विधानसभा अध्यक्ष और सरकार से 1952 से अभी तक भेदभाव किया गया है पूर्व और वर्तमान विधायक के द्वारा हमारा समाज दलित और शोषित समाज को छला गया है जिसका जबाब 2024 के विधानसभा चुनाव में देंगे जब आपका बेटा दलित शोषित का बेटा अनुसूचित जाति से जीतेन्द्र पासवान जब विधानसभा में जाएगा तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए सरकार से लड़ेगा और पांकी विधानसभा में चहुमुखी और सर्वागीण विकास करने का काम करेगा।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में मनाया गया साप्ताहिक वन महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री महाविद्यालय में शुक्रवार को साप्ताहिक वन महोत्सव मनाया गया। जिसकी शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत कई औषधीय पौधा, फूल और नारियल का पौधा लगाया गया। पौधारोपण की शुरुआत करते हुए प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता है और ऑक्सीजन पेड़ों के माध्यम से ही मिलता है.पर्यावरण संतुलन के लिए भी पौधारोपण बेहद जरूरी है। उन्होंने आम लोगों से भी पौधारोपण करते रहने का अपील किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार शुक्ला ने बताया कि यह कार्यक्रम आगामी सात जुलाई तक चलेगा। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में कई तरह का पौधा लगाया जायेगा। महाविद्यालय के हिंदी विभागअध्यक्ष डॉ श्याम मिश्रा ने अपनी मां के नाम पर एक पौधा अलग से लगाया। मौके पर परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, रंजन दुबे, ज्योति कुमारी, शबनम निशा, आशा कुमारी, अस्मिता पांडेय, संतोष शुक्ला, टीपी तिवारी, अजय ओझा,कृष्ण कुमार चौबे, प्रधान सहायक अमित कुमार, राजू कुमार, देव प्रकाश पांडेय, आशीष पांडेय, जितेंद्र पाठक, संगीता कुमारी, रामेश्वर राम, अनुज कुमार, सुधीर यादव, गुंजन पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

### बसरिया में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन

# भक्तों ने निकाली कलश यात्रा, लोगों ने लगाए हर-हर महादेव के नारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसरिया कला में आठ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। गाजे-बाजे के बीच यात्रा में हर तरफ भक्ति का माहौल छाया रहा। पंचायत के मुखिया नीतीश सिंह ने बताया कि राज राजेश्वरी शिव नागेश्वर धाम प्राण प्रतिष्ठा व शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ बनारस से आए स्वामी मारुति नंदन जी महराज के नेतृत्व में दिन शनिवार को बसरिया खुर्द से जलयात्रा के लिए सैकड़ो पुरुष व महिलाएं कोयल नदी के तट पर गाजे बाजे के साथ जल उठाव करने गए, जहां महराज मारुति नंदन जी ने मंत्रोच्चारण कराकर जल का उठाव कराया जहां से श्रृद्धालु कलश को लेकर पुनः बसरिया खुर्द पहुंचा जहां मंत्रोच्चारण के साथ यहां विधिविधान से कलश की पूजन कर यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। आयोजकों ने बताया की 14 जुलाई को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

## चौकीदार बहाली में अनुसूचित जाति को दरकिनार करना जातिवादी मानसिकता को दर्शाता है : पंकज



**नीलांबर पितांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौकीदार बहाली में पलामू जिला अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र होने के बाद भी अनुसूचित जाति को दरकिनार कर जिला अधिकारी और सरकार के जातिवाद मानसिकता और छात्र छात्रों के भविष्य के साथ खेलवाड़ को दर्शाता है उक्त बातें अनुसूचित जाति विकास मंच के केंद्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार ने प्रेस वार्ता कर कहा है। गौरतलब है कि पलामू जिला संसदीय क्षेत्र भी अनुसूचित जाति रिज़र्व है। और ऐसे जिला में चौकीदार पद कि बहाली में रोस्टर बनाने में गलती हुई है पलामू उपायुक्त संज्ञान ले और रोस्टर सुधार कर अनुसूचित जाति के छात्र छात्रों को जगह सुनिश्चित करें नहीं तो अनुसूचित जाति विकास मंच उपायुक्त कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे जिसका जिम्मेवार जिला प्रशासन होंगे। मौके पर पंकज कुमार, प्रदीप कुमार पासवान, दिलीप कुमार पासवान, विकास कुमार, राजू कुमार शामिल रहे।

## समाजसेवी अभिमन्यु ने निजी खर्च से बनवाया चार किमी लंबी सड़क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह ने अपने निजी खर्च से चार किमी लंबी सड़क का निर्माण कराया है। यहां बताते चलें कि ब्रह्मोरिया मोड़ से द्वारपार स्थान तक आने जाने का एक मात्र सहारा पगडंडी था.बरसात में इस पगडंडी पर चलना ग्रामीणों के लिए दुभर हो गया था। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर आला अधिकारियों से सड़क बनवाने की गुहार लगाई थी। लेकिन ग्रामीणों को हर जगह से मायूसी ही हाथ लगी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह को अपनी व्यथा सुनाई। जिसके बाद श्री सिंह ने सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया। सबसे पहले पगडंडी को जेसीबी से जमीन बराबर कराकर रास्ता का शेप दिया गया। फिर मिट्टी, मेटल और मोरंग डालकर कच्चा रास्ता का निर्माण किया गया। सड़क बनते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने इसके लिए बबलू सिंह के प्रति आभार भी व्यक्त किया। बबलू सिंह ने कहा कि सेवाभाव के साथ राजनीत में आया हूं। इसलिए लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करते रहता हूं। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# बीडीसी की बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों पर शो कौज करने का प्रस्ताव पारित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (बाजार) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड सभागार मे प्रखंड विकास समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी की अध्यक्षता मे हुई। बैठक की संचालन सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपन ने किया। बैठक मे शिक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, समाजिक सुरक्षा, बाल विकास, कल्याण, अबुआ आवास, मनरेगा के अलावा सभी विभाग की समीक्षा की गई। समीक्षात्मक बैठक के दौरान बीडीसी की सदस्य शत्रुधन साव ने कहा कि नौड़ीहा बाजार स्वास्थ केंद्र मे लैब टेक्निसियन की सुविधा कहा पर है और कहा से संचालित किया जाता है? इस मुद्दे पर बैठक मे आये स्वास्थ चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया। उन्होंने सदन मे यह भी आवाज उठाया कि विशुनपुर पंचायत के कठौतीय मे आगनबाड़ी केंद्र की भवन कर पूर्ण रूप तैयार है लेकिन



निजी व्यक्ति उसे ताला बंद करके रखा हुआ है उसे भवन की खुलवाने के लिए मांग किया। प्रमुख रेशम कुमारी ने सदन मे कहा कि तरीडीह पंचायत के डुमरी गावं मे सेविका पद पर चयनित आवेदिका रेखा कुमारी से महिला सुपरवाइजर गीता चौरसिया के द्वारा 75000 रूपया की मांग दफ़्तर मे बुलाकर किया और कहा गया की नेता क्या करेगें? देखते है आपकी बहाली कैसी होगी और कौन करा देगें। इस बातों से नाराजगी व्यक्त करते हुए नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे पदस्थापित दोनों महिला सुपरवाइजरों की स्थान्तरण करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। इस बैठक मे अवुआ आवास हो या किसी प्रकार की आवास के लक्ष्य अभी नहीं मिला है अगर चाहें पंचायत सेवक/ स्वयं सेवक / अन्य व्यक्ति के द्वारा किसी प्रकार के अफवाह फैलाते है तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी के जानकारी दे। यह बात प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती शुभम बेला टोपन के द्वारा जानकारी दिया गया। आवास से सबंधित अफवाह फैलाने वाले के खैर नहीं होगा और उन्होंने यह भी कहा कि उनके विरुद्ध कानूनी करवाई किया जायेगा। बीडीसी की में अनुस्थित मनेरगा बीपीओ, शिक्षा विभाग से बीईईओ, वन विभाग से वन क्षेत्र पदाधिकारी, बाल विकास विभाग से सीडीपीओ और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी के विरुद्ध शो काउज करते हुए सबंधित उच्च पदाधिकारी के अग्रेतर करवाई के लिए पत्र लिखने की प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर जीप सदस्य सुदामा पासवान, उप प्रमुख मीरा कुमारी, बीपीआरओ बिनोद कुमार, थाना प्रभारी श्री अमित कुमार द्विवेदी, शाखा प्रबंधक चन्दन कुमार मिश्रा, चिकित्सा पदाधिकारी संतोष प्रसाद के आलावा सभी बीडीसी सदस्य एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## महिला का शव घर से पुलिस ने किया बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चमडू रुगड़ी टोली में महिला का शव घर पर मिलने से परिवार के बीच शोक का लहर गांव में छाया मातम परिवारिक विवाद का संदेह जताया जा रहा है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित चमडू रुगड़ी टोली में एक 45 वर्षीय महिला का शव घर मे होने की सूचना पर परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ गया। जबकि गांव में मातम छाया हुआ है। मृतक महिला की पहचान चमडू रुगड़ी टोली निवासी बुधवा उराँव का 45 वर्षीय पत्नी राजमुनी उराँव के रूप में किया गया है। शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर ए एस आई असरफी बहेलिया दलबल के साथ चमडू रुगड़ी टोली पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए जांच में पुलिस जुट गई।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय जन संघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती समारोह का आयोजन चेचरिया स्थित पूर्वमंत्री सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के आवास पर आयोजित किया गया.जयंती समारोह का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुये पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता के प्रतिषिठत परिवार में हुआ था। अपने कुशाग्र बुद्धि के कारण वे 14 वर्ष की आयु में राजनीति में प्रवेश कर गये।वे 33 वर्ष की आयु में कोलकता विश्वविधालय के उप कुलपति बने। आजादी के बाद देश मे



अंतरिम सरकार का गठन हो रहा था तो महात्मा गांधी के कहने पर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें उद्योग व आपूर्ति मंत्री बनाया। उन्होंने कुटीर व लघु उद्योग गरीब, किसान व बेरोजगार लोगो को रोजगार देने का प्रयास करने लगे। जब देश को चलाने के लिये नीति निर्धारण हो रहा था, उसमे भारतीयता का अभाव झलक रहा था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने दृढ़ निश्चय के कारण लोगों को जोड़ने का कार्य किया। 1952 के चुनाव में जनसंघ को तीन सीटें मिली। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पूरे राष्ट्र के नौजवानों को सांस्कृतिक, भारतमाता की सुगन्धित मिट्टी को लेकर शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों को अपने विचारों से संगठित करने का कार्य किया।वे भारतमाता को खंडित होते नही देखना चाहते थे। वे कश्मीर में परमिट सिस्टम तथा धारा 370 हटाने के नाम पर बिना परमिट के 11 मई 1953 को जा रहे थे, उन्हें रहस्यमय तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया तथा 23 जून 1953 को रहस्यमय तरीके से उन्हें मार दिया गया। श्री केशरी ने कहा कि हम सबों को उनके बताये मार्ग का अनुशरण करना चाहिये। जयंती समारोह में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, मण्डल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, शिवधारी राम, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, सोबराती खां, सलीम अंसारी, बसंत जायसवाल, लाला पासवान, रमेश प्रसाद, मुन्ना गुप्ता, नीरज कुमार, इस्लाम खलीफा सहित अन्य उपस्थित थे।

### रोटरी स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

# बच्चे लोकतांत्रिक मूल्यों व प्रक्रियाओं से नहीं हो रहे अवगत : प्राचार्य अश्लेष पांडे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना स्थित रोटरी स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने लगभग 100 से अधिक फलदार औषधीय वृक्ष लगाए। बच्चे भी अपने साथ पौधे लेकर आए थे। सभी विद्यार्थियों को लाए हुए पौधों का वैज्ञानिक नाम, उसके लाभ व किस जगह, किस वातावरण में पाया जाता है इसके बारे में प्रार्थना सभा में अवगत करवाया गया।स्कूल के प्रधानाचार्या अश्लेष पांडेय ने बच्चों को पेड़ों के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए कहा क्योंकि हमारा जीवन पेड़ों पर ही निर्भर है। उन्होंने कहा कि हमारे चारों तरफ कंक्रीट के जंगल बसते जा रहे हैं



और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। इसलिए हमें प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हर खुशी या यादगार दिवस के अवसर पर साल में कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए जब तक वह पौधा बड़ा नहीं हो जाता है। तब तक उस पौधे की एक बच्चे की तरह सेवा करते रहे। पौधारोपण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर वृक्षों का होना बहुत आवश्यक है। हम सभी धीरे-धीरे वृक्षों का विनाश करने में लगे हुए है और यदि समय रहते हमने इस पर रोक नहीं लगाई तो आगामी समय में हम सभी को तथा हमारी आने वाली पीढी को इसके भयाभह परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इस अवसर पर अध्यापक वा अध्यापिक गौरी शंकर मिश्रा, सतेंद्र प्रसाद, श्यामबिहारी प्रसाद, उमाकांत मिश्रा, सुषमा कुमारी, स्मिता सिंह आदि ने भी बच्चों को वृक्षों से होने वाले फायदों के बारे में अवगत करवाया। वहीं दूसरी तरफ़ बाल संसद के सदस्यों को शपथ विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश पांडे ने बच्चों के बीच विस्तार से बाल संसद के कार्यो एवं गठन की प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके बाद छात्राओं को लोकतंत्र के महत्व को समझाने और विद्यालय प्रबंधन में अपनी भागीदारी निभाने के लिए बाल संसद का गठन किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## पर्यावरण संरक्षण के लिए रांची नगर निगम एवं रिलेशंस ने किया वृक्षारोपण

**रांची** । रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार के निर्देशानुसार आज पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान आज बरियातू रोड स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में रिलेशंस के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूली ब'चों ने 51 वृक्ष लगाकर उसकी देख भाल और उसकी सेवा का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर ब'चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी लाया। जिसमें ब'चों ने एक साथ मिलकर प्रकृति की रक्षा हेतु संकल्प भी लिया।मौके पर मौके पर मुख्य रूप से रांची नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ केशरी, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रांची नगर निगम के सुपर वाइजर राजकुमार, सुधाकर यादव समेत समेत सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू कि प्राचार्या सुतापा भट्टाचार्य, मोहम्मद आमिर सोहेल, पल्लवी कुमारी, स्वेता परिधा, अंकिता चौरसिया, रश्मि कुमारी, पूजा कुमारी, रिया भारती, ऋतु कुमारी, लक्ष्मी बारला समेत अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का हुआ औचक निरीक्षण

**रांची**। उपविकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को जामा के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ विवेक किशोर के साथ ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा दुमका का औचक निरिक्षण किया। निरिक्षण के क्रम में उन्होंने आरसेटी के कर्मियों से संवाद कर उनका परिचय प्राप्त किया। मौके पर हिमाचल प्रदेश से आये बम्बू के प्रशिक्षक विजय मेहरा, आरसेटी के संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा, कार्यालय सहायक मनोज कुमार सिंह एवं संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

# नशे के खिलाफ रांची पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची**। नशा खोरी के विरुद्ध नगड़ी थाना क्षेत्र में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वरीय पदाधिकारी लोहरदगा पुलिस के द्वारा सूचना दिया गया था कि गुमला के तरफ से गाँजा स्पलायर एक स्कार्पियों वाहन से गाँजा लेकर राँची के तरफ आ रहे। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें पु उपा मुख्यालय द्वितीय अरविन्द कुमार के नेतृत्व में पुअनि देवानन्द यादव, सअनि बिरेन्द्र मण्डल, सअनि संजय कुमार सिंह, हवलदार निर्मल उराँव, एवं आरक्षी बिमल हेम्ब्रम शामिल थे। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना गश्ती दल को चेकिंग लगाने हेतु निर्देशित करते हुये छापामारी दल राँची गुमला मुख्य सडक पर टोल प्लाजा के पास गयी जहाँ गश्ती दल चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के क्रम में गुमला की तरफ से आ रही स्कार्पियों गाड़ी रजि नं ओडी 14ए ए 8257 को रोकने का इशारा किया गया परंतु वह गाड़ी की रफ्तार तेज कर भागने लगा, जिसे पुलिस बल के द्वारा पीछा कर पकड़ा गया है, पकड़ाये स्कार्पियों के चालक का नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम स'जाद अंसारी पता न्यू आजाद बस्ती लोहरदगा, थाना जिला लोहरदगा बताया तद्वोपरांत पकडाये स्कार्पियों का तलाशी पुलिस उपाधीक्षक (मु0), द्वितीय राँची के उपस्थिति में लिया गया तो उक्त गाड़ी में बोरी में पैक कर कुल 206 कि0ग्रा0 गाँज रखा हुआ था जिसे विधिवत जप्त किया गया है।

**छापामारी में बरामदगी:** 2. बोरी में बंद कुल 206 कि0ग्रा0 (गाँजा) स्कार्पियो वाहन सं0- ओडी14एए8257 प्राथमिक अभियुक्त शमशेर अंसारी,अफसर अंसारी, जैलो उर्फ तौफीक, क्रेटा (रजिस्ट्रेशन नं0- जेएच01डी टी-3206) के मालिक।

## जगन्नाथपुर मेला आज, डीसी व एसएसपी ने रथ यात्रा मेले की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा द्वारा जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक (नगर) राजकुमार मेहता एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मेला परिसर में व्यवस्था का जायजा लेते हुए वरीय अधिकारियों द्वारा मंदिर समिति के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जगन्नाथपुर मंदिर से मौसी बाड़ी तक रथ यात्रा रूट का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देशा दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने दुकानदारों को निर्धारित स्थान तक ही अपने दुकान लगाने का निर्देश दिया गया ताकि रथ यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। उपायुक्त ने बताया कल दोपहर 03:30 बजे पूरे विधि-विधान से



रथ यात्रा की शुरुआत होगी इसके लिए विधि-व्यवस्था के सभी इंतजाम किये गये हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखते हुए 24 घंटे बिजली, चलंत शौचालय, पानी, अग्निशमन एवं एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं, मेला परिसर में पांच वॉच टावर और सीसीटीवी लगाये गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, इसके लिए संयुक्त आदेश भी निर्गत किया जा चुका है। बड़े वाहन प्रवेश न करें, इसको लेकर जगह-जगह बैरिकेडिंग भी की जा रही है।

## कांटाटोली क्षेत्र में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । रांची शहर में बढ़ते अपराध और चेन छिनताई को कंट्रोल करने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था । लोअर बाजार थाना क्षेत्र के खादगढ़ा टीओपी के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक भीम सिंह ने भी अपने टीओपी क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया और आने-जाने वाले मोटरसाइकिल चालकों को रोककर उनसे पूछताछ करते दिखे और चेकिंग भी कर रहे थे।

## दिवंगत पूर्व आईपीएस अमिताभ चौधरी की जयंती पर लगा रक्तदान शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची**। पूर्व आइपीएस और जेएससीए के अध्यक्ष रह दिवंगत स्व अमिताभ चौधरी के जयंती पर जेएससीए स्टेडियम परिसर में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने ब्लड डोनेट कर कैंप का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ब्लड लैब में नहीं बनता है इसके लिए हम सभी को ही मानवहित में आगे बढ़कर रक्तदान करना होगा। प्रत्येक जिम्मेदार और स्वस्थ नागरिक का फर्ज है कि वे रक्त दान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।आपका खून किसी और के लिए जिंदगी है।



कैंप में जेएससीए सदस्यगण,स्टाफ और विभिन्न संस्थानों के छात्रों को मिलाकर सौ यूनिट से 'यादा रक्त संग्रह हुआ। स्वयंसेवी संस्था जीनीया और रिम्स ब्लड बैंक के सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । शाहदेव ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रांची : विभिन्न आदिवासी संगठनों ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । आदिवासियों के विभिन्न संगठनों की संवाददाता सम्मेलन धूमकुड़िया सभागार में संवाददाता सम्मेलन संपन्न हुई। इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय सदस्य बबीता क'छप आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय क'छप , अभय भूट कुवर , आदिवासी लोहरा समाज अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद कुंदरसी मुंडा , आदिवासी लोहरा समाज के अभय भूट कुंवर ने संयुक्त रूप से कहा कि भारत आदिवासी पार्टी के आह्वान पर पुराना विधानसभा मैदान में 9 जुलाई 2024 को आदिवासी समागम दिन के 1100 सेआहूत की गई है। इस महासमागम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत, आदिवासी पार्टी के संस्थापक सदस्य कांति भाई रोत राजकुमार रोत वासवाडा लोक सभा क्षेत्र राजस्थान, थावरचंद्र मोर,दरिया वार्ड प्रतापगढ़ उमेश डामोर सदस्य विधानसभा आसपुर राजस्थान, कमलेश डोडियार सदस्य मध्य प्रदेश विधानसभा,जय कृष्णा मीणा, बबिता क'छप सहित भारत के आदिवासी पार्टी केंद्रीय कमेटी के लोग शामिल होंगे द्य इस कार्यक्रम में बबीता कश्यप भारत आदिवासी पार्टी राष्ट्रीय सदस्य, प्रेम शाही मुंडा अध्यक्ष आदिवासी जन परिषद अजय क'छप अध्यक्ष आदिवासी सेना, कुंदर्शी मुंडा अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, आकाश तिर्की, सेलिना लकड़ा यदि शामिल हुए।

## पार्टी में कार्यकर्ता सर्वोपरि,जमीनी लड़ाई कार्यकर्ता ही लड़ता है : मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र की विजय संकल्प सभा एवम कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की पूंजी कार्यकर्ता ही है। पार्टी के नेता तो मंच, माला माइक से जुड़े रहते हैं लेकिन एक सामान्य कार्यकर्ता चुपचाप पार्टी केलिए असाधारण



कार्य करता है।उन्होंने कहा कि जमीनी लड़ाई बूथ का साधारण कार्यकर्ता ही लड़ता है। चाहे पन्ना प्रमुख हो या बूथ की समित। सभी अभिनंदन के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कदम कदम पर जनता के सवालों का जवाब कार्यकर्ता ही देता है,घर घर संपर्क कार्यकर्ता ही करता है। इसलिए कार्यकर्ताओं को सम्मान देना पार्टी का धर्म है।उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का फल है। जिसे आज कांग्रेस झामुमो सहित इंडी एलायंस के लोग पचा नहीं पा रहे। चाय वाले का बेटा तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बने यह उन्हें बर्दास्त नही।कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडी एलायंस ने झूठ और दुष्प्रचार का सहारा लिया।तरह तरह के अफवाह फैलाए लेकिन देश की जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया।कहा कि केवल केंद्र में मोदी सरकार ही नही बनाई बल्कि कई प्रदेशों में भाजपा एन डी ए की सरकारें बनी।

## एनटीए पेपर लीक के खिलाफ एसआईओ का विरोध मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया झारखंड जोन की ओर से एनटीए पेपर लीक के खिलाफ विरोध. मार्च किया, विरोध मार्च रांची में बापू वाटिका मोरहाबादी से राजभवन तक की गई जिसमे झारखंड रा'य से कई छात्र शामिल हुए। अफजल अनीस (सचिव, रूब्र) ने रैली में जुड़े छात्रों को संबोधित करते हुए कहा के हाल ही में यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा की अखंडता के साथ संभावित समझौते के कारण रद्द होने के संबंध में देश भर के छात्रों द्वारा साझा की गई गंभीर चिंता का विषय है। एसआईओ झारखंड के शिक्षा सचिव नदीम खान ने कह के ह्रुञ में बार-बार आने वाली विफलताएँ




शिक्षा क्षेत्र में केंद्रीकरण की निरर्थकता और खतरे को दर्शाती हैं, एक प्रवृत्ति जिसे यह सरकार उत्साहपूर्वक अपना रही है। इन चिंताजनक घटनाक्रमों के आलोक में, स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया (एसआईओ) हमारी शैक्षिक प्रणाली में अखंडता और विश्वास बहाल करने की मांग करता है। शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, परीक्षण एजेंसी के रूप में एनटीए को खत्म करना, एक विशेष जांच दल (एसआईटी) की स्थापना करें,, शैक्षिक प्रणाली का पुनर्गठन. अमन राजा (सचिव, एसआईओ झारखंड) ने छात्रों की संबोधित करते हुए कहा के हम एक ऐसे मॉडल की वकालत करते हैं जो संघवाद, विविधीकरण, शिक्षा में सार्वजनिक क्षेत्र के विस्तार और छात्र-उन्मुख नीतियों के कार्यान्वयन को प्राथमिकता देता है। अंत में एसआईओ झारखंड की राजकीय टीम के द्वारा ज्ञापन के साथ विभिन्न सैक्षणिक संस्थानों में किए गए सैकड़ों छात्रों द्वारा हस्ताक्षर के बैनर को रा'यपाल को सौंपा गया

## झारखंड विधानसभा में हेमंत सोरेन के विश्वास मत के दौरान अधिकारियों को दीर्घा में मौजूद रहने के निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। सरकार की प्रधान सचिव वंदना दादेल के कार्यालय से इस संबंध में शनिवार को एक आदेश जारी किया गया है। रा'य सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के साथ पुलिस महानिदेशक, सभी विभागों के प्रमुख, रांची के उपायुक्त और एसएसपी को संबोधित पत्र में कहा गया है कि आठ जुलाई को 11:00 बजे से पांचवें झारखंड विधानसभा का 16वां सत्र शुरू होगा। इस सत्र के दौरान सभी पदाधिकारियों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। सरकार के इस आदेश में कहा गया है कि झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 139 के तहत मुख्यमंत्री की ओर से मंत्रिपरिषद में विश्वास का प्रस्ताव रखा जाना है। इसके बाद वाद-विवाद एवं मतदान होना है। इसलिए आठ जुलाई को पूर्वाह्न 11:00 बजे से विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने तक सभी पदाधिकारी विधानसभा के पदाधिकारी दीर्घा में मौजूद रहेंगे।

## ई-रिक्शा की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन : जावेद

**रांची**। रांची जिला ई रिक्शा यूनियन की बैठक हुई इसके बाद संरक्षक मोहम्मद जावेद संरक्षक गुलाम रब्बानी के नेतृत्व में ई रिक्शा की समस्या के समाधान हेतु झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य संरक्षक मोहम्मद जावेद संरक्षक गुलाम रब्बानी ने ई-रिक्शा कि समस्याओं से लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखित पत्र में बातों को समझाते हुए कहा कि ई रिक्शा का संचालन करने में बहुत दिक्कतें हो रही है अब ऐसा दौर आ गया है की रोजी-रोटी कमाना तो दूर अब बैंक का लिया हुआ कर्ज भी चुकाना भारी पड़ गया है।

## नगर निगम नहीं दे रहा सफाई पर ध्यान दुर्गंध से लोग हो रहे परेशान : वार्डवासी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची**। वार्ड नंबर 12 के आइशा नगर गली नंबर 20 में नगर निगम की गाड़ी नहीं पहुंचने से आसपास के लोग जहां-तहां कचरा फेंक रहे हैं। जिस कारण से कचरा का अंबार हो गया है। और अब बदबू भी उठने लगी है और म'छर भी पनपना लगा है। जिस कारण से आसपास के लोग ना सिर्फ परेशान हो रहे हैं, बल्कि बीमारी के भय से लोगों में डर है, कि साफ सफाई नहीं होने से महामारी फैल सकती है। गंदगी अधिक रहने से बदबू से लोग परेशान हो रहे हैं । कई बार



नगर निगम को कचरा उठाने के लिए सूचित भी किया गया है , लेकिन कचरा नहीं उठाव होने के कारण से आसपास के लोगों में नगर निगम के प्रति नाराजगी भी है, लोगों ने पुनः एक बार नगर निगम से अपील की है कि वह साफ-सफाई पर ध्यान दें, क्योंकि नगर निगम का चुनाव नहीं होने से निवर्तमान हो गए पार्षद भी 'यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध नगर आयुक्त ने बताया कि जो भी शिकायतें हैं कि उसके लिए नागरिक निगम के कनेक्ट सेंटर 1800 570 12×5 पर संपर्क कर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते है। वहीं निवर्तमान वार्ड पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग को जब आइना नगर की यह जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि यदि साफ-सफाई नहीं हो रहा है तो निगम के सुपरवाइजर को में सूचना दे दूंगा, लेकिन आसपास के लोगों को यह ध्यान देना होगा, कि सुखा और गिला दोनों अलग-अलग कचरा रखना होगा , तभी निगम की गाड़ी उठा कर ले जाएगी। लोगों को भी अपने में सुधार लाने की जरूरत है।

# रांची रेलवे स्टेशन से मानव तस्कर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । रांची मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है उसी क्रम में 24.06.2024 को ॥ञ्च टीम रांची, नन्हे फरिश्ते रांची के साथ निरीक्षक दिगंजय शर्मा की निगरानी में रेलवे स्टेशन रांची पर चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या दो तथा तीन के पास दो नाबालिग लड़कियों को एक पुरुष व्यक्ति के साथ संदिग्ध स्थिति में बैठे देखा। बाद में उस व्यक्ति के साथ स्टेशन पर उनकी उपस्थिति के बारे में पूछताछ की लेकिन वे ठीक से जवाब नहीं दे सके, इसलिए उन सभी को आरपीएफ पोस्ट रांची लाया गया। आरपीएफ निरीक्षक रांची ने महिला स्टाफ की मौजूदगी में उनसे एक-एक करके पूछताछ की तो पता चला कि दोनों लड़कियां और ओरेया उम्र करीब 27 साल पुत्र शिवा स्वांसी निवासी गुटीगाड़ा, खूंटी, झारखंड द्वारा दोनों लड़कियों को पोल्ट्री फॉर्म के मालिक से 15,000 रुपये के बदले हरियाणा रा'य के अंबाला में एक पोल्ट्री फॉर्म में सौंपने के लिए रेलवे स्टेशन रांची लाया गया था। दोनों



बचाए गए नाबालिगों से पूछताछ और उपरोक्त हिरासत में लिए गए व्यक्ति के कबूलनामे से यह बिल्कुल स्पष्ट था कि दोनों नाबालिगों को उक्त पोल्ट्री के मालिक से दलाली शुल्क प्राप्त करके हरियाणा में जबरन श्रम के लिए भेजा जा रहा था सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, उपरोक्त व्यक्ति अनिल मंसिद ओरेया को उपनिरीक्षक सोहन लाल द्वारा गिरफ्तार किया गया और आगे की कार्रवाई के लिए एएचटीयू थाना कोतवाली को सौंप दिया गया। इस संबंध में एएचटीयू पीएस कोतवाली ने उक्त वयक्ति के खिलाफ मामला बीएनएस और 75/81जेजे अधिनियम पंजीकृत करके अनुसन्धान शुरू किया। दोनों लड़कियों को सीडब्ल्यूसी/रांची के मौखिक आदेश के अनुसार उनकी सुरक्षा के लिए प्रेमाश्रय रांची को सौंप दिया गया।

## राजद के झारखंड प्रभारी सहित अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रांची :** राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि मुलाकात के दौरान जयप्रकाश नारायण यादव, अध्यक्ष संजय सिंह यादव एवं प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रा'यहित, जनहित में राजनीतिक-सामाजिक कार्यों सहित अन्य विषयों पर घंटो तक विस्तार पूर्वक चर्चा की।

झारखंड विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखंड विधान सभा का षोडश (विशेष) सत्र दिनांक 08 जुलाई, 2024 (सोमवार) को आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखंड विधान सभा परिसर में बिना वैद्य पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव,
झारखंड विधान सभा, रांची।

ज्ञाप संख्या जनसम्पर्क 03/2024. 1677/वि0स0, रांची, दिनांक 06/07/24

# कर्रा के डुमारी गांव में जमीन विवाद में महिला की हुई हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के डुमारी गांव में शुक्रवार रात्रि को जमीन विवाद में लकड़ी का फाड़ा से मारकर महिला की कर दिया गया. घटना शुक्रवार रात्रि करीब 9.30 से 10 बजे का बताया जा रहा है वही शुक्रवार रात्रि लगभग 10॰30 बजे वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचना मिली कि डुमारी गांव महिला कि हत्या हो गयी है जिसके आलोक में वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार पु.नि. तोरपा अंचल के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही हेतु छापामारी टीम का गठन किया गया. सूचना का सत्यापन कर छापामारी दल डुमारी गांव पहुंचकर मृतिका अमृता देवी के शव को कब्जे में लेकर तथा घटना में प्रयुक्त घटनास्थल से लकड़ी का दो फाड़ा जप्त किया. छापामारी दल द्वारा डुमारी गांव स्थित आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल से अभियुक्त कंदुरु तिग्गा उर्फ कंदरू उरांव उम्र करीब 45 वर्ष पिता स्वर्गीय कान्हु तिग्गा को गिरफ्तार किया गया.

घटना के समय अभियुक्त पहने हुए शर्त पर मृतिका का खून लगा हआ शर्ट बरामद किया गया. तथा गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में शनिवार को खूंटी जेल भेजा गया. वही मृतिका के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया गया. वही हत्या का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है. छापामारी दल में तोरपा इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह थाना प्रभारी कर्रा जितेंद्र कुमार, पुअनि विकास कुमार, पुअनि जुगेश कुमार, पुअनि दीपक कांत कुमार के अलावे कर्रा थाना के रिजर्व गार्ड सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

# छात्र छात्राओं के लिए मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया




**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को बेड़ो प्रखंड के महादानी मैदान स्थित विवाह मंडप क्लब मे मैट्रिक व इंटर मे अव्वल आये छात्र छात्राओं के लिए मेघा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम मे अपने सम्बोधन मे विधायक ने उपस्थित तमाम छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए छात्र छात्राओं से कहा कि यही सही समय है जो आपके भविष्य की दिशा को निर्धारित करेगा। भविष्य मे आप लोग जो भी बने वह आपकी लगन, मेहनत और दिशा निर्धारण पर निर्भर करेगा। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि एक अच्छा नागरिक अवश्य बने, जिससे आपके माता पिता और समाज आप पर गर्व कर सके।। आगे विधायक ने कहा कि आज मांडर कॉलेज को और बेड़ो कॉलेज को मॉडल कॉलेज के उद्देश्य से हमने करोड़ रुपये दिलाने का काम किया है। ताकि क्षेत्र के बच्चो को उच्च शिक्षा के लिए शहर मे जाने की जरूरत न पड़े। विधायक ने प्रखंड के अव्वल छात्र छात्राओं के बीच साईकिल, मोमेंटो, सर्टिफिकेट का वितरण किया। विधायक ने प्रखंड के लगभग 100 से अधिक छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मान दिया।। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला परिषद बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मोडासीर हक, वरिष्ठ कार्यकर्ता मजकुर सिद्दकी, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, समशाद अंसारी, देवनीश तिग्गा, संजय कच्छप, सिल्वेस्टर तिग्गा, मन्कु कुजूर, कबूल अंसारी, इकरार अंसारी, रवि तिर्की, अनमोल लकड़ा, रुस्तम अंसारी, सरोज लकड़ा एवं अन्य उपस्थित रहे।।

## संत माईकल +2 स्कूल, मुरी में जल संरक्षण पर ड्राइंग, पेंटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत माईकल स्कूल मुरी में जल संरक्षण पर ड्राइंग, पेंटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित कि गई। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा बहुत सुंदर- सुंदर ड्राइंग तथा पेंटिग बनाए। बहुत अच्छी तरह से कविता वाचन किए तथा सरल शब्दों में ज्ञानवर्धक निबंध भी लिखें। बच्चे काफी उत्साहित थे। इस प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल निर्देशक श्री राकेश कुमार ने इस मौके पर बच्चों को पानी की बचत कैसे करें इसके बारे में समझाएँ । स्कूल प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने सभी विजेता बच्चों को बधाई दिए तथा जल संरक्षण के सभी तरीके को अपने दैनिक जीवन में अमल करने की सलाह दिए। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने विद्यालय में जल संरक्षण को बढ़ावा देने में विद्धार्थी के साथ-साथ शिक्षकों की भी अहम भुमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पानी की एक - एक बूंद अनमोल है, इसलिए पानी का सदुपयोग करें और व्यर्थ में पानी न बहाए। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ सपना दत्ता, वि. वेनेकेट राव, अभिरूप दत्ता, अजय चिक बराईक, संयुक्ता सिंह देव, रमेश गोराई, सुशील कुमार, श्वेता रेजिस भेंगरा,सोमंशी कुमारी तिवारी,किशोर कुमार , हनी कश्यप, अनुराग कुमार, जयंत महतो एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

## बुढ़मू थाना क्षेत्र से फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तेहार



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिथोरिया थाना कांड संख्या 103 /23 धारा 366ए /376 डी 376(2) (n) भा.द.वी. एवं 4/6/8 POCSO ACT के प्राथमिक कि अभियुक्त सुजीत टोप्पो पिता हरिनाथ भगत ग्राम सोसई थाना बुढ़मू जिला रांची, जो आठ माह से फरार चल रहे थे उसके घर में विधिवत ग्रामीणों के समक्ष इश्तिहार को तमिला किया गया। यह कांड नाबालिक लड़की के साथ बलात्कार करने के आरोप में कुल 05 प्राथमिक अभियुक्त थे जिसमें से 04 अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में भेजा जा चुका है द्य प्राथमिकी अभियुक्त सुजीत टोप्पो घर से फरार चलने की स्थिति में न्यायालय के आदेशअनुसार ढोलनगाड़ा बजवाकर ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार चिपकाया गया। छापामारी दल में शामिल बुढ़मू थाना एसआई संतोष कुमार यादव के उपस्थिति में उनके दल बल साथ में शामिल थे।

## महिलाओं ने कहा, समस्याओं का समाधान नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

**नामकुम :** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 47 मे एक्स आर्मी कॉलोनी जोरार है। यहाँ की स्थिति सुदुर्वर्ति ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर है। लगभग 200 परिवार यहाँ रहते है। हर दिन नये मकान का निर्माण हो रहा है। कम से कम एक हजार लोगों की संख्या है। हर जगह बांस के सहारे बिजली के तार झूलते नजर आ जाएँगे। यहाँ तक की ट्रांसफॉर्मर से घर तक बिजली के तार नीचे जमीन से सट कर गुजर रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की वहाँ के लोगों के लिए इस बारिस के मौसम में कितना खतरनाख साबित हो सकता है। 11 हजार वाला के तार मात्र दस फीट की ऊंचाई से गुजर रहा है। वहां के रहने वाले लोग कई बार विभाग के पदाधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। लोग बताते है की बिजली की ऐसी लचर व्यवस्था है कि ट्रांसफॉर्मर से सेकडों तार यूं ही जाल की तरह लटक रहा है।

# पिपरवार के पुरनाडीह मे अज्ञात अपराधियों ने किया अंधाधुंध फायरिंग

# गोलीबारी मे एक व्यक्ति हुआ घायल, जांच मे जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह कोल परियोजना कार्यालय के समीप शनिवार की सुबह दिनदहाड़े अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैला दिया।अपराधियों के द्वारा गोलीबारी किए जाने के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया।वही घटना के बाद भागने के क्रम मे एक व्यक्ति को गोली लग गई।घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह 8॰30 बजे पुरनाडीह कोयला खदान के समीप कांटा घर के पास रोड सेल से जुड़े कोयला कारोबारी और सीसीएल कर्मी एक जगह बैठे थे।इसी बीच दो मोटरसाइकिल पर पांच की संख्या में नकाबपोश हथियारबंद अपराधी आकर पिस्टल निकाल कर अंधाधुंध हवाई फायरिंग करना शुरू कर दिया।जिससे वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा तफरी का माहौल बन गया।इसी बीच भागने के क्रम में प्राइवेट मुशी कौशल यादव को दो गोली लग गई।गोलीबारी के बाद सभी अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग निकले।घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने घायल मुंशी को सीसीएल के डकरा अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार मुंशी के पीठ में दो गोली फंसी होने की आंशका जताया है। डकार अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।इस घटना के बाद कांटा घर के कर्मचारी और कोयला व्यवसायियों के बीच दहशत का माहौल है।रोड सेल से कोयला उठाव का काम भी बंद कर दिया गया।इधर घटना की सूचना पाकर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार,पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सशस्त्र बल के जवानो के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।साथ ही अपराधियो की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान चला रही है।टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। जिसको लेकर पुलिस के द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

इधर घटना के बाद चतरा एसपी विकाश पाण्डेय भी पिपरवार पहुंचकर मामले की जानकारी ली।उन्होने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस पदाधिकारी और स्थानीय सीसीएल अधिकारी के साथ बैठक कर कई बातो पर चर्चा की,साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जिले के कृषकों को फलदार पौधों की खेती के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सौजन्य से कचहरी मैदान में आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि तोरपा विधायक कोचे मुंडा, उपायुक्त लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में तोरपा विधायक कोचे मुडा ने कहा कि जिला अंतर्गत आम की विभिन्न प्रजातियों का उत्पादन बड़े पैमाने पर हो रहा है। इससे ग्रामीणों की आजीविका में लगातार संवर्धन हो रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर फलदार वृक्ष ना केवल लोगों की आजीविका में संवर्धन में अपितु जलवायु परिवर्तन में भी सहायक साबित हो रहे हैं। उन्होंने आम की उत्पादकता के आलोक में जिले में आम प्रोसेसिंग प्लांट अधिष्ठापित करने की जिला प्रशासन से मांग की। उपायुक्त ने बिरसा ग्राम हरित योजना सरकार की एक महात्वाकांक्षी योजना है। जिले में इस योजना का सफल क्रियान्वयन हुआ है। इसके तहत फलों के उत्पादन से ना केवल लोगों की आजीविका में संवर्धन हो रहा है अपितु कुपोषण के शिकार लोगों के लिए पोषण की परिपूर्ति में भी काफी सहायक साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि खूंटी जिला आम के उत्पादन में अग्रणी श्रेणी में शामिल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाया गया है कि किसानों द्वारा बृहद क्षेत्र में आम, नींबू आदि की खेती की गई है। बिरसा ग्राम हरित योजना के तहत हम लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि उक्त योजना के तहत किसान किसी भी वैराइटी का फलदार वृक्ष लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पौधा रोपण के वर्तमान मौसम में जिले में फलदार पौधों के रोपण पर विशेष प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी, स्कूल एवं पब्लिक प्लेस परिसर में फलदार पौधे लगाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि खूंटी में आयोजित आम उत्सव सह बागवानी मेला भविष्य में लोगों के आजीविका संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उप विकास आयुक्त ने मेला के उद्देश्य की चर्चा करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आम की अच्छी किस्मों का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान में 10,000 एकड़ क्षेत्र में आम सहित अन्य फलदार पेड़ लगाये गये है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वितीय वर्ष में जिला अंतर्गत 38,000 हेक्टर क्षेत्रफल में विविध फलदार पौधा रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयोजित मेले में झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी खूंटी, मुरहू, कर्रा, तोरपा, अड़की, रनिया, नावार्ड, कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रजातियों के आमों की प्रदर्शनी लगाई थी। मियाजाकी, आम्रपाली, मलिका, जरदालू, हिम सागर, तोतापरी, लंगड़ा, स्वर्णरेखा, सिंदूरिया सहित आम की प्रजातियां प्रदर्शनी में लाई गई थी। मुख्य अतिथि सहित पदाधिकारियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर कृषकों से आम का उत्पादन एवं बिक्री संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गई। आम उत्पादकों ने बताया कि बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। कार्यक्रम के दौरान आम के उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले कृषकों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटों देकर प्रोत्साहित किया गया।


## शपथ पत्र

**समक्ष, नोटरी पब्लिक, रांची।**

मैं अफसना नाज, पिता -मो0 हसन नाज, निवासी कलाल टोली, सईद बाबू गार्डन, रांची पो0 - जी0पी0ओ0, थाना - लोअर बाजार, जिला -रांची, झारखंड -834001 के निवासी हूं एवं शपथ पूर्वक निम्न बयान करती हू कि :-

1- यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पते का निवासी हूं।

2- यह की आलिया नाज मेरी पुत्री है, जिसका जन्म तिथि 24 /01/2014 ई0, (उम्र 10) है।

3- यह की मेरी पुत्री का आधार नंबर 2831- 3148 -4674 है। उसमें नाम आलिया फातिमा खान दर्ज है, जो गलत है तथा घरेलू है।

4- यह कि मैं यह शपथ पत्र मेरी पुत्री का आधार कार्ड में नाम आलिया फातिमा खान है, उसे सुधार कर आलिया नाज करने के लिए मेरे द्वारा लिपिबद्ध किया जा रहा है।

5- यह कि उपरोक्त सभी बातें सही एवं सत्य है।

यह शपथ पत्र दिनांक 03-07-2024 ई. को रांची में संपन्न हुआ।



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,**
**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड**
**कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा–835223**

## आम सूचना

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ( कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश संख्या–12 दिनांक–17.05.2024 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन सिमडेगा जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिस के लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक / स्वंय सहायता समूह / कृषक उत्पादक समूह(FPO) / सहकारी समिति / सखी मण्डल जो इस योजना का लाभ लेना चाहते है वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक–12.07.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, सिमडेगा में जमा कर सकते है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0 / इकाई / संख्या में)

| SL | COMPONENT | | PHY |
|---|---|---|---|
| 1 | STRAWBWRRY (INT. PACKAGE WITH DRIP IRRIGATION & MULCHING) | Ha | 5 |
| 2 | STRAWBERRY WITHOUT INTEGRATION | Ha | 1 |
| 3 | BANANA(TC) (INT. PACKAGE WITH DRIP IRRIGATION) | Ha | 5 |
| 4 | BANANA (TC) WITHOUT INTEGRATION | Ha | 1 |
| 5 | PAPAYA (INT. PACKAGE WITH DRIP IRRGATION) | Ha | 5 |
| 6 | PAPAYA WITHOUT INTEGRATION | Ha | 1 |
| 7 | MANGO (10X10M)(Rs.25500/HA) | Ha | 30 |
| 8 | LIME (4X4.5)(Rs. 54980/HA) | Ha | 8 |
| 9 | SAPOTA (Rs. 45400/HA) | Ha | 5 |
| 10 | GUAVA (6MX6M) (Rs.38340/HA) | Ha | 10 |
| 11 | POMEGRANATE (5.0MX5.0M) | Ha | 5 |
| 12 | AONLA (Rs. 40008/HA) | Ha | 2 |
| 13 | BAEL (Rs.28000/HA) | Ha | 2 |
| 14 | LITCHI(Rs.28000/HA) | Ha | 2 |
| 15 | JACK FRUIT (10X10M) (Rs. 25500/HA) | Ha | 1 |
| 16 | VEGETABLE HYBRID(RS. 50000/HA) | Ha | 60 |
| 17 | CUT FLOWERS-SMALL & MARGINAL FARMERS(Rs. 1 -00 LAKH/HA) | Ha | 15 |
| 18 | BULLBULOUS FLOWERS-SMALL & MARGINAL FARMERS (Rs. 1.50 LAKH/HA) | Ha | 15 |
| 19 | LOOSE FLOWERS - SMALL & MARGINAL FARMERS (Rs. 40000 LAKH/HA) | Ha | 15 |
| 20 | SPICES (SEED SPICE AND RHIZOMATIC SPICES (Rs. 30000/HA) | Ha | 25 |
| 21 | REJUVENATION / REPLACEMENT OF SENILE PLANTATION INCULUDING CANOPY MANAGEMENT (Rs. 40000/HA) | Ha | 1 |
| 22 | CREATION OF WATER RESOURCES -COMMUNITY TANKS/ON FARM PONDS/ON FARM WATER RESERVOIRS WITH USE OF PLASTIC/RCC LINING | Nos | 0.516 |
| 23 | CREATION OF WATER RESOURCES -WATER HARVETING SYSTEM FOR INDIVIDUALS - FOR STORAGE OF WATER | Nos | 5 |
| 24 | GREEN HOUSE N.V.S -TUBULAR STRUCTURE | Sqm | 1000 |
| 25 | SHADENET (TUBULAR STRUCTURE) | Sqm | 5000 |
| 26 | PLASTIC MULCHING | Ha | 100 |
| 27 | ANTI BIRD /ANTI HAIL NETS | Sqm | 15000 |
| 28 | COST OF PLANTING MATERIAL OF HIGH VALUE VEGETABLES GROWN IN POLY HOUSE / SHADENET HOUSE | Sqm | 1000 |
| 29 | COST OF PLANTING MATERIAL OF CARNATION & GERBERA UNDEER POLY IN POLY HOUSE / SHADENET HOUSE | Sqm | 1000 |
| 30 | COST OF PLANTING MATERIAL OF ROSE AND ILILUM UNDER POLY HOUSE / SHADENET HOUSE | Sqm | 1000 |
| 31 | ORGANIC FARMING VERMI COMPOST UNITS/ORGANIC INPUT PRODUCTION HDPE VERMIBED | Nos | 30 |
| 32 | PACK HOUSE / ON FARM COLLECTION & STORAGE UNIT | Nos | 15 |
| 33 | PHM-EVEPORATED /LOW ENERGY COOL CHAMBER (8 MT) | Nos | 2 |
| 34 | PHM-LOW COST ONION STORAGE STRUCTURE (25 MT) | Nos | 5 |
| 35 | TRAINING OF FARMERS-WITHIN THE STATE | Nos | 350 |
| 36 | TRAINING OF FARMERS-OUTSIDE THE STATE | Nos | 50 |
| 37 | EXPOSURE VISIT OF FARMERS-OUTSIDE THE STATE | Nos | 50 |
| 38 | MARKETING INFRASTRUCTURE STATIC MOBILE VENDING CART/PLATFORM WITH COOL CHAMBER | Nos | 2 |

नोटः–

1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षो में जिन लाभूको या उनके परिवार का चयन नही किया गया है केवल उन्ही का चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नही किया गया है उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. अनुसूचितजाति / अनुसूचित जनजाति / अल्पसंख्यक / महिला / दिव्यांग / लघु एवं सीमान्त कृषक / टाना भगत कृषक उत्पादक समूह(FPOs) को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर एम0आई0डी0एच0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक–12.07.2024 तक जमा किया जाना है, उसके पश्चात आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि / पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में आवेदन पत्र निशुल्क उपलब्ध है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के सदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक / सहायक तकनीकी प्रबंधक / जनसेवक / उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

–ह0–
जिला उद्यान पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 328814 (Agriculture) 24-25 (D)



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।**
**(जिला निर्वाचन शाखा )**

## मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024

## आम–सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23 / 2024–ERS (Vol. II) दिनांक 20.06.2024 के द्वारा दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (2nd SSR, 2024) निर्धारित किया गया है। उक्त कार्यक्रम के तहत् पुनरीक्षण संबंधी कार्यों का संचालन जिला के अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में कराया जा रहा है, जो दिनांक 20.08.2024 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तक संचालित रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि के आधार पर प्रारम्भ किया जा रहा द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 02 चरणों में सम्पादित होगा।

(01) **Pre-Revision Activities- From 25.06.2024 to 24.07.2024**
(02) **Revision Activities- From 25.07.2024 to 20.08.2024**

भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से प्राप्त कार्यक्रम की विवरणी निम्नवत् है:–

| S.No. | Activity | Period |
|---|---|---|
| | **Pre-revision Activities** | |
| 1- | (i.) H2H verification through BLOs<br>(ii.) Rationalization/Re-arrangement of Polling Stations.<br>(iii.) Removal of discrepancies in the Electoral roll/EPIC.<br>(iv.) Improvement of image quality ensuring good quality photographs, by replacing blurred, poor quality and not to specification and non-human images in the roll, wherever necessary.<br>(v.) Recasting of Section/Parts and Finalization of proposed restructuring of section/part boundary's location of polling stations and getting approval of list of polling stations.<br>(vi.) Updation of Control table.<br>(vii.) Preparation of Format 1 to 8.<br>(viii.)Preparation of integrated draft roll with reference to 01.07.2024 as the qualifying date | 25.06.2024 (Tuesday) to 24.07.2024 (Wednesday) |
| | **Revision Activities** | |
| 2- | Publication of Integrated draft electoral roll. | On 25.07.2024 (Thursday) |
| 3- | Period for filing claims & objections | 25.07.2024 (Thursday) to 09.08.2024 (Friday) |
| 4- | i.) Disposal of claims and objections<br>(ii.) Checking of health parameters and obtaining Commission's permission for final publication<br>(iii.) Updating database and printing of supplements | By 19.08.2024 (Monday) |
| 5- | Final publication of electoral roll | On 20.08.2024 (Tuesday) |
| 6- | विशेष अभियान दिवस (Special Campaign Dates) | 27.07.2024 (Saturday)<br>28.07.2024 (Sunday)<br>03.08.2024 (Saturday)<br>04.08.2024 (Sunday) |

सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि–

- ✔ दिनांक 01.07.2024 एवं 01.10.2024 को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची के नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र–6 में रंगीन फोटो एवं आयु तथा निवास प्रमाण–पत्र के साथ आवेदन कर सकते है।
- ✔ मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रवासी भारतीय प्रपत्र 6 (क) में आवेदन समर्पित कर सकते है।
- ✔ मतदाता सूची में नाम विलोपन करने हेतु प्रपत्र 7 में आवेदन जमा किये जायेंगे।
- ✔ मतदाता सूची में प्रविश्टियों को सुधार EPIC का प्रतिस्थापन, दिव्यांगगण चिह्नांकित करने, विधानसभा क्षेत्र के अन्दर अथवा बाहर निवास स्थानान्तरण हेतु प्रपत्र 8 में आवेदन कर सकते है।
- ✔ दावा / आपत्ति संबंधी प्रपत्र 6, 6 (क), 7 एवं 8 को जमा करने की अवधि दिनांक 25.07.2024 से 09.08.2024 तक निर्धारित है, जिसके दौरान उक्त आवेदन उरू के पास / विधानसभा के संबंधित क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय / निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा किये जा सकते है। उक्त सभी प्रपत्र सभी स्थलो पर निःशुल्क उपलब्ध है।
- ✔ दिनांक 27.07.2024, 28.07.2024, 03.08.2024 एवं 04.08.2024 को आयोजित विशेश अभियान दिवस में बी0एल0ओ0 मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर प्रपत्र प्राप्ति की कारवाई करेगें।
- ✔ दिनांक 29.07.2024 से 02.08.2024 के मध्य समावेशी सप्ताह (Inclusive Week) का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निम्नांकित कारवाई की जायेगी।

| | |
|---|---|
| दिनांक 29.07.2024(सोमवार) | Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs) एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह के निबंधन हेतु विशेष अभियान |
| दिनांक 30.07.2024(मंगलवार) | जिलान्तर्गत सभी रैन बसरों / आश्रय गृहों में आवासित पात्र नागरिकों का निबंधन हेतु विशेष अभियान का संचालन |
| दिनांक 31.07.2024(बुधवार) | सभी पात्र दिव्यांगजनों का निबंधन एवं मतदाता सूची में मार्किंग हेतु विशेष अभियान का संचालन। |
| दिनांक 01.08.2024(गुरूवार) | सभी 85+ आयुवर्ग के व्यक्तियों को शत–प्रतिशत सत्यापन करते हुए निबंधन हेतु विशेष अभियान का संचालन। |
| दिनांक 02.08.2024(शुक्रवार) | सभी पात्र Third Gender/Sex Workers का निबंधन हेतु विशेष अभियान का संचालन। |

- ✔ सभी प्रपत्रों का Online आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के Voter Helpline App (VHA) & http://voters.eci.gov.in/ के माध्यम से किया जा सकता है।
- ✔ सभी प्रपत्र आयोग क बेवसाईट www.eci.gov.in एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड, रॉंची के Website-ceo.jharkhand.gov.in पर भी उपलब्ध है।
- ✔ पूर्वः पुनरीक्षण एवं पुनरीक्षण अवधि के संबंध में जानकारी प्राप्त करने अथवा मतदाता सूची में नाम निबंधित / संशोधित / विलोपित करने संबंधी किसी प्रकार की सहायता हेतु Toll Free- 1950 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR 328854 (Election) 24-25 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## डॉ श्यामा मुखर्जी की जयंती पर भाजपा सोनारी ने माँ के नाम-एक वृक्ष लगाकर दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सोनारी मंडल में आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गयी। मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में मंडल के विभिन्न शक्तिकेंद्रों में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। साथ ही मंडल के शक्ति केंद्र में माँ के नाम-एक वृक्षारोपण कर मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह, अधिवक्ता एवं संघ के डाक्टर भास्कर जोशी, नारायण प्रसाद, सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, अभिषेक दै,सुजीत आदित्य, सुबोध कर्मकार, शुशील हेंब्रम, दिपक नाग, सरीता लाल, बिराज दै, डाक्टर दिपक घोष, उज्वल सिंह,मनोज मिश्रा,अमर दास, काजल मुखर्जी,विजय कुमार,मास्टर जी, तापस नंदी, विनोद सिंह,रमेश प्रसाद, नीरज प्रसाद उपस्थित थे।

## मजदूरों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम करने वाले यूसील अधिकारी कल्याण नाथ का निधन



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूसील मजदूरों के बीच कंधा से कंधा मिलाकर काम करने वाले यूसील अधिकारी सह जादूगोड़ा के खान प्रबंधन कल्याण नाथ का आज अहले सुबह निधन हो गया। इधर देर संध्या जादूगोड़ा मुक्ति धाम में शव का अंतिम संस्कार किया गया, जहा उनके छोटे पुत्र ने मुखाग्नि दी। उनके निधन से मजदूरों व अधिकारियों में शोक की लहर दौड़ गई। वे बीते कई सालो से कैंसर से पीड़ित थे। उन्होंने इलाज को लेकर सीएमसीएच वैल्लूर भी गए लेकिन कोई खास फायदा नही हुआ। कुछ दिनों से जमशेदपुर मेहरबाई अस्पताल में इलाज करा रहे थे। उनके अंतिम संस्कार में यूसील के तकनीकी निर्देशक मनोज कुमार, नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट के यूनिट हेड मनोरंजन महाली, इमरान अहमद, बाबू लाल डे,जयदीप सेन, उमेश चंद्र, भोगला मार्डी, समेत काफी संख्या में वरीयअधिकारी व कम्पनी कर्मी शामिल हुए।

## मुहर्रम व रथ यात्रा को लेकर पटमदा थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुहर्रम और भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शनिवार को पटमदा थाना परिसर में बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए रथ यात्रा व मुहर्रम त्योहार को हर साल की भांति इस साल भी सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। बैठक में पटमदा डीएसपी वचन देव कुजूर, इंस्पेक्टर कौशेलेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी करम पाल भगत, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व खगेन चंद्र महतो, मुखिया कृष्णपद सिंह, गंगाधर सिंह, परमेश्वर सिंह व कानूराम बेसरा, रामकृष्ण महतो, पंचानन दास, शेख युनूस, खादिम अंसारी, मोहम्मद महमूद, अजित महतो, श्यामपद सिंह, बिंदु वाला महतो समेत कई लोग शामिल हुए।

## युवा समाजसेवी विश्वजीत मोहंती ने 34 की उम्र में किया 34 वीं बार रक्तदान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बर्मामाइंस निवासी युवा समाजसेवी एवं सोशल मीडिया एनफ्लूंसर विश्वजीत मोहंती ने शनिवार को बर्मामाइंस के टीआरएफ कंपनी के समीप शिव मंदिर देवस्थान में आयोजित रक्तदान शिविर में 34 वर्ष की उम्र में 34वीं बार रक्तदान करते हुए मिशाल कायम किया है। उन्होंने बताया कि समाजसेवी भोला सिंह के भाई स्वर्गीय अमित कुमार सिंह की दूसरी पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित शिविर में रक्तदान किया गया। इससे वह काफी खुश हैं और अन्य युवाओं को भी सोशल मीडिया के माध्यम से रक्तदान हेतु प्रेरित करते हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड जॉर्डन मरे की जेएफसी में वापसी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 28 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड जॉर्डन मरे की जमशेदपुर एफसी में एक साल के अनुबंध पर वापसी हुई है। इंडियन सुपर लीग 2024-25 सीजन से पहले हेड कोच खालिद जमील की अगुवाई वाली टीम को और मजबूत करने के इरादे से मरे की वापसी हुई. मरे आखिरी बार आईएसएल 2023-24 में चेन्नईयिन के साथ थे, जहाँ उन्होंने आईएसएल प्लेऑफ तक पहुँचने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था. 28 वर्षीय ने जमशेदपुर एफसी के विजयी 2021-22 शील्ड जीतने वाले अभियान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. वह 3 सीजन में 18 गोल और 5 असिस्ट कर चुके हैं. मरे की वापसी मेन ऑफ स्टील के आक्रमण को और मजबूत कर देगी. मरे ने कहा, मैं जमशेदपुर एफसी में वापस आकर बहुत खुश हूं! कोच खालिद जमील के नेतृत्व में, मैं अपना सब कुछ देने और क्लब, अपने साथियों और फैंस के प्रति अपना समर्पण साबित करने के लिए तैयार हूं. हेड कोच खालिद जमील ने कहा, जॉर्डन मरे एक अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिनका भारतीय फुटबॉल में अनुभव अमूल्य है और विभिन्न स्ट्राइकिंग भूमिकाओं को अपनाने की उनकी क्षमता एक बहुत बड़ी संपत्ति है. मरे आगामी सीज़न में जर्सी नंबर 17 पहनकर शामिल होंगे और जुलाई में शुरू होने वाले प्री-सीजन ट्रेनिंग के लिए अपने साथियों के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित और तैयार हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन इस्तीफा देने के बाद पहली बार अपने विस क्षेत्र पहुंचे, बोले

# 5 महीने में राज्य को तेजी से आगे बढ़ाया कई योजनाओं की स्वीकृति दिलाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**राजनगर :** सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र के राजनगर प्रखंड पहुंचे। राजनगर में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि मैंने राज्य को विकास के पथ पर ले जाने का काम किया है। पांच महीने में शिक्षक बहाली, पुलिस विभाग की बहाली, जनजातीय भाषा पर आधारित शिक्षकों की बहाली, स्वास्थ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य बीमा योजना जैसे कई महत्वपूर्ण व कल्याणकारी योजनाओं की स्वीकृति देने का काम किया। अपने गृह जिला सरायकेला में लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की मांग को देखते हुए दो नए डिग्री कॉलेज स्थापना की घोषणा की।पद में रहने का मलाल तो नही है, लेकिन शिक्षक नियुक्ति समेत कई विभागों में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों पर बहाली प्रक्रिया निकालकर युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटने की तमन्ना थी लेकिन अपने कार्यों से संतुष्ट हूं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि पद की लालसा कभी नहीं रही है। आम जनता के बीच रहकर जनता के काम को करना है। महागठबंधन सरकार का जो भी निर्णय हुआ वह उनके लिए मान्य है। साथ ही क्षेत्र वासियों को रथयात्रा की दी शुभकामनाएं।

## केपीएस गम्हरिया में एएसआईएससी ज़ोनल क्विज़ संपन्न, सीनियर में लोयोला स्कूल बना विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** केरला पब्लिक स्कूल, गम्हरिया के तत्वावधान में दो दिवसीय एएसआईएससी ज़ोनल क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 24 विद्यालयों के सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि जेवियर स्कूल के प्राचार्य फादर ई. ए. फ्रांसिस एस जे और केरला पब्लिक स्कूल गम्हरिया की शैक्षणिक निदेशिका लक्ष्मी शरद चंद्रन, प्रधानाध्यापिका रश्मि सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का संचालन विनोद मेनन द्वारा किया गया।सीनियर वर्ग के प्रतियोगिता में लोयोला स्कूल जमशेदपुर विजेता, आरवीएस एकेडमी उप विजेता और सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल तीसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में डीवीएमएस की टीम विजेता और केपीएस कदमा की टीम उपविजेता रही जबकि तृतीय स्थान पर केएसएमएस जमशेदपुर की टीम रही। इसी प्रकार, सब जूनियर वर्ग में केरला पब्लिक स्कूल गम्हरिया विजेता व लोयोला स्कूल उपविजेता बनी जबकि हिल टॉप स्कूल तृतीय स्थान पर रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के सेवानिवृत्त अधिकारी शांतनु चक्रवर्ती उपस्थित थे। उनके द्वारा सभी विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। स्वागत भाषण प्रधानाध्यापिका रश्मि सिन्हा ने दिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन उप प्रधानाध्यापिका रश्मि ठाकुर द्वारा दिया गया।

## प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आजसू का भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम चला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार आजसू पार्टी की कुचाई प्रखंड मुख्यालय के समक्ष शनिवार को हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आजसू नेता रूप सिंह मुंडा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में झारखंड में चारों ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है। पंचायत से लेकर प्रखंड व जिला मुख्यालय तक पैसा बोलता है। जो रिश्वत देते हैं उनका काम होता है। आबुआ आवास योजना में पांच से बीस हजार रुपए तक वसूली हो रही है। वहीं राज्यपाल के नाम 11 सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा गया। हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू नेता रूप सिंह मुंडा, शिवकुमार शाह, लक्ष्मी तांती, कार्तिक गोप, गणेश, केसरी राय, समाड, नूरी सरदार, मनोज, मानकी, ब्रह्मा, ललिता, शकुंतला, प्रियंका, सुष्मिता आदि आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीएम हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई के श्राद्धकर्म में शामिल हुई विधायक सविता महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के चाकूलिया में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई दिवंगत अनूप टुडू की बीते 25 मई को अकस्मिक निधन हो गया था शुक्रवार को श्राद्ध कर्म में काफी संख्या में लोग व नेता दल के लोग भी पहुंचे। वही काफ़ी व्यस्तता होने के करण ईचागढ़ विधायक सविता महतो शनिवार को दिवंगत अनूप टुडू के आवास पहुंच कर उनके परिवार के साथ काफ़ी समय वार्तालाप कर ढाढ़स बाँधा। स्व अनूप टुडू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन की पीसी माँ से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश लायेक, आप्त सचिव कबलू महतो आदि शामिल थे।

## दलमा के नए डीसीएफ सबा आलम अंसारी ने किया पदभार ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नये डीसीएफ के रूप मे सबा आलम अंसारी ने पदभार ग्रहण किया, उन्होंने निवर्त्तमान डीसीएफ डॉ अभिषेक कुमार से पदभार ग्रहण किया। दलमा के माकुलाकोचा वन संग्रालय में दलमा के दोनों रेंज के आरएफओ अपर्णा चंद्रा एवं दिनेश चंद्रा के साथ तमाम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बुके व शाल उढ़ाकर कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के पूर्व में नये डीसीएफ ने दलाम म्यूजियम का समीक्षा की और कई जानकरी हासिल की। अंसारी ने बताया कि साल 2015 में वे जमशेदपुर डीसीएफ के रूप में तीन साल तक अपनी सेवा दे चुके है। अब दोबारा से उन्हें यह भार सौंपा गया है। इसके अलावा दलमा क्षेत्र के ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। मौके पर वनरक्षी हरी प्रशाद अग्रवाल, सिमोन टुडू, सुराई, मनोहर कुमार, आदि मौजूद थे।

## केरल कैथोलिक एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया सेंट थॉमस दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** आज केरल कैथोलिक एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा सेंट जोसेफ चर्च, गोलमुरी में सेंट थॉमस दिवस मनाया गया। इस उत्सव की शुरुआत सेंट जोसेफ गोलमुरी में पवित्र मास के साथ हुई, जिसमें फादर जॉन ओट्टाप्लाकल, फादर एल्विन, फादर जॉनी विद्याथिल, फादर के.एम. जोसेफ, फादर सेबेस्टियन पुथेनपुरा, फादर मार्टिन, फादर पी.डी. जॉनी, फादर रियो और फादर अक्षय ने मुख्य समारोहकर्ता के रूप में उत्सव का नेतृत्व किया।इससे पूर्व ए.एल. अब्राहम (अध्यक्ष) द्वारा प्रार्थना और स्वागत भाषण के साथ हुई। बच्चों ने नृत्य किया और गीत गाए, प्रश्नोत्तरी की, महिलाओं द्वारा केरल विवाह नृत्य का मंचन किया गया। अंत में श्रीमती प्रीति जीजू (सचिव) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। हर साल केरल कैथोलिक एसोसिएशन कुछ न कुछ परियोजनाएँ शुरू करता है, चाहे वह गरीबों और ज़रूरतमंदों की मदद करना हो या दान अभियान। मौके पर उपस्थित लोगों ने समिति सदस्यों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि केरल कैथोलिक एसोसिएशन का गठन 1960 में हुआ था। वर्तमान में 130 से अधिक परिवार इस एसोसिएशन के सदस्य हैं।

## डिजिटल पंचायत परियोजना से जुड़े सीएससी संचालकों को मिला प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** जिला सरायकेला खरसावां के टाउन हाल सरायकेला सभागार में डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत कार्यरत सीएससी संचालकों के ऑनलाइन उन्मुखीकरण हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार के द्वारा किया गया । पंचायत स्तर पर आम जनों को सभी प्रकार की सरकारी सेवा प्रदान कराने एवं उनका निष्पादन पंचायत स्तर पर ही करने हेतु डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत प्रशिक्षण का विशेष आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिजिटल पंचायत परियोजना से जुड़े सीएससी संचालकों को सीएसी द्वारा नामित मास्टर ट्रेनर हर्ष कुमार, डीपीएम पंचायती तनुश्री पांडा, जिला प्रभारी प्रमोद कुमार वर्मा,जिला प्रबंधक कामेश्वर प्रामाणिक और ओम शरण प्रसाद एवं ब्लॉक समन्वयक पंचायती गणेश महतो,भूपेन्द्र महतो,मनोरंजन मांझी,पंकज कुम्भकार, राशि तोपनो, अखिलेश पांडे,विजय सरदार मनोज तिऊ, द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मौके पर सभी पंचायत शिफ्टेड प्रज्ञा केंद्र संचालक एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे। अंत में जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## टाटा स्टील के अर्बन सर्विसेज ने दी राधेश्याम अग्रवाल को श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील अर्बन सर्विसेज के तत्वावधान में 5 जुलाई को विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में उदितवाणी के दिवंगत संपादक राधेश्याम अग्रवाल की एक श्रद्धांजलि गोष्ठी आयोजित की गयी, जिसमें नगर के गणमान्य हस्तियों ने भागीदारी की। इसका संयोजन और संचालन टाटा स्टील स्पोर्ट्स के मैनेजर डॉ हसन इमाम मलिक ने किया। सबसे पहले अग्रवाल जी की प्रतिमा पर सभी अतिथियों ने पुष्पांजलि की। हसन इमाम ने सभी आगंतुकों का परिचय प्रस्तुत किया और अग्रवाल साहब को एक अजीम शख्सियत बताया। गोष्ठी की अध्यक्षता कथाकार जयनंदन ने की। संजय मिश्र, संपादक, प्रभात खबर मुख्य अतिथि थे।सभा में डॉ एस एस रजी, वाईस चांसलर, अरका जैन वि.वि., डॉ अमर सिंह, प्राचार्य, कोऑपरेटिव कॉलेज, डॉ कैप्टन विजय पियूष, प्राचार्य, अब्दुल बारी कॉलेज, ग्रैजुएट कॉलेज की प्राचार्या डॉ वीणा प्रियदर्शिनी, डॉ एस पी महालिक, प्राचार्य, वर्कर्स कॉलेज, डॉ ए के झा, प्राचार्य, एलबीएसएम कॉलेज, कम्युनिकेशन विभाग की अध्यक्ष डॉ नेहा तिवारी ने अपने अपने विचार रखें। मुख्य वक्ता संजय मिश्र ने कहा वे अत्यंत ईमानदार और निष्ठावान व्यक्ति थे। उनके संपादन में कई बड़े पत्रकारों ने काम किया। प्रतिभा को परखने की उनमें एक अद्भुत कौशल था।गोष्ठी में डॉ शुक्ला महंथी (एकेडमिक सलाहकार राज्यपाल ओडीशा) तथा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर डॉ फिरोज अहमद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अपनी राय प्रकट की। आगुंतकों में गौहर अजीज, आर के चौधरी, डॉ जकी अख्तर, रिजवान औरंगाबादी, अनवर अदीब, डा उधम सिंह, साजिद परवेज आदि ने भी अपने उद्गार प्रकट किये।

## 1500 करोड़ चिटफंड घोटाला का मुख्य आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा में 1500 करोड़ चिटफंड घोटाला का मुख्य आरोपी कमल सिंह के जादूगोड़ा थाना अंतर्गत धर्मडीह स्थित उसके आवास पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। जमशेदपुर के एडिशनल चीफ मजिस्ट्रेट सौदामनी ने आरोपी कमल सिंह को अदालत में हाजिर करने को लेकर जमशेदपुर के सीनियर एसपी को बीते दिनों नोटिस भेज आरोपी कमल सिंह को गिरफ्तार कर अदालत में हाजिर करने को लेकर नोटिस भेजी थी। इसके पूर्व चिटफंड घोटाला का मुख्य सरगना कमल सिंह को बीते 11 जुलाई 2018 और 7 जून 2022 को भी कोर्ट में हाजिर होने को लेकर नोटिस भेजी जा चुकी है। अदालत से जमानत मिलने के बाद से आरोपी कमल सिंह फरार चल रहा है। उसके खिलाफ शिकायतवाद संख्या 3326/ 2014 के तहत कोर्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई थी व एक दर्जन से अधिक पीड़ित परिवारो ने उसके खिलाफ जादूगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। चिटफंड घोटाला का मुख्य सरगना कमल सिंह 2014 से ही फरारी काट रहा है।

# मोबश्शीर की जमशेदपुर एफसी में वापसी, बोले अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** 26 वर्षीय मिड फील्डर मोबश्शीर रहमान अपने घरेलू क्लब जमशेदपुर में लौट आये हैं. प्रदर्शन के आधार पर एक सीजन के लिए उनका अनुबंध बढ़ाया गया है.मोबश्शीर 2021-22 में जमशेदपुर एफसी के आइएसएल शील्ड विजय अभियान में अहम भूमिका में थे. उन्होंने इससे पहले मैन ऑफ स्टील के लिए दो गोल और चार असिस्ट किये थे. उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जमशेदपुर एफसी में फिर से शामिल होना सम्मान और सौभाग्य की बात है. मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा. उन्होंने कोच खालिद जमील का उन पर भरोसा जताने के लिए आभार जताया. मोबश्शीर रहमान की फुटबॉल यात्रा अपने पिता मोहम्मद शफीक के नक्शे कदम पर शुरू हुई, जिन्होंने पहले बिहार का प्रतिनिधित्व किया था. वे 2012 में चंडीगढ़ फुटबॉल अकादमी में शामिल हुए. बाद में 2014 में प्रतिष्ठित टाटा फुटबॉल अकादमी में चुने गये, जहां उन्होंने प्रतिष्ठित आइएफए शील्ड जीती.जेएफसी युवा टीमों का हिस्सा बनने के बाद मोबश्शीर जमशेदपुर एफसी रिजर्व टीम में शामिल हुए. वर्ष 2018 में मैन ऑफ स्टील के लिए आइएसएल में पदार्पण किया. वर्ष 2022 में उन्होंने ईस्ट बंगाल एफसी में कदम रखा. उसके बाद 2024 में चेन्नइयन एफसी में कुछ समय के लिए लोन पर रहे. हेड कोच खालिद जमील ने कहा कि वे मोबश्शीर रहमान का स्वागत करते हैं. मैंने उसे एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होते हुए देखा है. उसके पास अब आइएसएल का अनुभव है, इसलिए उससे बहुत उम्मीदें हैं. मोबशीर जर्सी नंबर 15 को फिर से हासिल करेंगे और जुलाई में प्री-सीजन के लिए अपने साथियों के साथ जुड़ेंगे।

### विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न, जिलाध्यक्ष बोले

# इंडिया गठबंधन जीतेगी जिले की सभी सीटें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में अग्रणी संगठन विभाग एवं मोर्चा के चेयरमैन, अध्यक्षों, जिला स्तरीय समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2024 का संपूर्ण तैयारी अपने-अपने विभाग स्तर पर सक्रियता के साथ कर लें, बूथ स्तर पर कमिटी और कार्य करने के लिए सभी अग्रणी संगठन विभाग एवं मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को सुनिश्चित करें और उसकी सूची अविलंब बनाकर जिला कांग्रेस कार्यालय को समर्पित करें। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के सहयोगी पार्टनर के साथ मिलकर बेहतर कार्य करेगी और 2019 के तरह इस बार भी भाजपा का सफाया करेगी। जिला के अपने पांचो सिटिंग सीटों के साथ इस बार जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज करेगी। बैठक का संचालन एवं प्रबंधन कार्य संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र तिवारी ने सम्पादित किया।बैठक में सेवा दल महिला कांग्रेस संगठक रीता शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी कुमारी, समन्वयक सीताराम चौधरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीरज सिंह, समन्वयक अवधेश सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह, इंटक जिला अध्यक्ष राजेश सिंह राजू, अल्पसंख्यक विभाग समन्वयक सफी अहमद खान, आदिवासी कांग्रेस समन्वयक सुबोध सिंह सरदार, ओबीसी विभाग जिला अध्यक्ष दिनेश राज, समन्वयक रामदास चौधरी, अनुसूचित जाति विभाग सावन मुखी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन सुनील गुप्ता, जिला संयोजक पवन कुमार बबलू , आरटीआई विभाग जिला चेयरमैन कमलेश कुमार, विधि विभाग समन्वयक बुद्धदेव गिरी, किसान विभाग समन्वयक अरुण कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग कोऑर्डिनेटर अमरनाथ सिंह, सेवादल कांग्रेस के जुगसलाई विधानसभा प्रभारी रंजीत राम, जमशेदपुर पश्चिम सेवादल कांग्रेस के प्रभारी सोनू सिंह, बहरागोड़ा प्रखंड सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष आनंद सेनापति मुख्य रूप से शामिल हुए।

संपादकीय

# लाखों मौतों की जवाबदेही

**यूनिसेफ** और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। दुखद बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित व परेशान करने वाले हैं। वहीं नीति-नियंताओं को शर्मसार करने वाले भी हैं कि इस दिशा में अब तक गंभीर प्रयास क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पर्यावरण प्रदूषण संकट से अकेला भारत ही जूझ रहा है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही को ही दर्शाता है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। दरअसल, अनियोजित कॉलोनियों व बहुमंजिली इमारतों के निर्माण से हवा का वह स्वाभाविक प्रवाह बाधित हुआ है जो वायु प्रदूषण रोकने में मददगार होता था। दीवाली के आसपास पराली जलाने का ठीकरा किसानों के सिरों पर फोड़कर प्रदूषण नियंत्रण की जवाबदेही से मुक्त होने का जो उपक्रम होता है, वह जगजाहिर है। यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से वर्ष 2021 में जिन 21 लाख लोगों की मौत होने का जिक्र है, दुर्भाग्य से उनमें 1,69,400 बच्चे हैं। जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका शारीरिक विकास भी सही से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। हर साल शीत ऋतु की दस्तक होने पर वायु प्रदूषण का जो बड़ा संकट राष्ट्रीय राजधानी में पैदा होता है, उसे शासन फौरी उपायों से दूर करने का प्रयास करता है। वाहनों की गुणवत्ता के मानकों पर प्रवेश, ऑड-ईवन की तर्ज पर वाहनों का चलाना, फैक्ट्रियों में उत्पादन पर रोक, निर्माण कार्य पर रोक जैसे फौरी उपायों का सहारा लिया जाता है। फिर साल भर के लिये तंत्र हाथ पे हाथ धरे बैठा रहता है।

> 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। दुखद बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित व परेशान करने वाले हैं। वहीं नीति-नियंताओं को शर्मसार करने वाले भी हैं कि इस दिशा में अब तक गंभीर प्रयास क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पर्यावरण प्रदूषण संकट से अकेला भारत ही जूझ रहा है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही को ही दर्शाता है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं।

### वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है

# वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?

ललित गर्ग

> भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है।



**कहते** हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है। यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ति होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं। चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है।

दृष्टि कोण

# 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं



**पिछले** दो वर्षों के दौरान प्रौद्योगिकी की कहानी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और इससे उत्पन्न उत्साह एवं व्यवधान का बोलबाला रहा है। हालांकि वर्ष 2023 के उत्तरार्ध में कॉपीराइट, पूर्वाग्रह, निजता और डीपफेक जैसे नैतिक मुद्दों के सामने आने से इस कहानी में थोड़ी कड़वाहट घुलने लगी। दुनिया के अधिकांश लोकतंत्रों में या तो चुनाव हो चुके हैं या होने वाले हैं, इसलिए 2024 में एआई की पहली प्रमुख नैतिक परीक्षा होगी कि वह लोकतंत्र की मदद करेगा या उसे नष्ट कर देगा। भारत में तो चुनाव हो चुके हैं, लेकिन अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, इंडोनेशिया और अन्य प्रमुख लोकतंत्रों में इस साल महत्वपूर्ण चुनाव होने वाले हैं। हालांकि डीपफेक जेनरेटिव एआई से पहले से ही अस्तित्व में है, लेकिन सोरा और स्टेबल डिफ्यूजन जैसे उत्पादों ने उसके उत्पादन को लोकतांत्रिक बना दिया है, जिससे अब बड़े पैमाने पर इसे बनाना आसान, तेज और सस्ता हो गया है। सोशल मीडिया पर भी हम सब शीर्ष पर हैं, जहां व्हाट्सएप, टिकटॉक और इसी तरह के अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वैश्विक स्तर पर आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश और स्लोवाकिया में चुनाव हुए, जिसमें डीपफेक भी एक पक्ष बन गया। बांग्लादेश के एक विपक्षी नेता को फलस्तीन के समर्थन के मुद्दे पर दुविधा की स्थिति में दिखाया गया, इस तरह का रुख अपनाना उस देश में विनाशकारी है। स्लोवाकिया के चुनाव में भी एक प्रमुख दावेदार ने कथित तौर पर चुनावों में धांधली की बात कही थी और इससे भी चिंताजनक बात थी कि उन्होंने बीयर की कीमत बढ़ाने की बात की, जो कथित तौर पर उनकी हार का कारण बनी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की नकली आवाज में लोगों से यह अपील की गई कि वे अमेरिकी प्राइमरी में मतदान नहीं करें। वर्ष 2016 के कैंब्रिज एनालिटिका विवाद की यादें अब भी ताजा हैं। बड़े चुनावों के नजदीक आते ही खतरे की घंटी बज गई है। यहीं पर मैं इसके एक दूसरे पहलू का उल्लेख करना चाहूंगा। जरा पाकिस्तान को देखिए, वहां भी इसी वर्ष की शुरुआत में चुनाव हुए। वहां के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में थे। उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न छीन लिया गया और उनके कुछ उम्मीदवारों को धमकाया गया और कुछ को जेल में भी डाल दिया गया। हालांकि अंततः दूसरी पार्टियों की जीत की घोषणा की गई, लेकिन ज्यादातर खबरें दावा करती हैं कि भारी धांधली और हेराफेरी के बावजूद इमरान खान की पार्टी ने अच्छी सफलता पाई। खान ने जेल में रहते हुए पूरे देश में चुनाव प्रचार करने के लिए जेनरेटिव एआई का इस्तेमाल किया और इस कहानी को पलट दिया कि एआई लोकतंत्रों को नष्ट करती है। जेनरेटिव एआई का इस्तेमाल करके उन्होंने मतदाताओं से अपनी पार्टी के लिए मतदान करने का आग्रह करते हुए फुटेज तैयार किया और इसे यूट्यूब और अन्य ऑनलाइन चैनलों पर खूब शेयर किया गया। लोगों ने उनके आह्वान पर ध्यान दिया और रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया, जिससे उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को बड़ी संख्या में सफलता मिली। पाकिस्तान ने दिखा दिया कि कैसे एआई का इस्तेमाल करके लोकतंत्र को नष्ट करने के बजाय उसे मजबूती दी जा सकती है। यहां मैं डीपफेक की विनाशकारी शक्ति से इन्कार नहीं कर रहा हूं, और मुझे डर है कि भारत के किसी भी चुनाव और अन्य चुनावों में इसका इस्तेमाल विमर्श को भड़काने और मनगढ़ंत कथानक को आकार देने के लिए किया जा सकता है। हालांकि चुनावों, जो लोकतंत्र का एक मुख्य स्तंभ है, को बेहतर बनाने के लिए एआई बहुत कुछ कर सकता है। पाकिस्तान का उदाहरण इसका रचनात्मक तरीका है। चुनावों में पारदर्शिता, समावेशिता और दक्षता बढ़ाने के लिए भी एआई का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी उन्नत डाटा विश्लेषण क्षमताएं वास्तविक समय में चुनाव से संबंधित डाटा की निगरानी कर सकती हैं, जिससे धोखाधड़ी का संकेत देने वाली किसी भी अनियमितता की पहचान की जा सकती है। एआई एल्गोरिदम मतदाता पंजीकरण या मतदान में अनियमितताओं के पैटर्न का पता लगा सकते हैं। एआई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम की सुरक्षा में भी सुधार कर सकता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## पतरातू में आकांक्षी ब्लॉक आकांक्षी जिला कार्यक्रम आयोजित किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड परिसर पतरातू में नीति आयोग के तहत संपूर्णता अभियान आकांक्षी ब्लॉक आकांक्षी जिला कार्यक्रम आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि उपायुक्त चंदन कुमार उपस्थित हुए।उपायुक्त चंदन कुमार का स्वागत प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता अंचल अधिकारी अमित कुमार भगत प्रमुख कौशल्या देवी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मुखिया जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ डी सी चंदन कुमार एवं सभी अधिकारियों एवं अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के स्टाल लगे हुए थे तथा चंदन कुमार ने संबोधन के उपरांत लोगों के बताया कि आकांक्षी प्रखंड एवं जिला का अर्थ क्या होता है तथा अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से पतरातू प्रखंड एवं रामगढ़ जिला को आकांक्षी से विकसित प्रखंड एवं जिला कैसे बनाया जाए उसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं कार्यक्रम के दौरान आकांक्षी प्रखंड एवं जिला से विकसित प्रखंड एवं जिला बनाने का भी संकल्प लिया गया। यह कार्यक्रम 4 जुलाई से 30 सितंबर तक पूरे प्रखंड के सभी पंचायत में चलेगा। डीसी चंदन कुमार प्रखंड परिसर में काफी देर रुके उन्होंने हॉस्पिटल वर्किंग हाल एवं अन्य भवनों का भी निरीक्षण किया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश भी जारी किए।

## अनील कुमार ने विस्थापन स्थल का औचक निरीक्षण किया

**रामगढ :** गोला प्रखंड के बरियातु पंचायत के अंतर्गत बरडीहा गांव मे पुनर्वास के तहत विस्थापितों को मिले सुविधाओं का निरीक्षण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ के तत्वावधान मे सचिव अनील कुमार के अगुवाई मे गोला अचंल के अचंल अधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, अचंल निरिक्षक रवि भुशन ठाकुर, डिवाइस चीफ एल ए डी सी राम जी, असिस्टेंट एल ए डी सी अभिनव कुमार, गोला थाना एस आई ऐन.के सिहं एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा विस्थापन स्थल का ओचक निरीक्षण किया गया एवं विस्थापित लोगो से मिलकर उनके समस्याओ को सुना गया एवं विस्थापन संबधित सम्पूर्ण जानकारी ली गई जिसके तहत कुछ महत्वपूर्ण बाते निकलकर सामने आई जिसमे से कुछ बातें जैसे विस्थापितो के लिए विद्यालय भवन निर्मित है ।

## पूर्व विधायक ने सोसो कलां गांव पहुंचकर घायल पत्रकार से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ममता देवी शुक्रवार की देर रात सोसो कलां गांव पंहुचकर विगत दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए दैनिक अख़बार के एक पत्रकार अशफाक अहमद से मुलाकात की। उन्होंने घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए हालत से वाकिफ हुई और ईश्वर से शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वह गांव के कर्बला चौक स्थित मदरसा गौशिया के प्रांगण पहुंचकर और वहां पर एकत्रित लोगों से मुहर्रम त्योहार की शुभकामना दी तथा आगामी विधानसभा चुनाव के तैयारी में जुटने की बात कही। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थे।

## झारखंड पुलिस महिला पुरुष दौड़ महामुकाबला का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** कमांडो डिफेंस एकेडमी गोला में झारखंड पुलिस महिला पुरुष दौड़ महामुकाबला का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत भूतपूर्व सैनिक चतुर्भुज कश्यप के द्वारा फीता काटकर किया गया।1600 मीटर दौड़ के इस मुकाबला में पुरुष को 10 किलो मीटर एवं महिला को 5 किलो मीटर की दौड़ कराया गया। कार्यक्रम के संचालक समीर अयूबी ने बताया कि आज के इस महामुकाबला में 120 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य शामिल हुए। वहीं प्रवक्ता त्रिभुवन महतो ने बच्चों को राष्ट के प्रति प्रेम और बलिदान तथा अनुशासन बनाए रखने की बात करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज कुमार, सरजू कुमार, मुकेश महतो, छत्रु महतो, सोनू कुमार, नदीम बाजमी, छोटू खान, शमसाद अंसारी, तिलचन महतो का सराहनीय योगदान रहा।

## खेल से अनुशासन की भावना बढ़ती है : प्राचार्य

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ए ला एग्लाइज विद्यालय में शनिवार को अन्तर सदनीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ हुआ। टूर्नामेंट का उद्धघाटन जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फूलमती देवी ने किया। टूर्नामेंट में मुखिया ने बच्चों को खेल का महत्व बताया और कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल बहुत जरुरी है। इस अवसर पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल लाभकारी है इसलिए प्रत्येक वर्ष इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। कक्षा 12वीं के बच्चे इसके आयोजक है। शारीरिक शिक्षक कंचन सोनी ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट पहला फ्रेंडली मैच बुद्धा सदन बनाम वाल्मीकि सदन के टीम के बीच है। बुद्धा सदन के टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्र रक्षण को चुना। वाल्मीकि सदन की टीम ने 10 ओवर में कुल 84 रन बनाये वहीं दूसरी ओर बुद्धा सदन की टीम ने कुल 8 ओवर में 85 रन बनाकर विजयी हुई। बुद्धा सदन की टीम ने वाल्मीकि सदन की टीम को पांच विकेट से हराया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच बुद्धा सदन का अविनाश कुमार रहा। टूर्नामेंट का दूसरा मैच टैगोर बनाम नेताजी सदन के बीच खेला गया। नेताजी सदन के टीम ने टॉस को जीतकर क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में खेल शिक्षक कंचन सोनी का मुख्य तथा केजी प्राचार्या अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, अनुराग मद्धेशिया, गौरव साहू ,विश्वक सेन, सूरजदेव सिंह ,कृष्ण अम्बष्ठा, सुनील कुमार साहू, मिथिलेश बेदिया, कंचन दास ,रुचि सिंह ,सीमा मुंडा, अंजली सिंह प्रियंका पटेल ,गीता प्रसाद ,इत्यादि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## वन महोत्सव के समापन पर डीएवी बरकाकाना में बच्चों ने किया पौधरोपण और चलाया जागरूकता अभियान

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना में वन महोत्सव के समापन के दौरान विद्यालय के बच्चों ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर पेड़ ही जीवन है का नारा लगाते हुए प्रभात फेरी निकाली।इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व को समाज के सामने रखना था। बच्चों की इस पहल को सभी ने सराहा और उनके जोश और उत्साह की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने कहा कि बच्चों के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं और वन महोत्सव जैसे कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इस अभियान में बच्चों का साथ दिया और पौधरोपण में सक्रिय भागीदारी निभाई। बच्चों ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी अपने विचार साझा किए और सभी से पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का आग्रह किया। वन महोत्सव का यह समापन समारोह न केवल एक कार्यक्रम था, बल्कि एक संदेश था कि हमें अपनी पृथ्वी को हरा-भरा बनाने के लिए मिलकर प्रयास करना होगा।



## इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा राधा गोविंद स्कूल मे हुआ पौधरोपण

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा राधा गोविंद स्कूल मे ट्री प्लान्टेशन , मैराथन का कार्यक्रम आयोजन किया गया अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने कहा वक्त हैं कि हम सब को पर्यावरण के लिए सोचना होगा ,जिसकी सबसे सरल उपाय ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए ताकि हमसब सुरक्षित रहे सके। बारिश के मौसम को देखते हुए कुआ में ब्लीचिंग का घोल डाला गया ,ताकि जल स्वच्छ बने रहे। राधा गोविंद स्कूल में मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया। हर एक सदस्य अपने आस पास एक साल में 05पेड़ अवश्य लगाए। मौके पर पिंकी पोद्दार, नवल कौर,नीरू साहनी ,प्रियंका जैन,रंजू अरोड़ा,पिंकी गांधी,जसमीत सोनी आदि लोग उपस्थित थे ।



# आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम का समापन जिला मुख्यालय में आयोजित धरना और प्रदर्शन के साथ हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने हेमंत सोरेन सरकार को विभिन्न मुद्दे को लेकर जमकर कर घेरा। केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से सरकार को चेताया कि यदि आम जनता के हितों की अनदेखी की जाएगी तो आजसू पार्टी पूरे क्षेत्र मे जन आंदोलन करेगा। उन्होंने बताया कि जेपीएससी पेपर,राज्य सरकार द्वारा आयोजित सभी परीक्षा में गड़बड़ी, अबूआ आवास घोटाला, मनरेगा में गड़बड़ी आदि अन्य जन मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को घेरा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सभी प्रखंडों एवं जिला मुख्यालय के कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से लोग त्राहिमाम है। आजसू पार्टी नेता अशोक गहलोत ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जनता के हितों से अनदेखी कर रहा है।आज भी बिजली, स्वास्थ्य और पानी जैसी



मूलभूत सुविधाएं भी लोगों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि चतरा से राजद विधायक राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं किया है, जिससे क्षेत्र की जनता बदलाव के मूड में हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चतरा जिला में कई आईटीआई कॉलेज का भवन बनकर तैयार है लेकिन उनमें आज तक पठन पाठन की व्यवस्था नहीं की गई जबकि उसे विभाग के मंत्री चतरा के विधायक हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब बेरोजगार युवकों को तकनीकी शिक्षा जैसे मूलभूत सुविधा अपने क्षेत्र के विधायक नहीं कर पा रहे हैं तो यहां के युवा पीढ़ी का विकास कैसे होगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जेपीएससी पेपर लीक सहित अन्य सभी परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक होने के कारण छात्रों का भविष्य भी अधर में लटका हुआ है। आबुआ आवास में बेहद पैमाने पर गड़बड़ी जैसी शिकायतें भी आम लोगों से मिल रही है ।इन्हें मुद्दे को लेकर आजसू पार्टी ने हेमंत सोरेन सरकार को आज हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से घेरा है। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम को आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव पारस सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिवलाल दांगी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष छोटू सिंह भोक्ता, रविंद्र सिंह, कैलाश सिंह, मुकेश सिंह, राकेश दांगी, मुकेश गुप्ता, पोखरण दांगी, राजकिशोर कमल, दिनेश सिंह, अजमल हुसैन, कैलाश सिंह, बिरजू राम, जमाल खान, कृष्णा साहू, हीरा निषाद, संतोष यादव, धुरचटी तिवारी, पुट्टी सिंह, खुर्शीद आलम, अक्षय भट्ट सिंह, अनूप यादव, प्रदीप पासवान, मनोहर यादव, अरुण दांगी, अरविंद यादव, पिंटू चौधरी, राजेंद्र साह , संध्या देवी, संगीता देवी, नीलम देवी, मधुमिता देवी, देवंती देवी, माधुरी सहित कार्यकर्ता कार्यक्रम में आजसू पार्टी के जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी, पंचायत कमेटी सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनएच बेलगड़ा सड़क किनारे 3 पेड़ों को काट किया धराशाही, वन विभाग बेखबर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के बेलगड़ा मुख्य चौक के महज़ आधा किलोमीटर बगरा की ओर जाने वाली एनएच मुख्य सड़क किनारे 3 बड़ी बड़ी पेड़ों को मशीन द्वारा काट कर धराशाही कर दी गई है। तीन पेड़ों में एक आम का फलदार पेड़, एक इमली का पेड़ एक निम औषधि का पेड़ मौजूद है। जानकारी के अनुशार उक्त पेड़ वाली सड़क किनारे जमीन कुछ जमीन माफिया लोग किसी रैयत से खरीदारी की है। जहां माफियाओं द्वारा उची कीमत पर बेचने के लिए उक्त जमीन में लगे पेड़ों की दिनदहाड़े मशीन से कटाई कर दी है। जबकि सड़क किनारे लगे पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग से एनओसी यानी परमिशन ली जाती है। परंतु यहां वगैर परमिशन लिए भूमाफियाओं द्वारा दिनदहाड़े पेड़ों की कटाई कर धारा शाही कर दी गई है। वैसे में क्या वन विभाग द्वारा उक्त माफियाओं पर वन विभाग का चाभुक चलेगी या खानापूर्ति की जाएगी यह बड़ी सवाल है। अक्सर गरीबों पर विभाग का चाभुक चलता दिख जाता है वहीं अमीरों पर मामला बाईपास कर दी जाती है।

## द्वारी पंचायत में कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारी के पंचायत सचिवालय सभा कक्ष में शनिवार को कार्यकारिणी की बैठक किया गया। बैठक पंचायत मुखिया जगदीश यादव के नेतृत्व में किया गया। संचालन पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों के साथ पंचायत सचिवालय में कई चर्चाएं हुई।जहां सुदृढ़ीकरण राशि को सरकार की गाइडलाइन के तहत कार्य करने एवं 15 वीं वित आयोग की राशि से जन उपयोगी योजनाओं को क्रियान्वयन तथा मनरेगा तहत महत्वाकांक्षी योजनाएं को क्रियान्वयन हेतु मुद्दों पर विचार विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से पारित किया गया। मौके पर दर्जनों वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के अध्यक्ष सचिव को चार दिवसीय गैर आवास प्रशिक्षण की हुआ शुरुआत



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में स्थित 6 घरवा के सीएलएफ ऑफिस में जेएसएलपीएस से जुड़े महिलाओं को शनिवार से ग्राम संगठन के अध्यक्ष सचिव का प्रशिक्षण की शुरूआत किया गया है। जहां गिद्धौर प्रखंड के गिद्धौर कलस्टर से 14 ग्राम संगठन के अध्यक्ष सचिव प्रशिक्षण ले रही है। प्रशिक्षण दिलवा रहे हैं पूनम देवी एवं प्रिया देवी ने बतलाई की ग्राम संगठन को सही तरीके एवं समूह को जोड़े रखने से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 6 जुलाई से 9 जुलाई तक चलेगा। एवं प्रतिदिन समूह से जुड़े अलग-अलग तरीके का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण ले रहे अलग-अलग ग्राम संगठन से दर्जनों अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे।

# सतर्कता टीम ने ड्रोन कैमरे से अम्रपाली परियोजना का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** कोयला मंत्रालय व कोल इंडिया के निर्देशानुसार, पंकज कुमार सीवीओ सीसीएल के नेतृत्व में, सतर्कता विभाग ने अनाधिकृत प्रवेश और निकास का आकलन करने के लिए सीसीएल की खदानों में ड्रोन कैमरे के जरिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया है। सतर्कता टीम ने सीसीएल मुख्यालय के अधिकारियों के सहयोग से कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया द्वारा विशेष अभियान के तहत ड्रोन कैमरे के जरिए सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना का निरीक्षण किया। अभियान में कोयला संसाधनों पर निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य एवं निरीक्षण गतिविधियों की देखरेख के लिए ड्रोन कैमरे के जरिए आम्रपाली परियोजना का निरीक्षण किया गया। अनाधिकृत प्रवेश और निकास की निगरानी के लिए सीसीएल के विभिन्न खदानों में ड्रोन कैमरे लगाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य कोयला संसाधनों की सुरक्षा बढ़ाना और खदानों की महत्वपूर्ण संपत्तियों की रक्षा करना है। इस अभियान में सीसीएल के विजिलेंस के साथ टेक्निकल टीम में आर आर सिंह, महाप्रबंधक (सिविल) बिमल कुमार, मुख्य प्रबंधक (खनन)/(सतर्कता) आदित्य प्रकाश, उप प्रबंधक (सिविल)/(सतर्कता) बलवंत सिंह, सहायक प्रबंधक (सर्वेक्षण) के द्वारा आम्रपाली परियोजना का ड्रोन कैमरे से निरीक्षण किया गया। मौके पर परियोजना पदाधिकारी पी के सिन्हा, बिपिन बिहारी, के पी सिंह, शशिकांत भारती, उमेश कुमार सिंह, उपस्थित थे।

# धान की सीधी बुवाई, कम पानी, कम लागत और थोड़ी मेहनत में अधिक आमदनी : डॉ. रंजय कुमार सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र में धान की सीधी बुवाई पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक एवं सहायक तकनिकी प्रबंधक अपने प्रखण्ड के 10 प्रगतिशिल किसानों के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के शुरूआत करते हुए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ रंजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्षा की स्थिति को देखते हुए किसानों को धान का छिटवा विधि एवं सिधी बुआई के लिए प्रयास करना चाहिए। केवल इस विधि में कम अवधि 90-110 दिनों का धान का प्रभेद का उपयोग करना चाहिए। धान में खरपतवार नियंत्रण पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। छिटवा विधि में उर्वरक प्रबंधक का भी ध्यान रखने से उत्पादन 30-35




प्रतिशत की वृद्धि हो जाती है। डॉ सिंह ने प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक एवं सहायक तकनिकी प्रबंधक से अपने प्रखण्ड के किसानों को सिधि बुवाई के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से प्रेरित करने की बात कही। प्रशिक्षण में वैज्ञानिक श्री धर्मा उरॉव ने किसानों को सिधि बुवाई में आने वाले खरपतवार नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बुवाई तकनीक से कम पानी एवं कम लागत में अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। फसल में लगने वाले कीटमारियों का खतरा भी कम रहता हैद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगतिशिल किसान सिताराम दांगी, एवं रघु दांगी ने भी किसानों के साथ अपनी विचार को साझा किया । प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के शिवेन्द्र कुमार दूबे, उपेन्द्र कुमार सिंह, मो जुनैद आलम, अभिषेक घोष, नवल किशोर, लालमनी ठाकुर, राहुल प्रजापति ने अहम भूमिका निभाई।

## इग्नू अध्ययन केंद्र में नामांकन जारी

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बनवारी साहु महाविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र (कोड 32054) में जुलाई-2024 सत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस आशय की जानकारी इग्नू के समन्वयक प्रो शत्रुघ्न मेहता ने दी। उन्होंने ने बताया की इस विश्वविद्यालय के माध्यम से स्नातकोत्तर, स्नातक. पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स एवं अन्य रोजगार परक कोर्स में नामांकन लेने वाले इच्छुक छात्र व छात्राएं आगामी 15 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन करा सकते हैं।नामांकन की अंतिम तिथि 15 जुलाई ही निर्धारित है। वैसे भी विद्यार्थी नामांकन ले सकते हैं जो रेगुलर माध्यम से कक्षाएं कर रहे हैं। एसटी व एसएसी समुदाय के छात्र व छात्रों के लिए स्नातक जनरल कार्यक्रम में निः शुल्क नामांकन का प्रावधान है। इसके माध्यम से कामकाजी महिलायें, नौकरी पेशा कर्मी योग्यता वर्धन के लिए नामांकन ले सकते हैं।

## बारियातु प्रखंड क्षेत्र में 9 जुलाई से होगा पंचायत स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र सभी पंचायतो मे पंचायत/हल्का स्तरीय राजस्व शिविर लगाया जायेगा। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि सचिव राजस्व विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में भुमि रैयतों के पैतृक/परिवारिक संपत्ति को आपसी बंटवारा /उत्तराधिकार के आधार पर राजस्व अभिलेख को अद्यतन तथा खतियानी रैयत के उत्तराधिकार को विधिवत स्वामीत्व प्रदान करने हेतु पैतृक/पारिवारिक संपत्ति को आपसी बंटवारा, व उतराधिकारी के आधार पर दखल खारिज करने हेतु प्रखंड क्षेत्र मे 09.07.2024 से 11.07.2024 तक पंचायत /हल्का स्तरीय राजस्व शिविर लगाया जायेगा। 09.07.2024 को बालुभांग डाढा, टोटी, व गोनिया पंचायत, 10.07.2024 को फुलसु व बारियातु 11.07.2024 को शिबला, अमरवाडिह व साल्वे पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा। अंचलाधिकारी सह बीडीओ नंदकुमार राम ने प्रखंड क्षेत्र के भूमि रैयतों को शिविर मे पहुँच कर इसका लाभ उठाने की अपिल की है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक प्रकाश राम ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** लातेहार विधान सभा क्षेत्र के पर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रकाश राम ने प्रखण्ड क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत ग्राम बारीबांध, फुलसू, हिसरी, मतकोमा, लाटू, सतीटांड, करमा, मुक्की सहित अन्य गांव मुहल्ले में अपने कार्यकर्ताओं के साथ जन सम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों से मुलाक़ात की, केन्द्र सरकार के योजनाओं के बारे में बताया और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विशेष रूप सें चर्चा किया। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओ को क्षेत्र मे जनमत तैयार करने के लिए कई दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, भोक्ता समाज प्रखंड कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझु, प्रजापति कुम्हार महासंघ प्रखण्ड सचिव सोनु प्रजापति, जगदीश उरांव, सुरेंद्र भोक्ता, विनोद भोक्ता, किशोर प्रसाद सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## आजसू ने जिला खनन पदाधिकारी कार्यालय का घेराव किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी के द्वारा 6 जुलाई 2024 दिन शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया। जिला में व्याप्त बालू की समस्या की काफी विकट परिस्थिति बन गई है। बरसात के मौसम में बालू में रोक लगाने के बाद जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाएं एवं निजी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिला में एकमात्र बालू का स्टॉक चंदवा के मरमर में है। और दोनों तरफ से नदी होने के कारण वहां से बालू उठाव संभव नहीं है। छोटे कार्यो में ट्रैक्टर के द्वारा बालू लाया जाता है। व्यवस्था नहीं होने के कारण ट्रैक्टरों को जिले में हर जगह पकड़ा जा रहा है।ट्रैक्टर से कई लोगों का आजीविका जुड़ी हुई है। आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है जिले में लोगों को बालू नहीं मिलने पर त्राहिमाम कर रहे हैं। जिला खनन पदाधिकारी को ज्ञापन देकर आजसू पार्टी ने मांग की है कि आठ दिनों के अंदर लातेहार जिला के सभी प्रखंडों के बालू की समस्या का निदान किया जाए एवं ट्रैक्टरों को बेवजह परेशान ना किया जाए अन्यथा जनहित के लिए 8 दिनों के बाद जिले में सभी ट्रैक्टरों को जिला मुख्यालय में जमा कर आजसू पार्टी आंदोलन करने पर बाध्य होगी।

## प्रेस क्लब चतरा के दिशा निर्देश पर पत्थलगड़ा में पत्रकारों ने किया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रेस क्लब चतरा के जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप के निर्देश पर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल व पर्यटक स्थल मां भगवती मंदिर एवं मां संतोषी मंदिर परिसर में शनिवार को पत्रकार संघ पत्थलगड़ा के द्वारा किया गया पौधारोपण। पौधारोपण कार्यक्रम के अध्यक्षता पत्रकार संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत राणा उपस्थित रहे। श्रीकांत राणा ने बताया कि प्रेस क्लब चतरा के द्वारा विभिन्न प्रखंडों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर अभियान चलने का निर्णय लिया गया है। जिसे लेकर शनिवार को पत्थलगड़ा पत्रकार संघ ने पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने कहा कि दिन प्रतिदिन जंगल की कटाई होने से प्रतिदिन पर्यावरण में परिवर्तन होने लगा है। वृक्ष की कटाई होने से कई जीव-जंतु की प्राण संकट पर बनने लगी हैं, पंछियों की चहचहाहट दूर दूर होने लगी है, पर्यावरण में संतुलन बिगड़ने लगा है, वृक्ष के बिना सही से बारिश भी नही होती पृथ्वी सुनसान नजर आने लगी है। आज की परिस्थिति में परिवर्तन लाने के लिए पौधारोपण करना अति आवश्यक है।

## वनाधिकार कानून का उड़ाया जा रहा मजाक : कन्हाई सिंह



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को भाजपा नेता कन्हाई सिंह हजारों समर्थकों के साथ वन विभाग कार्यालय छिपादोहर का घेराव किया।इस दौरान गांधी मैदान सामुदायिक भवन से सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में समर्थकों ने नगर भ्रमण करते इंकलाब जिंदाबाद,वन विभाग होश में आओ, हेमंत सरकार होश में आओ,वन विभाग की मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारे बुलंद करते कार्यालय का घेराव कर उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना के नाम हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र फॉरेस्टर दिलीप कुमार को सौंपा। मौके पर भाजपा नेता सिंह ने मांगपत्र के माध्यम से कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न गांवों के द्वारा सामुदायिक व व्यक्तिगत दावा पत्र किया गया है और वन विभाग के अड़चन के कारण किसी भी गांव को पट्टा नहीं मिला है साथ ही क्षेत्र के हजारों परिवारों को व्यक्तिगत वन पट्टा व सैंकड़ों ग्रामसभा को सामुदायिक वन अधिकारों से वंचित किया जा रहा है जो वन अधिकार कानून का मज़ाक़ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की वजह से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,लाभर से टोंगारी पिकेट और लाभर से कोरवामड़ई चुंगरु तक सड़क निर्माण कार्य अबतक नहीं हो पाया है वहीं वन विभाग द्वारा छिपादोहर बाईपास सड़क निर्माण कार्य रोक दिया गया है जबकि वर्षो पहले का कालीकरण सड़क मौजूद है । उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा ग्रामीणों की आजीविका पर भी हमला किया जा रहा है जुरुहार सहित अन्य गांवों में वन विभाग ने ग्रामीणों से महुआ फूल जब्त कर लिया गया है यह बर्दाश्त के काबिल नहीं है ऐसे तमाम मांगों पर वन विभाग संज्ञान नहीं लेती है तो जन आंदोलन के लिए हम बाध्य होंगे।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रशिक्षण बाल संसद से होता है : अरुण कुमार चौधरी

## विद्या मंदिर में बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में बाल संसद के अंतर्गत किशोर भारती के चयनित पदाधिकारी भैया का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय उपस्थित हुए। आये अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि परिचय विद्यालय के आचार्य सुरेश ठाकुर ने कराया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि-अपना विद्यालय देश का ही एक छोटा रूप है। जिस प्रकार देश के संसद में विभिन्न विभाग होते हैं इसी प्रकार बाल संसद में भी व्यवस्था



संबंधी अनेक विभागों का निर्धारण किया गया है। उनके पदाधिकारी भैया बहन शपथ ग्रहण कर अपने कार्य में लगे। विद्यालय व्यवस्था में भैया बहनों की सहभागिता के लिए बाल संसद का निर्माण किया गया है। इसके बाद अरुण कुमार चौधरी ने मंचासीन विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे के द्वारा बाल संसद सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया। इसके बाद प्रधानमंत्री एवं संसद सदस्य के दायित्व धारी भैया बहन का शपथ ग्रहण हुआ। दशम के भैया बादल कुमार ने बाल संसद के प्रधानमंत्री का, कृष कुमार विज्ञान परिषद का, नीतीश कुमार शारीरिक शिक्षा परिषद का, अविनाश कुमार सामाजिक शिक्षा परिषद का ,हर्ष कुमार कला परिषद का, ऋषिकेश भगत हिंदी भाषा परिषद, आशुतोष कुमार नैतिक एवं आध्यात्मिक परिषद, शुभम कुमार योग शिक्षा, अभिषेक कुमार शिक्षण परिषद, अमित कुमार संगीत परिषद पद का शपथ ग्रहण किया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने भैया बहनों को अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि-बाल संसद विद्यालय में भैया बहनों के नेतृत्व विकास एवं सेवा भाव को जगाने के लिए गठित किया जाता है। इसमें जो विभाग आपको दिया गया है उसमें अपने गुणों को निखारना है तभी आप एक अच्छे नागरिक बन सकेंगे। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। बाल संसद में चयनित प्रधानमंत्री और संसद सदस्यों के द्वारा सभी आचार्य दीदी जी को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या एवं भैया वहां उपस्थित थे।

## पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय में प्रशासन से स्थाई बीडीओ व सीओ की पदस्थापन को लेकर उठ रही लगातार मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय में सभी जनप्रतिनिधियों व समाजसेवी के अलावे आम ग्रामीणों ने स्थाई सीओ व बीडीओ की पदस्थापन की मांग की है। स्थाई प्रखंड विकास पदाधिकारी व सीओ नहीं रहने के कारण कई विकास का कार्य बाधित हो रहा है। बता दें कि इसके पूर्व में भी सभी लोगों के द्वारा की गई मांग को लेकर चली खबर के बाद भी आज तक इस पर कोई आला अधिकारियों के द्वारा संज्ञान में नहीं लिया गया है। लोग लगातार स्थाई बीडीओ एवं सीओ की पदस्थापन को लेकर मांग कर रहें हैं। पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय में पिछले करीब चार महीना से स्थाई बीडीओ नहीं होने से प्रखंड क्षेत्र का विकास कार्य बाधित हो गया है। या यूं कहिए कि इन दिनों पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय बिना लगाम का घोड़ा हो गया है। लोगों ने उक्त बातें कहते हुवे कहा कि फिलहाल गिद्धौर बीडीओ के जिम्मे पत्थलगड़ा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कार्यो का निबटारा हो रहा है। प्रखंडवासियों का कहना है कि प्रभारी बीडीओ




महीना में सिर्फ दो या तीन दिन ही प्रखंड कार्यालय आते हैं। और कब कार्यालय आते है और चले जाते है। सभी का कहना है कि प्रखंड कार्यालय में स्थायी रूप से बीडीओ एवं सीओ के नही रहने के कारण वृद्धा पेंशन, हर घर नल का जल योजना, आवास योजना, जातीय, आवासीय, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र, दाखिल खारिज आदि से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रखंड क्षेत्र के सभी जन-प्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्य लोगों के अलावे आम ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द ही बीडीओ एवं सीओ की पदस्थापन की मांग की है।

# कटकमदाग में नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान की हुई शुरुआत

## नीति आयोग के सभी सूचकांको में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के उद्देश्यों के साथ कार्य करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** प्रखंड कार्यालय कटकमदाग में नीति आयोग द्वारा चलाये जा रहे संपूर्णता अभियान शुभारंभ किया गया। संपूर्णता अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक स्वास्थ्य,पोषण,कृषि और सामाजिक विकास के 6 इंडिकेटर चिन्हित किये गए है। इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कटकमदाग प्रखंड एक आकांक्षी प्रखंड है और नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा चयनित 40 सूचकांको पर हमें 100त्न कार्य करना है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि हमें शत प्रतिशत अपने लक्ष्य की प्राप्ति सितंबर माह तक करना है। इस संपूर्णता अभियान में स्वास्थ्य के तीन मानकों पर कार्य करना आवश्यक है जिसमें प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच करना, मधुमेह तथा हाइपरटेंशन की लक्षण जांच करना है बाल विकास परियोजना के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन प्रदान करना है ताकि गर्भवती महिलाओं को और गर्भ में पल रहे बच्चें का पूर्ण विकास हो सके। वहीं उन्होंने कृषि के क्षेत्र मे मृदा कार्ड बनाने का लक्षित लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ-साथ जेएसएलपीएस के द्वारा गठित स्वयं सहायता ग्रुप को रिवाल्विंग फंड देने की बात कही। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती एकता वर्मा ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत आज हम संपूर्णता अभियान की शुरुआत कर रहे हैं हम सब मिलकर नीति आयोग द्वारा निर्धारित 6 सूचकांकों पर जुलाई से लेकर सितंबर तक कार्य कर शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे। उन्होंने कटकमदाग प्रखंड को एस्पिरेशनल ब्लॉक से इंस्पिरेशनल ब्लॉक में बदलना है। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी ने कहा नीति आयोग द्वारा निर्धारित कार्यों को पूरा करने में जो भी कमियां है उसे हम मिलकर पूरा करेंगे और जिला योजना कार्यालय से पूर्ण सहयोग की बात कही।

## भ्रूण जांच करना और करवाना दोनो दंडनीय अपराध : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गर्भाधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम (पीसीपीएनडीटी एक्ट) गर्भ में लिंग की पहचान करने के खिलाफ कानून को बेहतर ढंग से लागू करने को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारीयों को अपने प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की नियमित औचक जांच करने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि विभिन्न माध्यमों से जिला प्रशासन को यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कई अल्ट्रासाउंड संस्थानों में अवैध रूप से लिंग जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या रोकने के लिये सरकार ने कानून तो लागू कर दिया है. लेकिन, इसकी सार्थकता तभी है जब सभी इस जघन्य कृत्य को रोकने के लिए साथ आए। पीसीपीएनडीटी एक्ट, 1994 के अनुसार गर्भ में पल रहे बच्चे के लिंग की जांच करना या करवाना दोनों ही दंडनीय अपराध है। उपायुक्त ने इस अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू कराने के निर्देश दिए है। पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुसार लिंग जांच करने वाले को पांच साल की सजा या एक लाख का जुर्माना का प्रावधान है। इसके अलावा, जो व्यक्ति भ्रूण लिंग जांच में लिप्त पाया जाता है उसे भी पांच साल की सजा या 50,000 रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है।

**उपायुक्त के निर्देश पर केरेडारी अंचलाधिकारी द्वारा की गई छापेमारी**

केरेडारी स्थित भारत पेट्रोलियम के नजदीक अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पर उपायुक्त के निर्देश पर अंचलाधिकारी ने औचक छापेमारी किया। इस दौरान अल्ट्रासाउंड मशीन को जब्त कर जिला स्तरीय टीम को सौंप दिया गया जिसे वो अपने साथ ले गई। अवैध कार्य में लिप्त अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को सील कर दिया गया।

## भाजपा ने विजय संकल्प सभा के माध्यम से सांसद मनीष जायसवाल और कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग द्वारा बीजेपी झारखंड प्रदेश का सांगठिक कार्यक्रम विधानसभा स्तर पर निर्वाचित सांसद सह कार्यकर्त्ता सम्मान समारोह- सह- विजय संकल्प सभा का का आयोजन हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए हजारीबाग के डाक बंगला स्थित पैराडाइस रिसॉर्ट सभागार में शनिवार को अयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किया। सम्मान समारोह- सह- विजय संकल्प सभा में बतौर अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह, हजारीबाग के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए और संयुक्त रूप से पार्टी के आदर्श श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर समारोह की विधिवत शुरुआत की । समारोह के शुरुआती सत्र में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें अतिथियों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का हरेक कार्यकर्ताओं से अपील किया। तत्पश्चात सभी आगंतुक अतिथियों का अंग- वस्त्र भेंटकर और फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय बैठक पश्चिमी पंचायत भवन में की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह एवं संचालन प्रखंड सचिव सरोज मेहता ने किया। संजय सिंह ने कहा बड़कागांव प्रखंड में जितने भी बूथ हैं सभी बूथ कमेटी को बनाना है साथ ही 23 पंचायत में बूथ स्तरीय पंचायत सम्मेलन भी करना है। सरकार द्वारा जितने भी कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है उस योजना का आदिवासी, मूल निवासी और गरीब जनता सीधे तौर पर लाभ ले रहे हैं। मौके पर प्रखंड सचिव सरोज मेहता, प्रखड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुईयां, विशेश्वर राम, शंकर साव, हरिलाल मांझी, फलेंद्रर गंझु, चिंतामनी गंझु, राजेश हांसदा, सुरेश यादव, रामसागर महतो, प्रभू भुईयां, बाबूलाल सोरेन, भुनेश्वर महतो, नरेश साव, असीर अहमद सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भामाशाह शिशु विद्या मंदिर में ओम प्रकाश सिन्हा ने संस्कृतेन संभाषणम कुरु का किया आवाहन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के प्रांगण में आयोजित संस्कृत सप्ताह का समापन का कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न हुआ। उपर्युक्त मौके पर विद्या विकास समिति के विभाग निरीक्षक ओम प्रकाश सिन्हा, विद्यालय प्रबंधकारिणि समिति के कोषाध्यक्ष रोहित साहू, एवं प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय की गरिमामय उपस्थिति रही। देव भाषा संस्कृते न संभाषणम कुरु का आवाहन करते हुए ओम प्रकाश सिन्हा ने संस्कृत के संवर्धन की बात कही। कहा कि संस्कृत भाषा को देववाणी या सुरभारती कहा जाता है। इस भाषा में साहित्य की धारा कभी नहीं सूखी, यह बात इसकी अमरता को प्रमाणित करती है । मानवजीवन के सभी पक्षों पर समान रूप से प्रकाश डालने वाली इस भाषा की रचनाएँ हमारे देश की प्राचीन दृष्टि की व्यापकता सिद्ध करती हैं। वहीं प्रधानाचार्य ने उक्त अवसर पर कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से भैया बहनों मे संस्कृत के प्रति जागरूकता आएगी। संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में संस्कृत गीत, संस्कृत एकांकी, लघु कथा, गीता का श्लोक सुभाषितानी, प्रेरक प्रसंग इत्यादि का प्रदर्शन क्रिया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा छः से दशम तक के भैया बहनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।समस्त कार्यक्रम संस्कृत आचार्य अरुण कुमार झा जी के दिशा निर्देश मे सम्पन्न हुआ। इस मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी जी उपस्थित रहे।

## सुदेश महतो के समक्ष दर्जनों लोगों ने थामा आजसू पार्टी का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आजसू पार्टी और रोशनलाल चौधरी के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर बड़कागांव के दर्जनों लोगों ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और रौशन लाल चौधरी के समक्ष आजसू पार्टी का दामन थामा। मौके पर रौशनलाल चौधरी ने कहा के बड़कागांव की विधायक ने बड़कागांव को अंधकार में धकेल दिया। मौके पर रामचंद्र साव ने कहा की इस बार विधानसभा चुनाव में बड़कागांव से रौशनलाल चौधरी को भारी मतों से जिता कर विधानसभा भेजेंगे। चुनाव से पूर्व हजारों लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। रामचंद्र साव के नेतृत्व में मनोज साव, सोनू साव, विनोद साव, मोहन साव, शिव साव, शंकर साव, सूरज कुमार साव, दिलचंद साव, ईश्वरी साव, कमलनाथ साव, नरेंद्र लाल साव, कुलदीप साव, निर्मल साव, जुगेश्वर साव, रोहित दिनेश्वर साव, पवन साव, पियारी साव, गुड्डु साव, खिरोधर त्रिलोकी साव, गुल्लू साव, टुकन साव, केदार साव, तारकेश्वर संजय साव, विजय साव, अंजन साव, पिंटू साव, चुरामन साव, दिनेश प्रजापति, अशोक साव, गोपाल साव, माघो साव, लक्षण साव, ठकुरी साव, भुवनेश्वर साव, राजन साव, कुलेश्वर साव, तीला साव, धनेश्वर साव सहित अन्य लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, भोला महतो, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, जिला सचिव गीरेंद्र प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड युवा सचिव पप्पू प्रसाद, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने किया कटकमसांडी का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न पंचायत का भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने सघन दौरा किया,दौरा शुरुआत पेलवाल चौक से प्रारंभ हुई, चौक पर स्थित मंदिर में पूजा अर्चना के साथ अपने दौरे की शुरूआत किया इस बीच स्थानीय लोगों ने आत्मीयता से प्रदीप प्रसाद का स्वागत व अभिनंदन किया, इस दौरान जिला परिषद सदस्य मंजू नंदिनी के द्वारा रामायण देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया, इस बीच प्रदीप प्रसाद ने स्थानीय लोगों के बीच पौधा का वितरण किया वही उनकी समस्याओं से रूबरू हुई इसके बाद छड़वा डैम के समीप पेट्रोल पंप पहुंचे जहां पर स्थानीय लोग ने माला पहन कर अपने प्रदीप प्रसाद का स्वागत व अभिनंदन किया इस बीच हर समुदाय के लोगों ने उनके हरियाली महोत्सव के इस मुहिम की प्रशंसा की कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का जो मुहीम चलाया है यह देश के लिए काफी प्रभावशाली होगा जिसके बाद भव्य काली मंदिर पहुंचे जहां पर मुख्य पुजारी के द्वारा पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराया गया श्री प्रसाद ने क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामनाओं के साथ ईश्वर से क्षेत्र के वैभव की मंगल कामना की इसके पश्चात कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा के द्वारा तलवार भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। इसके बाद उनका दौरा जलमा चौक की ओर बढ़ा जहां पर सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोगों ने जयकारों के साथ प्रदीप प्रसाद का अभिनंदन एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया सभी के बीच श्री प्रसाद ने पौधा का वितरण किया एवं स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से श्री प्रसाद को अवगत करवाया बहिमर चौक पर स्थानीय लोगों ने सामूहिक रूप से गीता भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया,कटकमसांडी मुख्यालय ब्लॉक मोड पर स्वागत है वह अभिनंदन के बीच हरियाली महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम के इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया इसके बाद प्रदीप प्रसाद शहीद दीपक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया इस बीच स्थानीय लोग भी मौके पर मौजूद रहे, मौके पर कहा कि उनकी शहादत को कभी बुलाया नहीं जा सकता ना ही मिटाया जा सकता है, इसके बाद कटकमसांडी के राजकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्कूल के स्कूल के प्राचार्य विजय मसी एवं छात्र-छात्राओं ने आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया, इसके पश्चात विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर क्षेत्र को खुशहाल और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया गया।

## बाबूलाल मरांडी से पूर्व विधायक ने की शिष्टाचार मुलाकात

### राज्य में बनेगी भाजपा की सरकार : मनोज यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव ने हज़ारीबाग सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने प्रदेश अध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया। स्वागत के दौरान पूर्व विधायक श्री यादव ने चुनावी परिचर्चा किया और केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर हर्ष व्यक्त किया। पूर्व विधायक श्री यादव ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और आम जनता इससे त्रस्त और परेशान है। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता बदलाव के मूड में है। सत्ता के लालच में जिस प्रकार हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है, इससे प्रतीत होता है कि सोरेन परिवार सिर्फ सत्ता के लिए राजनीति करती आई है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी देश की विकास, प्रगति, समृद्धि के युग की ओर ले जाने और एक गौरवशाली राष्ट्र बनाने की अग्रिम सोच है। मौक़े पर वरिष्ठ समाजसेवी हरिश्चन्द्र सिंह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सतेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

## बरही नगर भवन में होगा बहन बेटी मई-कुई स्वालंबन प्रोत्साहन योजना का दो दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** राज्य योजना अंतर्गत महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बहन-बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना को लेकर बरही नगर भवन में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी जानकारी बीडीओ क्रिस्टिना ऋचा इंद्रवार ने दिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 जुलाई से 11 जुलाई 2024 होना तय है। सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका, राजस्व कर्मचारी को निर्देश दिया गया कि उक्त दिशा के आलोक में 10 जुलाई को 11 बजे बरही नगर भवन में भाग लेने भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।इसकी सूचना प्रमुख, उपप्रमुख एवं जन प्रतिनिधि आदि को प्रेषित किया गया है।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए सीआरएस पोर्टल अपग्रेडेशन पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जन्म-मृत्यु पंजीयन को लेकर सीआरएस पोर्टल में किए गए अपग्रेडेशन को लेकर निबंधन ईकाइयों लिए उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के निर्देशानुसार एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, उपाधीक्षक सह निबंधक सदर अस्पताल,सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह निबंधक जन्म मृत्यु ,सभी प्रभारी प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, उप रजिस्टार जन्म मृत्यु नगर निगम एवं कंप्यूटर ऑपरेटर,सभी प्रखंडों के कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संशोधित अधिनियम पर विस्तृत चर्चा की गई। 01.10.2023 के बाद जन्म लिए बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है, जो बच्चे से संबंधित बनाए जाने वाले अन्य दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता सूची, ड्राइविंग लाइसेंस, सरकारी नौकरी में ज्वानिंग एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राप्त करने का एक मात्र प्रमाण पत्र होगा। चिकित्सा संस्थानों में हुई प्रत्येक मृत्यु के कारण का चिकित्सीय प्रमाणीकरण संबंधित संस्थान के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिया जाना अनिवार्य होगा। सी आर एस पोर्टल में आम नागरिकों द्वारा मोबाईल ओटीपी के माध्यम से जन्म-मृत्यु की घटित घटना के स्थान से संबंधित रजिस्ट्रार को, ऑनलाईन प्रेषित की जा सकेगी एवं रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा। जो सूचनादाता द्वारा उल्लेखित ई मेल आई.डी. पर प्राप्त हो जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षकों ने बताया कि सीआरएस पोर्टल अपग्रेड होने के बाद लोगों को जन्म व मृत्यु प्रमाण-पत्र लेना आसान हो जाएगा। जन्म और मृत्यु होने के 21 दिन के भीतर सीआरएस पोर्टल पर ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज करना होगा। इसके बाद आवेदन रजिस्ट्रार के पास पहुंचेगा।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी सह शिक्षक को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के पूर्व विद्यार्थी सह शिक्षक राहुल कुमार सोनी को स्कूल के प्राचार्य मोहम्मदी इब्राहिम एवं निदेशक कुलदीप कुमार ने माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। राहुल कुमार सोनी एलएलबी के प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए और अब वे केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ से अपना डिग्री प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने 2014 - 16 बैच के पासआउट विद्यार्थी को इस सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। वर्तमान समय में राहुल कुमार सोनी इसी विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। मौके पर विद्यालय के शिक्षक कन्हैया कुमार, मुकेश कुमार, मंजीत कुमार, रंजीत कुमार, संतोष कुमार, संगीता कुमारी, मंजू कुमारी, सेवंती कुमारी, अनुज कुमार, मनोज कुमार, मोहम्मद महबूब, मोहम्मद अजमत, शिल्पी कुमारी, मोहम्मद अली, रानी कुमारी, न्यारी कुमार ने राहुल कुमार को शुभकामना देते हुए विदाई दिया।

## ओकनी में बह रही श्रद्धा, आस्था और भक्ति की बयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** शहर के ओकनी मुहल्ले में आस्था और भक्ति की बयार बहने लगी है। बहे भी क्यों नहीं, आखिर यहां बड़ा शिव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के शुभारंभ की तिथि जो नजदीक आ गई है। आयोजक मंडली के साथ मुहल्ले और शहरवासी महायज्ञ की तैयारी में तन, मन और धन से समर्पित हैं। नौ से 16 जुलाई तक शतचंडी महायज्ञ के दौरान हर दिन श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण होगा। आगंतुक श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए उनकी हर सुविधा के साथ खासकर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी ख्याल और पूरा ध्यान आयोजक मंडली की ओर से रखा जा रहा है। तैयारियां परवान चढ़ चुकी हैं। पूरे मुहल्ले को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। भव्य यज्ञ मंडप का निर्माण कराया जा रहा है। महायज्ञ में देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से हजार बागों के शहर की इस पावन धरा पर कई विद्वतजन प्रवचनकर्ता पधार रहे हैं। संतों की वाणी से यहां अध्यात्म का अद्भुत वातावरण बनेगा। श्रद्धालु भक्तिरस के सरोवर में डुबकियां लगाने को आतुर हैं। महायज्ञ के आचार्य भोलेनाथ की नगरी वाराणसी के रणधीर शास्त्री हैं। हवन, पूजन के साथ विद्वतजनों के प्रवचन से भक्तजन भावविभोर होंगे। साथ ही 16 जुलाई की रात्रि नौ बजे से मां अंबे जागरण मंडली से जुड़े कलाकार भक्तिभाव का अलख जगाएंगे।

**अलौकिक है ओकनी बड़ा शिव मंदिर की पृष्ठभूमि**

ओकनी बड़ा शिव मंदिर की पृष्ठभूमि अलौकिक है। पिछली चार पीढ़ियों से लोग नहीं जानते कि इस मंदिर की स्थापना कब हुई। वर्तमान पीढ़ी का कहना है कि उनके पूर्वज वर्षो से यहां शिवलिंग को पूजते आए हैं। साथ ही मां दुर्गे की मूर्ति गढ़ श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव से यहां वासंतिक और शारदीय नवरात्र में आराधना और उपासना करते आ रहे हैं। इस मंदिर के प्रति लोगों में गहरी आस्था है। श्रद्धालुओं की ऐसी आस्था है कि सच्चे मन से मांगने पर यहां लोगों की हर मनोकामना पूरी होती है।

**आयोजक मंडली की अपील**

ओकनी बड़ा शिव मंदिर में आयोजित होनेवाले श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ से भक्तिमय माहौल है। आयोजक मंडली का कहना है कि लोग थोड़ा वक्त यहां भी गुजारें और पुण्य का भागी बनें। महायज्ञ की जानकारी एक-दूसरे को प्रसारित करें।

### ओमप्रकाश पर गोली चलाने वाले अपराधी शिवराज पुलिस की रडार से है कोसों दूर

# कोयला कारोबारी ओमप्रकाश साव को अपराधियों ने मारी गोली, खतरे से बाहर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल पोडा गेट के पंचायत भवन के समीप बिते शुक्रवार देर रात साढ़े नौ बजे पंचायत भवन के पास पहले से घात लगाकर बैठे सयाल मदरसा कालोनी निवासी शिव राज पिता बिहारी राम ने सयाल आजाद रोड से अपने घर लौट रहे पोडा गेट पक्का धोडा निवासी ओमप्रकाश साव पिता राजेंद्र साव के उपर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चलाई गई। गोली कि आवाज से ओमप्रकाश भागने लगा जिससे उसे एक गोली उसके कमर में जा लगी। जिसके बाद आस पड़ोस के लोगों ने ओमप्रकाश के रिस्तेदारो को सुचना देकर बुलाया गया। उसके बाद आस पास के लोग व परिजनों ने आनन फानन में घायल ओमप्रकाश को लेकर रांची मेंदाता में भर्ती कराया। जहां वो खतरे से बाहर है। इधर भुरकुंडा पुलिस अपराधी शिव राज को पकड़ने के लिए लागातार छापामारी कर रही है। घटना के 24 घंटे बीतने के बाद भी भुरकुंडा पुलिस के हाथ खाली है। मिली जानकारी अनुसार जिस समय घटना हुई शिव राज के साथ दो लोग और थे। जो पुलिस के रडार से कोसों दूर है। मालूम हो कि यह लोगों का कहना है कि शिव राज और ओमप्रकाश कि लड़ाई पिछले एक साल से चल रही है। इसी का फायदा उठाकर बिते शुक्रवार को ओमप्रकाश कि रेकी कि गई। और मौका मिलते ही शुक्रवार रात करीब नौ बजे प्रतिदिन कि तरह ओमप्रकाश साव उरीमारी से अपने घर कि ओर जाने के लिए निकला था। दामोदर पुल पार करते ही कुछ लोग उसके पिछे रेकी कर रहे थे। जैसे ही वह पोडा गेट पंचायत भवन के समीप पहुंचा। वैसे ही तीन लोगों ने उसे घेर लिया। और पुरानी रंजिश को लेकर शिव राज और ओमप्रकाश के बिच झडप होने लगी। इसी क्रम में शिवराज ने हथियार निकाल कर ओमप्रकाश के उपर पिस्तौल तान दी। पिस्तौल देखकर ओमप्रकाश भागने लगा। तभी शिव राज ने पिछे से ताबड़तोड़ तीन राउंड गोलियां चलाई। जिसमे एक गोली ओमप्रकाश के कमर में जा लगी। ओमप्रकाश को गोली लगने से वह मुर्छित होकर जमीन पर गिर गया। जिसे अपराधियों ने मरा हुआ समझ कर वहां से भाग गए। इधर आस पास के लोगों ने गोली कि आवाज सुनकर ओमप्रकाश के पास पहुंचे। उसके बाद ओमप्रकाश के परिजनों को फोन कर बुलाया गया। आनन फानन में ओमप्रकाश को रांची ले जाया गया। घटना कि जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। समाचार लिखे जाने तक किसी भी अपराधी को पुलिस पकड़ नहीं पाई है। वहीं ओमप्रकाश पर गोलीबारी करने के बाद शिव राज और उसके पिता सहित घर के सभी परिजन घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

**मृत युवती से जुड़ा है मामला,इसी बदले कि भावना से कि गई गोलीबारी**

भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल पोडा गेट स्थित पंचायत भवन के समीप शिवराज व उसके दो मित्र विक्रम और प्रित के द्वारा पक्का धोडा निवासी कोयला कारोबारी ओमप्रकाश साव को शुक्रवार देर रात साढ़े नौ बजे रेकी करने के बाद पंचायत भवन के समीप गोली मारी गई। हालांकि ओमप्रकाश अब खतरे से बाहर है। वहीं इस घटना के पिछे मृत युवती शिवानी से जुड़ा मामला सामने आया है। जिसमे शिव राज और शिवानी के बिच लंबे अरसे से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस मामले में ओमप्रकाश ने दोनों के बिच हस्तक्षेप किया था।और दोनों को मिलने पर रोक लगाया करता था। वहीं मृत युवती शिवानी ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या कर ली थी। यही बात शिवराज को नागवार गुजरी और इसी बदले कि भावना से शिव राज और ओमप्रकाश के बीच कई बार झड़प भी हुई थी। मौका पाते ही शिवराज ने बिते शुक्रवार को ओमप्रकाश को गोली मार दी। वहीं इस गोलीबारी घटना में शिवराज के मित्र विक्रम और प्रित ने होंडा साइन मोटरसाइकिल से ओमप्रकाश कि रेकी कर रहे थे। वहीं पंचायत भवन के समीप शिवराज अपनी बुलेट मोटरसाइकिल जेएच 24 जे 7491 पर पहले से मौजूद था। वहीं शिव राज के मित्र पल पल कि रिपोर्ट उसे मोबाइल पर दे रहे थे।

**शिवराज ने बिहार से हथियार व गोलियां मंगवाई थी, गिरोह को करता था सप्लाई**

गुप्त सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार सयाल मदरसा कालोनी निवासी बिहारी राम के पुत्र शिवराज श्रीवास्तव गिरोह के लिए हथियार सप्लाई का कार्य करता था। शिवराज रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र से हथियार सयाल लाया करता था। और अपने मित्र अंकित दास को हथियार रखने के लिए देता था। वहीं सयाल पोडा गेट में कांड करने से दो दिन पुर्व ही शिवराज ने बिहार से हथियार व गोलियां मंगवाई थी। यह कारोबार वह सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के जरिए ही करता था। वहीं गुप्त सुत्रो से यह भी जानकारी मिली है कि ओमप्रकाश पर गोली चलाने के बाद शिवराज अगले दिन शनिवार को इंस्टाग्राम पर अपने मित्रो से संपर्क कर क्षेत्र का हाल चाल पूछ रहा है। दोपहर करीब एक बजे के करीब उसने एक पोस्ट शेयर किया है। अब इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपराधी शिवराज को पुलिस कि थोड़ी भी भय नहीं है।

**भुरकुंडा ओपी प्रभारी ने कहा कि गोलीबारी घटना का जल्द होगा खुलासा**

भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में बिते शुक्रवार को हुई गोलीबारी घटना पर ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है। अपराधियों ने किस वजह से ओमप्रकाश पर गोली चलाई है। और इस घटना में कितने लोग शामिल हैं इसकी जांच चल रही है। गोलीबारी मामले कि तह तक जाएगी पुलिस। और जल्द ही इस गोलीबारी घटना का खुलासा किया जाएगा।

## ग्रामीण विकास सचिव से अंबा प्रसाद ने की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में राज्य संपोषित वर्ल्ड बैंक द्वारा संपोषित जोहार परियोजना को जारी रखने हेतु परियोजना कर्मीयों ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्रीनिवासन से मुलाकात की। इस जोहार परियोजना से वंचित हो रहे ग्रामीण,लाभुक और दीदी के साथ कैडर/कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड ग्रामीण विकास सचिव से एफपी भवन में उनसे मुलाकात कर उपरोक्त विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि जोहार परियोजना के द्वारा उन्नत कृषि, पशुपालन, मछली पालन, वनों पर आधारित एवं सीमित संसाधनों की पहचान कर आजीविका संवर्धन हेतु ग्रांट/सब्सिडी एवं प्रशिक्षित कर उनकी आय बढ़ाने में काफी मददगार साबित हो रही थी। जिसकी प्रशंसा एम- स्कील एलएफपीआरएल एक्सेस लाईव-ली हूड एवं स्वयं वर्ल्ड बैंक के द्वारा किया गया है। पर इधर, बीते 30 जून 2024 को जेएसएलपीएस के द्वारा परियोजना का समाप्ति कर दिया गया है। जिससे उक्त परियोजना से जुड़े सभी संबंधित केडर व कर्मीयों को परिवार पालने हेतु आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि जेएसएलपीएस के द्वारा एनआरईटीपी एवं एमकेएसपी परियोजना भी 30 जून 2024 को समाप्ति हो रही है। किंतु, अब जेएसएलपीएस द्वारा एनआरईटीपी और एमकेएसपी परियोजना को डे-एनआरएलएम योजना में समायोजित किया जा रहा है। जोहार परियोजना में कार्यरत सभी कैडर और कर्मियों के भविष्य एवं उन पर आश्रित परिवारों को ध्यान में रखते हुए, इन्हें डे-एनआरएलएम योजना में समायोजित करने हेतु विधायक अंबा प्रसाद ने कैडर/ कर्मीयों एवं लाभान्वित ग्रामीणों के साथ झारखंड ग्रामीण विकास सचिव निवासन से मुलाकात कर कर्मीयों की समस्याओं से अवगत कराया गया। वार्ता के दौरान मुख्य रूप से मंजू देवी,किरण देवी,जूली देवी, खुशबू देवी,शीला देवी, रेखा देवी, उपस्थित रहे ।

## पोटंगा में विस्थापित खतियानी मोर्चा पोटंगा नये कमेटी का हुआ गठन, अध्यक्ष अकल और सचिव विश्वनाथ बने

**उरीमारी :** पोटंगा के ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर शनिवार को शिव मंदिर परिसर में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता झन्नाराम एवं संचालन गणेश गंझू ने किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पोटंगा गांव की जो भी समस्या है उस समस्या का निदान के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। वहीं इस नये कमेटी का नाम विस्थापित खतियानी मोर्चा पोटंगा रखा गया। जिसमें सभी लोगों ने सहमति जताई। वहीं नये कमेटी का अध्यक्ष अकल मुंडा, सचिव विश्वनाथ मांझी, सहसचिव राजकुमार हेंब्रम, कोषाध्यक्ष गणेश गंझू, उपाध्यक्ष साहेब राम बेसरा, मनोज मुंडा, मुकुंद मुंडा,मदन करमाली,कौलेश्वर मुंडा, राजू गंझू, सहसचिव पप्पू मुंडा, दिलीप मुंडा, लालू मुंडा,बहा बेसरा, कृष्णा गंझू, मंटू मरांडी,संरक्षक धर्मदेव करमाली, प्रेम लाल मुंडा, झन्नाराम मांझी, गिरधारी प्रजापति, महेश गिरि,हंदू मुंडा, अनिल बेसरा, चंद्रदेव मुंडा, दिनेश मुंडा, नरेश बेसरा,झरी करमाली, कार्यकारिणी सदस्य कतिलाल कुमार,दहा टुडू,बाबू गंझू, मंटू मुंडा,अनुज मुंडा, सुनील साव, फुलेश्वर गंझू, रमेश मुंडा,छोटू मुंडा, महेंद्र गंझू, प्रकाश गंझू, सूरज कुमार मुंडा, उमेश मुंडा, बबलू मुंडा, राजेंद्र मुंडा,करमा मुंडा, बिनोद मुंडा सहित ग्रामीण मौजूद थे।



## मजदूरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाप्रबंधक कार्यालय उरीमारी में हो शिफ्ट : राजू यादव

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में शनिवार को राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में उरीमारी परियोजना व बिरसा परियोजना के विस्थापित ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बरका सयाल में वर्तमान काम कर रहे महाप्रबंधक कार्यालय को उरीमारी महात्मा गांधी स्टेडियम के समीप या उरीमारी शनिवार बाजार स्थित पुराने में खदान के समीप नया भवन निर्माण कराकर शिफ्ट किया जाए। सीसीएल उरीमारी क्षेत्र में महाप्रबंधक कार्यालय स्थापित करने के लिए काफी जमीन खाली पड़ी है। वहीं राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि उरीमारी क्षेत्र में महाप्रबंधक कार्यालय बनने से यहां के सीसीएल कर्मचारी सहित विस्थापित ग्रामीणों को वार्ता लाप कि सुविधा होगी। वहीं पुरे बरकासयाल क्षेत्र में सीसीएल कि मेन पावर उरीमारी क्षेत्र में ही अधिक है। लगभग पांच हजार सीसीएलकर्मी यहां काम करते हैं। मजदूरो व विस्थापितो कि सुविधा को देखते हुए यहां महाप्रबंधक कार्यालय सिफ्ट करना उचित होगा। वहीं इस बैठक में सीताराम किस्कू, मुखिया चरका करमाली,कानू मरांडी, सुखदेव सोरेन, राजेन्द्र प्रसाद यादव, लालू महतो, संजय यादव, कार्तिक डे, टहल गोप,सीगू मांझी,जतरू बेसरा, रामदुलार साव,दिपक कुमार, बलदेव मांझी,मनू टुडू,कजरू उरांव, बाल्मीकि यादव,चन्दू जयसवाल, राधेश्याम आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।




## रैयत विस्थापित मोर्चा की बेरुखी की वजह से हो रहा आंदोलन : संजुक्त मोर्चा

**गिद्दी :** संयुक्त मोर्चा के पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत दुर्गा मंडप के प्रांगण में गिद्दी लोकल सेल में मजदूरों की समुचित भागीदारी के सवाल पर आम सभा मोर्चा के संयोजक सुंदरलाल बेदिया की अध्यक्षता में हुई। जबकि आमसभा का संचालन प्रदीप रजक अजीत प्रजापति नेमान यादव सुदर्शन मंडल ने संयुक्त रूप से किया आम सभा में उपस्थित दंगल के मजदूरों से विचार विमर्श किया गया सभी लोग के विचार विमर्श के बाद निर्णाय लिया गया कि संयुक्त मोर्चा एवं रेयत विस्थापित मोर्चा के बीच समझौते को लागू करने का सवाल पर 4 जुलाई को दंगल सरदारों की बैठक में लिए निर्णय के आलोक में महाप्रबंधक अरगडा क्षेत्र परियोजना पदाधिकारी गिद्दी,अंचल अधिकारी दाढ़ी,थाना प्रभारी गिद्दी को आवेदन के माध्यम से समझौते को लागू करने के दिया गया था प्रबंधन व प्रशासन द्वारा संयुक्त मोर्चा के आवेदन पर किसी भी तरह का पहल नहीं किए जाने की स्थिति में आमसभा में निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई को महाप्रबंधक अरगड़ा क्षेत्र के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है बैठक में पाचू राणा राजेंद्र को आर डी मांझी, शाहिद अंसारी, नेमन यादव मनोज राम मोती साव, शशि भूषण सिंह, विजय प्रसाद सोहराय किसको धनु महतो तूफानी राम अमित राणा उमेश राम, गुलाम मुस्तफा,कैलाश महतो, रामप्रवेश गोप, गोबिंद राम, गोपाल शर्मा दिनेश्वर महतो, शिवनारायण मांझी, संतोष गुप्ता, महेंद्र तुरी,अनिता देवी, संगीत देवी, रीना देवी, गीता देवी, बसंती देवी आदि सैकड़ो की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है झारखंड सरकार : आजसू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** आजसू पार्टी रामगढ़ प्रखंड , छावनी परिषद, रामगढ़ सदर,कमिटी ने आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम किया..!! कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी एवं संचालन जिला सचिव लालचंद महतो ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सुनिता चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, मांडू विधान सभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित हुए इ्स मौके पर केन्द्रीय महा सचिव विजय साहू, जिला परिषद् सदस्य धनेश्वर महतो, जिला परिषद् सदस्य सरस्वती देवी, जिला परिषद सदस्य भोला तुरी, जिला परिषद सदस्य तपेश्वर महतो, पुर्व जिला परिषद सदस्य गोपाल चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य गोबिंद मुंडा, पूर्व जिला परिषद सदस्य कपिल देव मुंडा, केन्द्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, अमृत लाल मुंडा, मनोज महतो, हेमलाल महतो, मदन महतो , नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष युगेश बेदिया, इंतखाब



आलम, केंद्रीय सदस्य रीना साह, ने संबोधन किया। हल्ला बोल कार्यक्रम आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ से सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक सुनिता चौधरी, बड़कगांव विधान सभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी , मांडू विधान सभा प्रभारी तिवारी महतो के नेतृत्व में आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ से सुभाष चौक, बिजुलिया होते हुए जुलूस रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचा। अंचल कार्यालय पहुंचकर पार्टी नेताओं ने हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित किया।अपने संबोधन में सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार सिर्फ लूटने में मस्त है,जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है।

## मिशन ग्रीन रामगढ़ के तहत बरसात महीना में एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य : संतोष महतो

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोठार के बीएम चौधरी होटल परिसर से रामगढ़ ज़िले में एक लाख पेड़ लगाने और ज़िले को हरा भरा बनाने की मुहिम रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह जेबीकेएसएस के सदस्य संतोष महतो ने शुरू किया।मुहिम का नाम रखा गया है-मिशन ग्रीन रामगढ़।इस मुहिम से रामगढ़,चितरपुर,दुलमी और गोला के तीस लोगों को टीम का सदस्य बनाया गया है और पेड़(पौधा) वितरण की ज़िम्मेदारी दिया गया है। इस मुहिम के तहत वैसे लोग जो रामगढ़ से जुड़े हुए हैं और कहीं बाहर नौकरी अथवा व्यापार कर रहे हैं उनको भी जोड़ा जा रहा है।ज़िले के वैसे उत्साही युवा जो पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं और रामगढ़ को हरा भरा देखना चाहते हैं जिनको पर्यावरण और प्रकृति से प्रेम है उनलोगों का आपार समर्थन संतोष महतो के इस मिशन को मिल रहा है।मिशन ग्रीन रामगढ़ के इस अभियान से संतोष महतो ने क्षेत्र में सकारात्मक रचनात्मक और विकासात्मक राजनीति की मिसाल पेश की है।आज जहाँ अलग अलग योजनाओं,भारत माला,सड़क चौड़ीकरण और उद्योग धंधे के नाम पर रामगढ़ को हर कोने से उजाड़ा जा रहा है यहाँ की हरियाली और हवा पानी को प्रभावित हो रहा है दूसरी ओर सरकार एयर संबंधित विभाग उदासीन रवैया दिखा रहा है।एक समय रामगढ़ की पहचान सबसे हरे भरे और प्रकृति के गोद में बसे ज़िले के रूप में स्थापित थी जो कि कई तरफ़ से घाटी क्षेत्र में बड़ा हुआ है लेकिन यहाँ आज पेड़ इस तरह से काटे जा रहे हैं कि पूरा ज़िला उजाड़ हो चुका है।ईंट भट्ठे,उद्योग और अलग अलग प्रोजेक्ट बैठाने के नाम पर लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं जो की बढ़ते तापमान,धूल और प्रदूषण का वजह बना गया है। प्रदूषण विभाग और वन विभाग और संबंधित विभाग की मिलीभगत से वन उजाड़े जा रहे हैं।

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर लोधमा में मारुति नंदन प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी पूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के लोधमा गांव मे श्री श्री 1008 मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ महा अनुष्ठान की तैयारी पूरी कर ली गई है, यज्ञ मंडप की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है प्रवचन के लिए श्रद्धालुओं को बैठने हेतु विशाल पंडाल लगभग बनकर तैयार हो चुका है बताया गया कि 20 जून को भूमि पूजन व ध्वजारोहण किया गया था, इस माह मे 8 जुलाई को कलशस्थापना,गंगा जल यात्रा जिलाअधिवास होगा 9 जुलाई को सुबह आरती बेदी पूजन मंडप परिक्रमा, 10 जुलाई को बेदी पूजन पाठ अनाधवास हवन आरती, 11 जुलाई को मारुति नंदन मूर्ति का नगर भ्रमण एवं पुष्पांजलि होगा तथा 12 जुलाई को कन्या पूजन महायज्ञ पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ रात्रि मे भगवती जागरण का भव्य आयोजन रखा गया है, लोधमा गांव में बने नवनिर्मित हनुमान मंदिर निर्माण हो चुका है मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति का स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा, मंदिर को रंग रोगन एवं लाइट से चकाचौध किया गया है । पांच दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान मे सुबह से लेकर देर रात तक एक से बढ़कर प्रवचनकर्ता होंगे शामिल द्व बनारस अयोध्या एवं वृंदावन से प्रवचन कर्ता पहुंचेंगे धार्मिक भजन एवं अखंड हरि कीर्तन का भी कार्यक्रम होगा, इस महायज्ञ में सुप्रसिद्ध कथा वाचक साध्वी लक्ष्मी रामायणी,



श्रीधाम वृंदावन,यज्ञाधीश सुजीत तिवारी, आचार्य संजय शास्त्री, आशीष शास्त्री,नितेश शास्त्री सहित कई यज्ञाचार्य शामिल रहेंगे, उक्त आशय की जानकारी लोधमा निवासी महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक रघु यादव संरक्षक शंभू बेदिया अध्यक्ष बबलू यादव उपाध्यक्ष धनेश्वर यादव सचिव राजकुमार यादव कोषाध्यक्ष अजीत गोप सह सचिव प्रकाश यादव, के अलावे भानु यादव,शैलेंद्र यादव, दिलीप यादव,अनूप यादव रोहित यादव, लालू कुमार, नरेश बेदिया, झरी बेदिया, मदन यादव, शंकर यादव, जलेश्वर बेदिया,देवनंदन यादव, हीरा गोप,अजीत यादव, कृष्ण यादव,संजय गोप,तिलेश्वर गोप, मनोज गोप,भवानी यादव, महेश यादव, परमानंद यादव,गोपाल बेदिया,सूरज यादव,जागेश्वर यादव,कैलाश यादव, गणेश यादव, भरत यादव,महेश यादव, भवानी यादव सहित कई लोगों का सहयोग है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में उपस्थित हुए आदित्य साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** शनिवार को रामगढ़ फोरलेन हथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में डॉक श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी का मंच संचालन महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने किया जिसमे मुख्य वक्त के रूप में राज्यसभा सांसद सह भाजपा के वरिष्ट प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू जी उपस्थित हुए।आदित्य साहू ने इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को तत्कालीन प्रधामंत्री नेहरू के द्वारा आजादी के बाद पाकिस्तानी समक्ष के साथ हुए विवादित नागरिकता कानून जो मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए उठाया गया बहुसंख्यक हिंदुओं के विरोध में वो कदम था जिसका एकमात्र लाभ मुस्लिमों को मिलना था और इस द्विपक्षीय समझौते को लियाकत समझौता या दिल्ली समझौते के नाम से जाना गया। का जिक्र करते हुए कहा की लियाकत-नेहरू समझौता (या दिल्ली समझौता ) भारत और पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय संधि थी, जिसमें शरणार्थियों को अपनी संपत्ति का निपटान करने के लिए लौटने की अनुमति दी गई, अपहृत महिलाओं और लूटी गई संपत्ति को वापस किया जाना था, जबरन धर्मांतरण को मान्यता नहीं दी गई, और अल्पसंख्यक अधिकारों की पुष्टि की गई थी पर हो इसका बिलकुल अलग रहा था।भारत में तो शांति थी पर पाकिस्तानी हिंदुओं को इस समझौते का कोई लाभ नहीं मिल रहा था जिसका विरोध डॉक मुखर्जी ने मुखर रूप से किया था और इसके बाद भी उनके द्वारा जनसंघ की नीव रखी गई।इस गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए रामगढ़ जिले के वरिष्ट भाजपा नेता रंजीत सिन्हा ने बताया की आज आजाद कश्मीर भारत का हिस्सा डॉक श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की राजनीतिक सोच और देश के प्रति उनका समर्पण का हीं परिणाम है वरना अपने हीं देश का हिस्सा रहे कश्मीर में भी किसी भारतीय नागरिक को बिना परमिट लिए जाना नामुमकिन था। विचार गोष्ठी का धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री रंजन फौजी ने किया और इस गोष्ठी में मुख्य रूप से वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,सरिता चौधरी,मंत्री राजेंद्र कुशवाहा, दिलीप सिंह,वसूध तिवारी,संजीव बावला,मीडिया प्रभारी राजीव पामदत,सत्यजीत चौधरी,प्रवीण सोनू,उमेश प्रसाद,महेंद्र प्रजापति,कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव,मनोज गिरी,संजय शाह,बबलू साव,तोकेश सिंह,शिवकुमार महतो,अनमोल सिंह,विजय जयसवाल,रोबिन गुप्ता,संजय सिंह,लक्ष्मी देवी,शीतल सिंह, प्रिया करमाली,विजय ओझा,सैय्यद किरमानी इत्यादि दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस मना

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ जिला मे राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस पंचवटी होटल के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इरत कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मो0 गुलजार अंसारी में किया एवं संचालन जिला प्रवक्ता सुबोध सिंह में दिया। इस क्रार्यक्रम में मुख्य अतिथी प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव एवं विशिष्ठ अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव शामिल हुए। एवं लोगो ने अपने-अपने बक्तव्य दिए इस अर्थम में मुख्य अतिथी रमेश प्रसाद यादव ने कहा कि आज बड़े गर्व से कहता हूँ कि आज राजद का 28 वां वर्षगांठ मना रहे हे आज हम लोग यहाँ यह संकल्प लेते है कि हमारी पार्टी गरीब गुरबो अल्पसंख्यको , आदिवासियो एवं गरीबो के विकाश कैसे हो इसके लिए हमलोग प्रयास करते रहेगे। एवं जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा संधर्ष करता रहा है एवं हमलोग गरीबों के लिए काम करता रहेंगे।इस कार्यक्रम में विभिन्न लोग उपस्थित हुए । युवा प्रदेश महासचिव संजय यादव, एक राजद बदेश महरा सदिर राजा पालन बदरी विश्वकर्मा भानू यादव, मो0 शाहिद सिद्धो की -महबुक मेट्रीकी नगर अध्यक्ष अध्यक्ष अशोक यादव, कमल गोप एवं मो अलीजान, अंसारी, अयूब अली, परसुराम यादव दिनेश यादव इत्याती लोग शामिल हुए ।





कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन० आर०ई०पी०–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 09/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,एन०आर०ई०पी०–1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 15.07.2024 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 16.07.2024 को 3.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 18.07.2024 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०–1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 स0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र संयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खेलारी प्रखण्ड के पंचायत हुटाप ग्राम जोराकाठ यू0पी0जी0 प्राईमरी स्कूल जोराकांठ में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष बाल एवं बालिका के लिए शौचालय एवं चाहरदीवारी निर्माण | 44,61,000.00 | 90,000.00 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | खेलारी प्रखण्ड के पंचायत तुमांग के ग्राम करकट्टा में प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कमरा का निर्माण | 19,30,000.00 | 40,000.00 | 5000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | खेलारी प्रखण्ड के पंचायत तुमांग के ग्राम करकट्टा में प्राथमिक विद्यालय में पेयजल एवं शौचालय का निर्माण | 8,68,000.00 | 18,000.00 | 1,250.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | खेलारी प्रखण्ड के पंचायत तुमांग के ग्राम करकट्टा में दुब आंगनबाड़ी में शौचालय पेयजल एवं चाहरदीवारी का निर्माण कार्य | 12,99,000.00 | 26,000.00 | 2,500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | खेलारी प्रखण्ड पंचायत खेलारी के ग्राम पिस्का आंगनबाड़ी से गंझु बेदिया के घर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण | 14,33,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :– 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1, राँची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगे।
3. B.O.Q लेने के समय अग्रधन की राशि (F.D) साथ मे Regitration, Ucan, Character Copy लगाना अनिवार्य होगा तभी B.O.Q दिया जायगा।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०–1,राँची

PR 328886 NREP(24-25).D

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**महुदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रखण्ड कार्यालय बाघमारा में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए धनबाद के राजीव कुमार ने सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बाघमारा डा0 सुषमा आनन्द सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बाघमारा रवि भूषण प्रसाद सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी तोपचांची संजय कुमार सिंह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बिमला कुमारी एवं कम्प्युटर ऑपरेटर और सभी बीएलओ सुपरवाईजर की समीक्षा बैठक किया गया ,बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव कुमार ने बैठक में हाउस टू हाउस एवं फार्म 6,7, और 8 पर बीएलओ सुपरवाईज बाईज अध्ययतन रिपोर्ट लिया गया ,जिसका काम में लपवाही देखा गया उन्हे डाट फटकार लगाई गई एवं जो बीएलओ चुनाव संबंधित कार्य करने में लपरवाही करेगी वैसे बीएलओ पद के अलावे मूल पद से भी हटाने के लिए कार्रवाई किया जायेगा । सभी कार्य समय से पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे विकास कार्य में तेजी लाने के लिए पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ भी बैठक कर कई निर्देश दिये ।

## बिजली के चपेट में आने से एक मवेशी सहीत एक युवक की हुई मौत

**गिरिडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):**गिरिडीह जिला के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बदवारा पंचायत के पिपरीटांड में शुक्रवार को करंट की चपेट में आने से एक युवक सहित पशु की मौत हो गई। घटना देर शाम की बताई जा रही है। बताया जाता है कि बूंदाबांदी हल्की बारिश हो रही थी इसी बीच बांस के पोल में बंधी तार गिर गया था जिसकी चपेट में एक पशु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, उसे बचाने की प्रयास से पिपरीटांड निवासी कोकील महतो के 30 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार वर्मा गिरे हुए बांस खंभा को उठा रहा था। गिरे हुए तार को उठाने के क्रम में प्रदीप कुमार वर्मा भी तार की चपेट में आ गए उस समय तार में विद्युत प्रवाह बनी हुई थी, जिससे प्रदीप कुमार वर्मा झुलस्कर बेहोश पड़े हुए थे। परिजनों को जब भनक लगी तब आनन-फानन में भागे दौड़े आए। बड़ी मशक्कत के साथ ग्रामीणों की सहयोग से प्रदीप कुमार वर्मा को तार से अलग कर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह ले गया जहां इलाज के पूर्व ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दी। इधर इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चित्कार मच गया। बताया जाता है कि प्रदीप कुमार वर्मा अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री के साथ अपनी पत्नी को छोड़ गया है। खबर लिखे जाने तक शव घर तक नहीं पहुंच पाया था।

## महुदा पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला के महुदा थाना पुलिस ने एक वारंटी को पकड़ कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है की स्थाई वारंटी चंदू महतो पिता, महादेव महतो , ग्राम पदुगोड़ा, थाना महुदा वारंटी के बाद फरार चल रहा है जिसको महुदा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेजा दिया है।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 में स्थानीय स्तर पर रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला के अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में दिनांक 10 जुलाई को 3792 पदों के लिए सुबह 10:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक होगा रोजगार मेला का आयोजन धनबाद : श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उदेश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 का आयोजन 3792 पदों के लिए किया जा रहा है। वैसे इच्छुक सभी अभियार्थी जो इस रोजगार मेला में शामिल होना चाहते है वे इस रोजगार मेला में महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के साथ शामिल हो सकते है। दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 दिनांक 10 जुलाई को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ धनबाद में पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 04:00 तक रहेगी। अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति लेकर आनी है। रोजगार मेला में 07 हजार महीना से लेकर 52 हजार तक की नौकरी मिलेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंध होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंध कार्ड, अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ रोजगार मेला में भाग ले। इस रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। अधिक जानकारी के लिए नियोजनालय से संपर्क कर सकते हैं।

## समाजसेवी शब्बीर आलम उर्फ तुफ्फू के बड़े भाई का निधन, आज होंगे सुपुर्द ए खाक

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नया बाज़ार स्थित भट्टा मोहल्ला निवासी समाजसेवी सह धनबाद फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष शब्बीर आलम उर्फ तुफ्फू के बड़े भाई महताब आलम का अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वे 52 वर्ष के थे। वे अपने पिछे भरा पुरा परिवार छोड़ कर चले गए। वहीं परिजन का रो रो कर कर बुरा हाल है। स्व महताब आलम के देहांत की खबर पुरे क्षेत्र मे आग की तरह फैल गई और उनके घर पर सांताव्ना देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी लोग इस खबर को सुन कर हत्प्रभ थे। वहीं मौके पर शब्बीर आलम उर्फ तुफ्फू ने बताया की दिनांक 07-07-24 को उनके बड़े भाई स्व महताब आलम की जनाज़े की नमाज दोपहर के 1:30 बजे नया बाज़ार ईदगाह मस्जिद मे अदा की जाएगी और उसके बाद रांगाटांड स्थित पुरानी कब्रिस्तान मे उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। उन्होने सभी लोगों से इस मौके पर शामिल होने और स्व महताब आलम के हक मे दुआ करने की अपील की है।

## विधायक राज सिन्हा ने स्व. जगजीवन राम को दी श्रृद्धांजलि

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):**स्वतंत्रता सेनानी सह भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री बाबूजी के नाम से जाने जाने वाले स्व. जगजीवन राम जी की पुण्यतिथि पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सेंट्रल हॉस्पिटल के प्रांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर निर्मल प्रधान, रवि सिन्हा, आनंद खंडेलवाल, जेपीएन सिंह, बब्लू फरीदी, महेंद्र बरनवाल, अभिमन्यु कुमार, गुपु सिन्हा, रंजय सिंह, अभिषेक राज राय, मंजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

**गिरिडीह :** एक देश एक विधान का नारा देने वाले,भारत की एकता, अस्मिता व अखंडता हेतु अपने प्राणों का बलिदान देने वाले प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता व विचारक, महान शिक्षाविद्, जनसंघ के संस्थापक तथा हमारे पथ प्रदर्शक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर पर गिरिडीह विधानसभा के निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी के आवासीय कार्यालय में जयंती कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री शाहाबादी एवं अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया । मौके पर पूर्व विधायक श्री शाहाबादी ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद जी का पूरा जीवन प्रेरणा का स्रोत है। कहा की देश के अखंडता अस्मिता के लिए उन्होंने एक देश एक विधान का नारा दिया एवं कश्मीर में धारा 370 हटाने के लिए उन्होंने जीवन पर्यंत संघर्ष किया । आज उन्हीं के शुरू किए गए आंदोलन का परिणाम है की वर्तमान में नरेंद्र मोदी की सरकार में कश्मीर से धारा 370 हटाकर और वहां तिरंगा फहराया गया। कहा कि वे एक प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता व विचारक, महान शिक्षाविद् थे। इन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना किया और उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के रूप में एक बरगद के समान विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन के रूप में रूपांतरित है। आज करोड़ो कार्यकर्ता और उनके विचारों को मानने वाले उन्हें अपना आदर्श मानकर हम सभी उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का प्रयास करते है।

# आत्मा शासकीय निकाय व जिला खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह समाहरणालय सभागार कक्ष में उप विकास आयुक्त, दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय व जिला खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आत्मा गिरिडीह द्वारा संचालित कृषि तकनीक प्रचार प्रसार अंतर्गत प्रशिक्षण, परिभ्रमण, प्रत्यक्षण, किसान गोष्ठी, कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम, फार्म स्कूल आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में गिरिडीह जिले में 326.30577 लाख की कार्य योजना राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है।

PPT के माध्यम से जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा ने सभी सदस्यों के बीच आंकड़ा रखा। बताया गया कि इस बार जिला स्तरीय मेला धनवार प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जायेगी। साथ ही तिसरी, गांवा, बिरनी, पीरटाड़, देवरी में कृषक पाठशाला का आयोजन होगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (Food & Nutrition Security) कृषि उन्नति योजना नाम से संचालित की जा रही है।

जिसमें धान, मोटा अनाज, तेलहन, दलहन एवं (न्यूट्रो सिरियल) पोषक अनाज के प्रत्यक्षण हेतु प्राप्त लक्ष्य के अनुसार जिले में किया जा रहा है। जिनमें एक फसल (sole (rope), फसल पति एवं अन्तरफसलीच पद्धति से अलग अलग प्रलक्षण किए जाने पर विचार विमर्श की गई। इसके अतिरिक्त कृषि यंत्रों का वितरण अनुदानित दर पर जिले के किसानों को उपलब्ध कराया जायेगा। फसल प्रत्यक्षण अन्तर्गत जिले में धान-(IR-64-DRT-1) PNPH-24), मूँगफली - (Girnar-4), मम्का (मल-नय), अरहर - (1PA-203) का प्रत्यक्ष खटीक मौषम में किया जा रहा है। किसान पंप सेट, स्प्रेचर नेपसेक स्प्रेपर मशीन, पावर स्प्रेपर मयीन, रोटाभेटर, मिनी दाल मिल, मल्टी काप थ्रेसर आदि कृषि मंत्र प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक से संपर्क कर 50 प्रतिशत अधिकतम अनुदान राशि लगाकर प्राप्त कर सकते हैं।बैठक में उपरोक्त के अलावा जिला कृषि पदाधिकारी, एलडीएम, डीडीएम, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, उप निदेशक आत्मा समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड जमुआ में संपूर्णता अभियान की शुरुआत की गई

**गिरिडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को गिरिडीह ज़िले में नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड जमुआ प्रखंड में तीन माह चलने वाले संपूर्णता अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक क्षेत्र में सुधार के लिए निर्धारित किये गए छः इंडिकेटर में प्रगति लाने के लिए विशेष गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि अगले तीन महीने में शत्-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लेना है। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड अन्तर्गत 4 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक सम्पूर्ण अभियान चलेगा।

इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों/कर्मियों को निर्धारित प्लान और रणनीति के अनुरूप 30 सितम्बर 2024 तक हर हाल में शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर मासिक बैठक कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए। सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत 6 सूचकांक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीकरण बढ़ाना, उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जॉच को बढ़ाकर शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना, गर्भवतियों की स्वास्थ्य एवं पोषाहार में सुधार लाते हुए शत्-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना, किसानों की मिट्टी जांच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, जीविका द्वारा समूह ऋष्ण बढ़ाते हुए ससमय ऋष्ण देना और उसकी वसूली करना आदि के बारे में बृहत रूप से बताया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम भी किया गया। तथा कई किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान नीति आयोग के एसओ, नीति आयोग के ब्लॉक फेलो, रितेश कुमार व अन्य प्रखंड के अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध बालू लदा हाईवा व ट्रैक्टर जब्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने प्रातः 3 बजे से 7 बजे तक राजगंज व बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। इस संबंध में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में प्रातः 3:00 बजे से 7:00 बजे तक राजगंज व बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से लगभग 500 घनफीट अवैध बालू लदा हाईवा संख्या जेएच 10 बी.पी. 4506 तथा राजगंज थाना क्षेत्र से लगभग 100 घनफीट अवैध बालू लदा बिना नम्बर का ट्रेक्टर बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

जांच दल को देखते ही दोनों वाहनों के चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गये। तदोपरांत दोनों वाहनों के विरूद्ध संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच दल की अगुवाई खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक कर रहे थे। वहीं जांच दल में नवनियुक्त खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली एवं आवंटित पुलिस बल शामिल थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय पेशम में विद्यार्थियों के बीच किया गया पुस्तक का वितरण

**बिरनी :** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के पेशम में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अध्यनरत बच्चो के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त पुस्तक को स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा के हाथों वर्ग एक से वर्ग आठ तक के बच्चों के बीच किताब, कलम, पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स इत्यादि का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गुड्डु सिन्हा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, प्रधानाध्यापक नागेश्वर वर्मा , गुडिया देवी पूजा सिंह सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों के दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

## तोपचांची प्रखंड में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम, सौंपा मांग पत्र

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार से वाउचर-वाउचर खेल रहे हैं : सदानंद महतो



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यव्यापी भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी की ओर से चल रही हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत शनिवार को तोपचांची प्रखंड में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को 11 सूत्री मांग पत्र सौपा गया। कार्यक्रम में आजसू के महासचिव संतोष महतो ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में सभी पदाधिकारी भ्रष्ट हो चुके हैं। वहीं आजसू जिला संगठन के सचिव सदानंद महतो ने कहा कि तोपचांची प्रखंड के विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप है जिसके कारण जल नल योजना ठप पड़ गया है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य व्यवस्था भी पूर्ण रूप से लचर है, वहीं आंचल कार्यालय में बिना चढ़ावा के कोई काम नहीं होता। प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार से वाउचर- वाउचर खेल रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से भ्रष्ट पदाधिकारी को चेतावनी दी गई कि वह स्वतः चेत जायें। कार्यक्रम का नेतृत्व रमेश जायसवाल, सुरेश महतो, विनोद बिहारी महतो, दयाल महतो, विनोद महतो, रमेश मुनि, दुर्गा गोप, इकरामुल अंसारी, परमेश्वर महतो, मोहम्मद गुलाब रब्बानी, बिंदेश्वरी महतो, निरंजन मंडल, गीता देवी, प्रदीप केवट, गिरधारी महतो, प्रेमचंद महतो, भवानी महतो, राजू गोप, महेन्द्र महतो, सपन पाल, कृष्णा महतो, कमल दे तथा गीता देवी आदि मौजूद थें।

# एडीएम लॉ एंड आर्डर ने किया एसएनएमएमसीएच अस्पताल का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 06 जुलाई 2024 को एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, लावारिस वार्ड, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, पोइजन वार्ड, वाह्य विभाग, शिशु विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग, सर्जरी विभाग, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड केंद्र, जेनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आईसीयू, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग अंतः कक्ष समेत विभिन्न विभाग एवं सेंटर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। साथ ही उन्होंने मरीज से बातचीत कर राउंड पर डॉक्टर के आने, नर्स द्वारा समय पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराने, साफ सफाई की व्यवस्था, चादर बदलने, साफ सफाई समेत दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। मरीज ने समय पर डॉक्टर के राउंड पर आने पर सहमति जताई। निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड में कई पुरुष उपस्थित दिखे जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान को इन मामलों पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया और कहा कि महिला वार्ड में पुरुष नहीं रुके इसका ख्याल रखें। वही लावारिस वार्ड में गंदगी को देखते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने वार्ड के इंचार्ज को फटकार लगाते हुए अच्छी देखरेख एवं समुचित इलाज की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के उपरांत एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने एसएनएमएमसीएच के प्रिंसिपल सह अधीक्षक डॉक्टर ज्योति रंजन से वार्ता कर अस्पताल के विधि व्यवस्था, मरीजों को बेहतर इलाज एवं सुविधा प्रदान करने, साफ सफाई का ध्यान रखने समेत अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, प्राचार्य सह अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन, सुरक्षा व्यवस्था के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर शेखर सुमन , सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा समेत कई वरीय डॉक्टर मौजूद रहें।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर राज सिन्हा ने किया नमन



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखर राष्ट्रवादी, भारतीय जनसंघ के संस्थापक और भाजपा के प्रेरणापुंज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर सिटी सेंटर लुबी सर्कुलर रोड के समीप स्वर्गीय मुखर्जी की प्रतिमा पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता साथियों के साथ माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर बरटाँड मण्डल अध्यक्ष राजकुमार मण्डल, पूर्व पार्षद अशोक पाल, पुरुषोत्तम रंजन बबलू, मनोज भवानी, सरोज शुक्ला, टुल्ला सिंह, रिंकू सिन्हा, अमित सिंह, राणा सिंह, पंकज सिन्हा, मनोज मालाकार, मंजीत सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## मुखिया व सांसद प्रतिनिधि ने बच्चो के बीच किया गया पुस्तक का वितरण



**महुदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सीमाटांड में कांड्रा पंचायत के मुखिया रिंकू देवी एवम संसद प्रतिनिधि धनेश्वर महतो की उपस्थिति में बच्चों के बीच पुस्तक, एफ एल एन किट एवम विद्यालय किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे मुखिया ने विद्यालय मे एक शौचालय व विद्यालय की चाहरदिवारी देने की बात कही। इस कार्यक्रम मे विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार सुमन, विष्णुदेव मिश्र एवम सी आर पी बहादुर महतो उपस्थित थे। इसके अलावा विद्यालय प्रबन्ध समिति , माता समिति एवम गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बनने पर हेमंत सोरेन को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद ने दिया बधाई



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही हेमंत सोरेन को सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सी एम आवास पहुंचे और पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दिया तथा झारखंड विधानसभा की कार्रवाई बढ़ाने संबंधी पत्र जारी किया और राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में विधायक के निजी सचिव बसंत महतो तथा अन्य लोग भी मौके पर उपस्थित थे।

## अंतर सदनीय हैंडबॉल व बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता संपन्न




**झरीया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में 29 जून तथा 6 जुलाई 2024 को खेले गए अंतर सदलीय हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पूर्ण हुआ। साथ ही पांचवी तथा छठी के बच्चों ने योगासन एवं सूक्ष्म व्यायाम कर खुद को स्वस्थ रखने के लिए अभ्यास किया। 29/6/2024 को खेले गए हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम दयानंद, द्वितीय बिरजानन्द तथा तृतीय स्थान पर श्रद्धानन्द रही। वही बालक वर्ग में प्रथम श्रद्धानन्द, द्वितीय दयानन्द तथा तृतीय स्थान पर विरजानन्द रही।

दूसरी ओर खेले गए बास्केटबाल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम हंसराज, द्वितीय दयानंद एवं तृतीय स्थान पर विरजानंद रही।वही बालिका वर्ग में प्रथम हंसराज, द्वितीय श्रद्धानंद, तृतीय स्थान पर विरजानंद रही। 6/7/2024, दिन शनिवार को खेले गए हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम विरजानंद, द्वितीय हंसराज तथा तृतीय स्थान पर दयानंद रही। वही इस खेल के बालक वर्ग में प्रथम श्रद्धानंद, द्वितीय हंसराज तथा तृतीय स्थान पर दयानंद रही। दूसरी और खेले गए बास्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम श्रद्धानंद, द्वितीय बिरजानंद तथा तृतीय स्थान पर दयानंद रही। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी %येलो डे% में बढ़ चढ़ कर लिया भाग। बच्चों के प्रदर्शन को देखते हुए स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनके बच्चे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उनका मानना है कि जब तक उनका हर एक बच्चा मेडल नहीं लेगा, तब तक उन्हें आंतरिक खुशी नहीं मिलेगी। मौके पर रेफरी संतोष कुमार सिंह, एड प्रसाद, योग शिक्षिका पिंकी विश्वास, सीसीए इंचार्ज मौसमी आदि मौजूद थे।

# नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ. बानुश्री वेल्पांडियन ने जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम अंतर्गत आज शनिवार को जिला स्तर पर संपूर्णता अभियान की शुरूआत नगर भवन, लोहरदगा में हुई। इस अभियान का शुभारंभ नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ बानुश्री वेल्पंडियन, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ ने कहा कि हमें आकांक्षी जिला होने के कारण कुछ निर्धारित इंडिकेटर्स में संपूर्णता अभियान में उपलब्धि हासिल करनी है। इसमें अपने शारीरिक क्षमता, मानसिक संकल्प के अनुसार कार्य करना है। स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास,स्वयं सहायता समूह और शिक्षा के क्षेत्र में कुछ बिंदु निर्धारित किये गये हैं जिनमें



सफलता के लिए तेजी से कार्य करना है। इन इंडिकेटर्स की उपलब्धि के लिए हम सभी के पास तीन महीने हैं। किसान, गर्भवती महिला, युवक/युवतियां और बच्चे इस अभियान का हिस्सा हैं। सभी को समन्वय के साथ निर्धारित इंडिकेटर्स की उपलब्धि हासिल करनी है। प्रशासन और प्रजा को साथ-साथ इस कार्य को करना है। सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। संगठित रूप से हम सभी को आगे बढ़ना है। नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ ने कहा कि उपलब्धि हासिल करने के लिए आप सभी को जागरूक होना होगा। सरकार की सुविधाओं को आपको प्राप्त करना है। आप सभी इसके लिए जागरूक हों और दूसरों को भी जागरूक करें। जब लोग सक्षम होंगे तो सभी का विकास होगा। भारत सर्वक्षेष्ठ बनेगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने अभियान के शुभारंभ पर कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना स्वास्थ्य,स्वयं सहायता, शिक्षा, कृषि, स्वयं सहायता समूह के क्षेत्र की बेहतरी के लिए शुरूआत की गई है। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के दौरान प्रथम तीन माह बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में उनकी प्रसव पूर्व जांच बहुत ही जरूरी है। इस बच्चों का स्वास्थ्य निर्भर करता है। गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच के लिए रजिस्ट्रेशन, उन्हें पूरक आहार समय पर दिया जाना अतिमहत्वपूर्ण चरण है। इसके बाद जब बच्चे का जन्म होता है तो उसका 9 से 12 माह तक की उम्र में सभी टीकारण जो निर्धारित हैं,वे महत्वपूर्ण हैं। इन टीकों के कारण वह बच्चा किसी गंभीर बीमारी की चपेट में नहीं आता है। 10-20 वर्ष पहले पोलियो भारत देश में था लेकिन अब टीकाकरण के कारण यह देश से समाप्त हो चुका है। किसानों को अपने मिट्टी का स्वास्थ्य जानना बहुत जरूरी होता है क्योंकि किसान की फसल का उत्पादन इसी पर निर्भर है। मिट्टी में किस तत्व की कमी है यह मिट्टी जांच से पता चलता है और उसी के बाद उपचार किया जाता है। हमारा लक्ष्य सौ फीसदी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देना है। इसी प्रकार शिक्षा अंतर्गत सभी विद्यालयों में बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण सौ फीसदी कर लिया जाना है। इस अभियान को सफल बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि आकांक्षी जिला अंतर्गत चयनित जिला होने के कारण यह अभियान आज प्रारंभ किया जा रहा है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम सभी को इस अभियान का हिस्सा बनाया गया है। वर्ष 2018 में इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी। नीति आयोग के इस कार्यक्रम में जिला के विकास के लिए कई योजनाएं सरकार के द्वारा दी जा रही है। हम सभी को इसका लाभ उठाना है ताकि जिला को आकांक्षी जिला से प्रेरक जिला की ओर हम ले जा सकें। हम सभी को स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, स्वयंसहायता समूह, महिला एवं बाल विसा आदि विभागों में निर्धारित इंडिकेटर्स को सौ प्रतिशत हासिल करना है। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को निर्धारित इंडिकेटर्स को हासिल करने के लिए उपायुक्त द्वारा शपथ भी दिलायी गई। सभी अतिथियों द्वारा इन इंडिकेटर्स को हासिल करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली गई। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से पांच किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया और बाल विकास परियोजना के स्टॉल पर अन्न प्राशन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिला जनसम्पर्क की ओर लोकनाथ लोहरा कला जत्था द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स पर प्रस्तुति भी दी गई।

## संपूर्णता अभियान को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीति आयोग की ओर से प्रारंभ अभियान संपूर्णता अभियान को लेकर आज प्रभात फेरी का आयोजन समाहरणालय प्रांगण लोहरदगा से नगर भवन तक किया गया। इसका शुभारंभ जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह और आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग द्वारा हरी झंडी दिखा कर की गई। इस प्रभात फेरी में नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस प्रभात फेरी में छात्र-छात्राओं द्वारा बैनर व तख्तियों के माध्यम से संपूर्णता अभियान को सफल बनाने की अपील की। संपूर्णता अभियान में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच निबंधन, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत गभवर्ती महिलाओं को पोषाहार दिया जाना, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 9 से 12 माह के बच्चों का टीकाकरण, शिक्षा विभाग अंतर्गत स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, जेएसएलपीएस अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड उपलब्ध कराना और कृषि विभाग अंतर्गत सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना है। यह सभी उपलब्धियां अगले तीन माह यानी सितंबर माह तक हासिल कर लिया जाना है। आज इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कैरो के हनहट में सुप्रसिद्ध रथ मेला आज, तैयारी पूरी, प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड के हनहट गाँव मे एतेहासिक रथ मेला का आयोजन आज 07 जुलाई रविवार को होगी। उक्त मेले मे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और वहन सुभद्रा जिस रथ पर होकर सवार मौसी बाड़ी तक जायेंगे उसकी तैयारी को अन्तिम रुप देने के लिये कारीगर पिछ्ले एक सप्ताह से ही जुटे हुए हैं। आयोजन समिति के मोहन साहू, शशिकान्त सिंह, विकास भगत, सीताराम महतो, गोविंद महतो, विनोद सिंह, श्याम सुन्दर उराँव, हरिहर यादव, बालेश्वर साहू, बसंत महतो, सीताराम महतो, विष्णु उराँव, सुनील यादव इत्यादि ने बताया कि हनहट रथ मेला का इतिहास अपने-आप मे काफी पुराना एवं अनोखा है, यह रथ मेंला आजादी के वर्षो पूर्व से लगते आ रहा है, मेला स्थल देवी मंडप के पास आज 07 जुलाई को सुबह से ही भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और वहन सुभद्रा की पुजा अर्चना के लिए आसपास के गाँव टाटी, सढाबे, खरता, गितिलगढ़, ईटरा, चड़रा, फूलसूरी, महुँगाँव, गणेशपुर, मेलानी, शिलागाई, शोंस, पतरातू इत्यादि गाँवो के श्रद्धालु इकठ्ठा होने लगते हैं,सुबह से लेकर अपराह्न तक पुजा को लेकर श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लग जाती है,शाम 05 बजे उक्त रथ मे सवार होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, एवं वहन सुभद्रा को मौसी बाड़ी तक ले जाये जायेंगे जहाँ से 09 वें दिन वापस आने की परम्परा वर्षो से चली आ रही है। आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि आस्था की इस रथ मेले मे हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। संवाददाता द्वारा कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मति छन्दा भट्टाचार्य एवं थाना प्रभारी श्री नीरज झा से सुरक्षा के इंतजाम पर पुछे जाने पर पदाधिकारी द्वय ने बताया की प्रखंड की और से सहायक अभियंता राजीव कुमार एवं थाना की और से संजय कुमार सिंह के साथ थाना बल की भी मेले मे सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

## लोहरदगा डालसा ने झालसा, रांची के निर्देशानुसार फांसी लगाने वाले बंदी का लिया संज्ञान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची के निर्देश पर लोहरदगा डालसा सचिव राजेश कुमार ने दिनांक 5 जुलाई 2024 को बिरसा मुंडा जेल (होटवार जेल) में फांसी लगाने वाले विचाराधीन बंदी सोमरा उरांव, पिता मंगरा उरांव जो खकपतरा, थाना लोहरदगा के रहने वाले हैं के घर जाकर उसकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का संज्ञान लिया। उच्च न्यायालय एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सह उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश सूजित नारायण प्रसाद के निर्देश के अनुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव ने प्राधिकार के अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में पीएलबी अशोक कुमार यादव को फांसी लगाने वाले विचाराधीन



बंदी के घर भेजा। पीएलबी ने विस्तृत रिपोर्ट देते हुए यह बतलाया कि सोमरा उरांव जिसने बिरसा केन्द्रीय कारा में फांसी लगाई उसके कोई बच्चे नहीं है। उसकी पत्नी साजो- सामान के साथ अपने मायके में रहती है। उसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं थी, उसका इलाज चल रहा था। संयुक्त परिवार में रह रहे मृतक हत्या के मामले में सितंबर 2017 से जेल में बंद था। प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने लोहरदगा जिला आपूर्ति पदाधिकारी से त्वरित संपर्क कर पीड़ित परिवार को 50 किलो चावल दिलाया। और अन्य सरकारी स्कीम से जोड़ने के लिए पहल किया। इस संबंध में डालसा सचिव ने यह भी बताया कि नालसा,नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कर्तव्य स्कीम के तहत पीड़ित परिवार को सरकारी लाभ एवं अन्य सुविधा मुहैया कराने हेतु डालसा द्वारा पीएलवी अशोक कुमार यादव को नियुक्त किया गया है। अभी मृतक का अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही है। अतः कुछ और जानकारियां इकठ्ठा की जानी शेष है। जिसके लिए कैरो ब्लाक के पीएलबी अशोक कुमार यादव को अधिकृत किया गया है।

## ठाकुरबाड़ी मंदिर में नेत्रदान अनुष्ठान एवं भंडारे का हुआ आयोजन, आज धूमधाम से निकाली जाएगी रथ यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के गुजरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में रविवार को रथ यात्रा को लेकर महंत राम नरेश शरण ठाकुरबाड़ी मंदिर लोहरदगा, महंत ओमप्रकाश शरण श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर रांची च थेतुर्भुज दास, मनोज दास, अयोध्या दास, मोहन दास, शैलेश दास, वरुण दास, सर्वेश पाठक, विष्णु दास आचार्य विभाकर पाठक, विवेकानंद मिश्रा, संजय पुरोहित, दिगंबर मिश्रा, प्रेम शर्मा, अवधेश महंती व शुभम पुरोहित द्वारा विधिवत भगवान जगनाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के सभी विग्रहों का नेत्रदान व श्रृंगार अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इस दौरान आचार्यो द्वारा विधिवत हवन पूजन के पश्चात नेत्रदान व श्रृंगार किया गया। मौके पर रथ मेला के आयोजन समिति के प्रधान सेवक



राधा मोहन शर्मा एवं मनोज दास ने कहा कि रविवार को चलती रथ मेला को लेकर सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। मेले में शांति व्यवस्था को लेकर आयोजन समिति द्वारा कंट्रोल रूम का निर्माण भी किया गया है। जिसमें आयोजन समिति द्वारा गठित स्वयं सेवी दल द्वारा मेले में शांति व्यवस्था को लेकर तैनात रहेंगे। भगवान जगनाथ,भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ में आरूढ़ होकर ईस्ट गोला रोड एवं अखिलेश्वर धाम स्थित मौसीबाड़ी पहुंचेंगे। साथ ही गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें मुख्य रुप से त्रिवेणी दास, चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, मनीर उरांव, नवीन कुमार टिंकू, राजकुमार वर्मा, आलोक साहू, अजय साहू, संजय चौधरी, अभय महतो, राकेश राय, प्रणव कुमार पाठक के अलावे सैकड़ों श्रद्धालु भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी, दरवाजा तोड़ खाया किसान का अनाज, दशहत में ग्रामीण



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 05 जुलाई शुक्रवार की रात दर्जनो जंगली हाथियों के झुंड से विछड़ कर एक हाथी रात्रि कैरो नहर के समीप आदिवासी मसना के पास पहुँच गया। जिसे देखने के लिये रात को ही अपने हाथो मे टार्च लिए अनेको लोगो का हुजूम लग गया। लोगो की भी और टार्च की रौशनी देख हाथी वापस जाने के क्रम मे कैरो के सढ़ाबे पंचायत के एडादोन गाँव पहुँचा। एडादोन बाजार टांड के समीप 05 जुलाई को ही रात्रि लगभग 10 बजे विगू उराँव पिता स्व0 विरसा उराँव का घर हाथी पहूँचा, रात होने के कारण घर का दरवाजा अंदर से बन्द था घर के सभी लोग खाना खाकर सोये हुए थे कि धड़ाम, धड़ाम कर के हाथी ने विगू उराँव के घर का दरवाजा तोड़ डाला, और घर मे रखे लगभग 03 बोरा धान व चावल को सफाचट कर गया। विगू उराँव का कहना है कि हमलोग बरसात के घर खर्चा के लिये अनाज घर मे रखा था जिसे हाथी सफाचट कर गया। हाथी के इस प्रकार के झुंड से अलग हो कर एक हाथी के विछड़ कर पुनः गाँव पहूँचने और इस प्रकार की लोगो को क्षति पहुंचाने पर गाँव के लोग भय और दशहत में हैं ग्रामीण।

## जिप सदस्य व मुखिया ने 70 किसानों के बीच बाटे मूंगफली बीज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत प्रखंड के 70 किसानों के बीच 10 किलो मूंगफली बीज व नेनो यूरिया का वितरण जिप सदस्य राजमनी उरांव, स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली व बीटीएम प्रियांशु मिंज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान बीटीएम प्रियांशु मिंज ने लाभुकों को बताया कि बीज वितरण के लिए कृषक मित्रों द्वारा किसान की सूची ग्राम सभा पारित किया जाता है। जिसके बाद ब्लॉक चयन टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से बीज का वितरण किया जाता है। जिसके लिए किसान को आधार संख्या, ओटीपी तथा खाता व प्लांट नम्बर देना पड़ता है। तब जाकर किसानों तक बीज वितरण होता है। मौके पर बीज वितरण कार्यक्रम में कृषि विभाग कि एटीएम सहायक अजय कुमा, उदरंगी, मसमानो, भीठा पंचायत के किसान सहित कृषक मित्र चन्द्रिका सिंह मौजूद थे।

## बूथ अध्यक्षों को सम्मानित करेगी भाजपा

## भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जन संघ (बाद में भारतीय जनता पार्टी) संस्थापक सदस्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती जिला कार्यालय में मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मनोज साय कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद सह अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे उन्होंने 21 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ स्थापना की। वह एक दक्ष राजनीतिज्ञ विद्वान और स्पष्ट वादी के रूप में अपने मित्रों और शत्रुओं द्वारा समान रूप से सम्मानित थे। डॉ मुखर्जी जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया। नेहरू से अलग होने के बाद लियाकत नेहरू समझौता का विरोध करते हुए





मुखर्जी ने नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। साथ ही राज्यसभा सांसद ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा की लोकसभा चुनाव में सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा में जो भी मत मिले हैं हम उसके लिए मतदाता कार्यकर्ता को धन्यवाद देते हैं, आने वाले विधानसभा चुनाव में कोलेबिरा विधानसभा एवं सिमडेगा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी और दोनों विधानसभा में अपना परचम लहरायेगी इसके लिए सभी कार्यकर्ता की जान से जुट जाएं,14 जुलाई को सिमडेगा विधानसभा के बूथ अध्यक्षों को लोकसभा चुनाव में उनके किए गए कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा एवं 15 जुलाई को कोलेबिरा बिधानसभा के बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही 20 जुलाई को रांची में बृहद कार्य समिति की बैठक में भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को मिलेगा मंच संचालन महामंत्री दिपक पूरी ने किया धन्यवाद ज्ञापन अनूप प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री विमला प्रधान मानोज साय श्रद्धानन्द बेसरा जीप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा सुजान मुंडा रामविलास बड़ाईक जीप सदस्य कृष्ना बड़ाईक ने भी संबोधित किया मौके पर अमरनाथ बामलिया भोला साहू पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर गोपाल केसरी मोहन बड़ाईक तुलसी साहू प्रणव कुमार राकेश रविकांत प्रधान रवि गुप्ता उपेंद्र श्रीवास्तव कृष्णा ठाकुर मानकीलाल कृष्णकांत सिंह देवकीनंदन साय मनिंदर बिंजिया सत्यनारायण प्रसाद घनश्याम सिंह तपेश्वर साहू मोतीलाल ओहदार विजय महतो प्रदीप बड़ाईक सुरजन प्रधान अशोक इंदवार नरेंद्र बड़ाईक सावित्री देवी पिंकी रानी शिखा अग्रवाल सत्यनारायण प्रसाद अजय सिंह नवीन सिंह श्री लाल साहू अशोक इंदवार नरेंद्र बड़ाईक महेश साहू उत्तम केरकेट्टा आलोक श्रीवास्तव शिवराज बड़ाईक देवकीनंदन साई दिनेश साहू अशोक रजक तपेश्वर साहू मुनेश्वर तिर्की अनिरुद्ध सिंह महेश सिंह प्रदीप बड़ाईक अर्जुन नायक कृष्णा राय कोटवार कामेश्वर प्रधान मौजूद थे।

## सुषमा नीलम सोरेंग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रवेशिक्षकोत्तर छात्रवृत्ति वितरण योजना को लेकर की बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग की अध्यक्षता में आज शनिवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रवेशिक्षकोत्तर छात्रवृत्ति वितरण योजना अंतर्गत ई-कल्याण पोर्टल पर छात्र-छात्राओं के ऑनलाईन आवेदन पत्रों को इंस्टीट्यूट नोडल ऑफिसर (आईएनओ) लेवल से वेरीफिकेशन करने तथा आईएनओ एवं डीएनओ लेवल पर लंबित छात्रों के आवेदन को सुधार करने के संबंध में बैठक आइटीडीए कार्यालय में ही आयोजित हुई। बैठक में जिला के अनुमोदित 27 शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत 289 छात्रों द्वारा आवेदन को सत्यापित करने और फिर उसके डिस्ट्रिक्ट लेवल ऑफिसर लेवल पर सत्यापित किये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार 25 शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के उक्त छात्रवृति योजना अंतर्गत ई-कल्याण पोर्टल पर आवेदित छात्र-छात्राओं के आधार संख्या को उनके बैंक खाता के साथ लिंक किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य/प्राधानाध्यापक आदि उपस्थित थे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई जयंती





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला के तत्वाधान में अटल भवन गुदरी बाजार लोहरदगा में की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीर ऊरांव ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता डॉक्टर अरुण ऊरांव भी उपस्थित थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पीत कर उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर डॉक्टर अरुण उरांव ने कहा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की विचारों को आगे लेकर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में भारतीय जनता पार्टी स्थापित हुई है। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता के एक प्रतिष्ठित परिवार में जन्म हुआ था उनके पिता कोलकाता हाई कोर्ट के जज थे उन्होंने 34 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय का वाइस चांसलर बने। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जवाहरलाल नेहरू सरकार में उद्योग मंत्री बने बंगाल विभाजन के समय केंद्र सरकार से उनकी मतभिनता हुई। वर्ष 1951 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के साथ मिलकर भारतीय जन संघ के नाम पर एक राजनीतिक दल का उन्होंने निर्माण किया। आजादी के बाद जम्मू कश्मीर को विशेष अधिकार देते हुए अलग से झंडा,संविधान एवं अलग प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय लिया गया, कि भारत के किसी भी नागरिक को जम्मू कश्मीर जाना होता था तो उसे परमिट लेना पड़ता था, जिसको लेकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने विरोध किया उनका कहना था एक देश में एक निशान एक विधान होना चाहिए इसी बात को लेकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने बिना परमिट के जम्मू कश्मीर में प्रवेश किया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय ढंग से उनकी मृत्यु हुई जो आज भी रहस्य है?। उनका कहना था इस देश में दो विधान दो निशान नहीं चलेंगे और उन्होंने एक देश एक विधान का नारा दिया था,जिसे आज के वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी की सरकार ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाकर एक देश एक विधान का काम किया है। जिसे कश्मीर की जनता ने भी स्वीकार किया है।

## पेंशनरों एवं बुर्जगों के लिए बैंक में हो अलग काउंटर की व्यवस्था : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज पेंशनरों के समक्ष कई समस्या है। जिसे दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैंक अधिकारी पेंशनरों एवं बुर्जगों के लिए बैंक में अलग से काउंटर की व्यवस्था करें। कोई भी पेंशनरों एवं बुर्जुगों को बैंक कर्मी सीढ़ी न चढ़वाएं। प्रशासन सदर अस्पताल में भी बुर्जगों एवं पेंशनरों के इलाज के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था कराए। विधायक शनिवार को सीएम एक्सेलेंस बालक उवि सिमडेगा में आयोजित पेंशनर समाज जिला संघ का स्थापना दिवस सह वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक एवं डीडीसी संदीप कुमार दोराईबुरु ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम समाज के अध्यक्ष इग्नेश तिर्की की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मौके पर पेंशनरों ने भी समाज की समस्याओं से अवगत कराया। सचिव



रामकैलाश राम ने बताया कि समाज द्वारा 95 प्रतिशत पेंशनरों की समस्याओं का समाधान कराया जा चुका है। इसके अलावे कोरोना काल में 11 प्रतिशत डीए का भुगतान कराने की दिशा में भी प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि कई बार हमारा समाज और सरकारी तंत्र पेंशनरों की समस्याओं को अनदेखा करते हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर हमारे समाज की जड़ें हैं। पेंशनरों को सम्मान दिए बिना हम सभी बेकार हैं। पेंशनरों के पास लंबे समय तक काम करने का अनुभव है। ज्ञान का भंडार पड़ा हुआ है। हम में से प्रत्येक लोगों को खासकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इनसे सीखने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि बैंकों में इनके लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था नजर नहीं आती। चढ़ने तक कि ताकत नहीं रहने के बावजूद कई बार इन्हें सीढियां चढ़नी पड़ती है। कतार में घंटो खड़ा होना पड़ता है। बैंक कर्मी इस समस्या का जल्द समाधान करें। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की अन्य जो जटिल समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री अथवा न्यायालय तक जाना पड़े तो जाएंगे।

## किशोर व भारती कन्या भारती का हुआ चुनाव सम्पन्न

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुनाव लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके द्वारा जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनती है, और विभिन्न पदों पर प्रतिनिधि आसीन होते हैं। आज चुनाव का प्रयोग व्यापक स्तर पर होने लगा है और यह निजी संस्थानों क्लबों विद्यालय, विश्वविद्यालयों, धार्मिक संस्थानों में भी प्रयुक्त होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आज वनवासी कल्याण केंद्र का शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु/ विद्या मंदिर लचरागढ़ में भैया/ बहनों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो इसे दृष्टिपथ रखते हुए किशोर भारती और कन्या भारती का चुनाव हुआ। भैया/ बहन मतपत्र का प्रयोग करते हुए अपने पसन्द का प्रत्याशी को वोट दिया।

# अज़रबैजान में अचीवर अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद कौशल किशोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चार दिवसीय विदेश यात्रा से अपनी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल के साथ लौटे पर्यावरणविद कौशल किशोर को उनके लोगों ने भव्य स्वागत किया। श्री कौशल को रशियन कंट्री अजरबैजान में आयोजित समारोह में अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जिससे उनके लोगों में खुशी का माहौल है।रशियन कंट्री से अलग हुए अज़रबैजान की राजधानी बाकू के होटल मेरीओट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। सम्मान समारोह का उद्घाटन विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और धर्मपत्नी व डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल अजरबैजान देश के टूरिस्ट सेल के डायरेक्टर रौशन,मोनिका लुइस, खडवानी के साथ संयुक्तरूप से किया था।समारोह के उद्घाटन के उपरांत पर्यावरण धर्म के अनुसार अतिथियों को पौधा देने का विधान है।वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने अज़रबैजान देश के राजधानी बाकू के लिटिल वेनेस में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणविद कौशल ने बताया कि उनके द्वारा चलाया गया निःशुल्क पौधरोपण अभियान और वनराखी मूवमेंट के 48 वां वर्ष और पौधा विरण व रोपण के 58 वां वर्ष पुरा होने पर वहां भी संस्था का विस्तार किया।। जिसके तहत अजरबैजान के राष्ट्रीय अध्यक्ष समरीन जैदी और मोनिका लुइस उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पौधों का वितरण व वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया। चार दिवसीय विदेश यात्रा से लौटने पर घर में परिजनों व शुभचिंतकों ने पर्यावरणविद कौशल व मुखिया पूनम जायसवाल का भव्य स्वागत किया।मौके पर प्रो अरुण कुमार जायसवाल, छतरपुर से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आशिविका जायसवाल, आद्रिका जायसवाल व अनुषा जायसवाल मौजूद थे।



## चलते चलते एक नजर

### सरकार की प्राथमिकता काम नहीं कमाई है : सुदेश महतो

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता काम नहीं कमाई है। सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग एवं अवैध ट्रांसपोर्टिंग के उद्योग चल रहे हैं। भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। जनसेवा की शपथ लेने वाली सरकार के मुखिया जनता के बारे में सोचने के स्थान पर सिर्फ अपने बारे में सोच रहें है। इससे झारखंडी जनमानस के बीच हताशा और निराशा है। सुदेश कुमार महतो शनिवार को कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान समाजसेवी रामचंद्र साहू के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कई युवाओं और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार ने सबसे अधिक युवाओं को छलने का काम किया है। उनकी वादाखिलाफी के चलते युवाओं का भविष्य अंधकार में है। आज राज्य के सभी वर्ग के लोग आजसू से जुड़ रहे हैं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विकास की असीमित संभावनाओं वाले बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को विकास से कोसों दूर कर दिया गया है। क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ है। विस्थापन का दंश झेल रहे बड़कागांव के लोग आजसू की ओर उम्मीद भारी निगाहों से देख रहे हैं। हम सभी मिलकर जनाकांक्षाओं के अनुरूप विकसित बड़कागांव बनाने का काम करेंगे।

### फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने लोक गायिका बावा के परिवार को दिये 25 लाख

**चंडीगढ़ :** फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने पंजाबी लोक गायिका एवं पद्म-भूषण प्राप्त स्वर्गीय गुरमीत बावा के परिवार की आर्थिक मदद की है। अक्षय कुमार ने बिना किसी सूचना के गुरमीत बावा की बेटी ग्लोरी बावा के खाते में 25 लाख रुपये ट्रांसफर किए हैं। ग्लोरी बावा के परिवार के हालात की वीडियो वायरल होने के बाद अक्षय ने यह मदद की है। गुरमीत बावा का जन्म 1944 में गांव कोठे गुरदासपुर में हुआ था। उस समय पंजाब में लड़कियों को पढ़ने नहीं दिया जाता था लेकिन गुरमीत ने शादी के बाद पढ़ाई पूरी की। गुरमीत बेहद सुरीली आवाज की मल्लिका थीं। उनके पति ने उनका साथ दिया और वह मुंबई तक भी पहुंच गईं। पुराने समय में बॉलीवुड और पंजाबी इंडस्ट्री की फिल्मों व गानों में जितने भी संवाद डाले जाते थे, उनमें अधिकतर गुरमीत की ही आवाज होती थी। स्वर्गीय गुरमीत बावा व लाची बावा का साथ छूट जाने के बाद उनकी बेटी ग्लोरी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्लोरी अपना परिवार संभालने के साथ-साथ अपनी बहन लाची बावा के बच्चों को भी देख रही थी। बहन का साथ छूट जाने के बाद से ही उन्हें शो नहीं मिल पा रहे थे और परिवार की आर्थिक हालत खराब हो गई थी। उसके बाद ग्लोरी बावा ने भारत छोड़ विदेश जाने की घोषणा कर दी थी लेकिन इसी बीच पहले अमृतसर के उपायुक्त और मंत्री कुलदीप धालीवाल ने 1-1 लाख रुपये के चेक ग्लोरी बावा को दिए। इसके बाद अब अक्षय कुमार ने 25 लाख रुपये उन्हें मदद के लिए भेजे हैं।

## असम में बाढ़ की स्थिति पर शाह ने हिमंत से बात की

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में फोन पर बात की और केंद्र के सहयोग का आश्वासन दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारी बारिश के कारण असम में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। मौजूदा स्थिति के बारे में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बात की। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ युद्धस्तर पर राहत कार्य कर रहे हैं और पीड़ितों को बचा रहे हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं और इस चुनौतीपूर्ण समय में राज्य को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आरपीएफ ने शराब के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम शुभम कुमार सिंह है। वह बिहार के भोजपुर का रहने वाले है। एएसआई शक्ति सिंह ने शनिवार को बताया कि रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर लगातार ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर नशा के समान के खिलाफ अभियान जारी है। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 18624 सीटी के ऑन ड्यूटी एस्कॉर्ट पार्टी कुणाल पाठक ने सूचना दी कि कोच संख्या एस-1 में एक व्यक्ति संदिग्ध व्यवहार कर रहा है। सूचना के बाद कोच की जांच करने पर शराब की आठ बोतल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपित ने बिहार में ऊंचे मूल्य पर बेचने के लिए रांची से शराब खरीदने की बात स्वीकार की। उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया। जब्त शराब की बोतलों का बाजार मूल्य पांच हजार 920 रुपये आंका गया है।

## झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के तीन सदस्यीय टीम ने पलामू में किया समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, सदस्य डॉ. एम तौसीफ एवं कारी बरकत अली पलामू परीसदन में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक किया। सर्वप्रथम जिला के अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आयोग के अध्यक्ष एवम सदस्यों का स्वागत किया। साथ ही कांग्रेस एवम जेएमएम के नेता कार्यकर्ताओं ने भी स्वागत किया। बैठक में आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने जिला के सभी विभागों मे चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों को उनके जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित करने से संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिया एवं पूर्ण रूप से अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में जिला के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।आयोग के सदस्य डॉ.एम. तौसीफ ने कहा की सभी विभागों के अधिकारी अपनी रिपोर्ट लेकर आयोग के समक्ष पेश हुए। सभी ने बड़े ही विस्तार के साथ अपने द्वारा किए गए कार्यों को रखा। अधिकतर विभागों में बहुत अच्छा काम हुआ है। कुछ विभागों में और बेहतर काम करने की आवश्यकता है, जो की अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।उन्होंने कहा की अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिए जो स्कीम राज्य सरकार चला रही है उसका पूरा लाभ मिलना चाहिए। साथ ही साथ आम लोगों की भी समस्याओं का समाधान के लिए निर्देश दिया गया है। डॉ. तौसीफ ने जिला अधिकारियों से अल्पसंख्यक के अलावा जिला में चल रही विकास योजनाओं भी जानकारी लिया और सभी अधिकारियों से कहा की जितना जल्द हो सभी विकास योजना को पूरा करें।।समीक्षा बैठक से पहले जनसुनवाई के दौरान कई आवेदन आए। जिसे तौरित करवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया गया की समस्या का समाधान करें। आयोग की कमेटी ने समीक्षा रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए संतोष व्यक्त किया।

**आयोग के अध्यक्ष का गढ़वा में ढोल नगाड़ों से हुआ स्वागत**

गढ़वा। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान का झामुमो कार्यकर्ताओं ने रंका मोड़ से गढ़वा परिसदन तक ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। गढ़वा में देर रात से ही बड़ी संख्या में आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान से मिलने लोग पहुंचने लगे और अपनी समस्याओं को रखा।शनिवार दोपहर 12~30 बजे से लेकर 2~30 बजे तक गढ़वा टाउन में स्थानीय अल्पसंख्यक समुदाय के गणमान्य लोगों ने होटल ग्रांड व्यू में स्वागत समारोह आयोजित किया और अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं को आयोग के अध्यक्ष के समक्ष रखा। आयोग के अध्यक्ष के सम्मान में दावत का भी एहतेमाम किया।

# हरे कृष्णा निवास से निकलेगी इस्कॉन की भव्य रथयात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** हरे कृष्णा निवास डालटनगंज से रविवार दोपहर दो बजे इस्कॉन द्वारा भव्य रथयात्रा निकाली जायेगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। शनिवार को इस सिलसिले में इस्कॉन मायापुर धाम के संकीर्तन डिपार्टमेंट प्रमुख गौरधाम प्रभु की अध्यक्षता में बैठक करने के बाद पत्रकारों को जानकारी दी गयी। मौके पर प्रथम उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, सुंदर माधव दास (संजय पांडे) मौजूद रहे।गौरधाम प्रभु ने बताया गया कि कोई भी मनुष्य रथ पर सवार जगन्नाथ जी का दर्शन करते हैं तो उनका पुनर्जन्म नहीं होता एवं उनके दर्शन मात्र से ही पापों से मुक्त हो जाते हैं। प्रभु जी ने पूरे शहरवासियों को आमंत्रित किया तथा प्रसाद के माध्यम से कृपा पाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 15 दिन अज्ञातवास के बाद शनिवार शाम में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा दर्शन देंगे। नेत्र उत्सव मनाया जायेगा। आकर्षक तरीके से श्रृंगार होगा। रविवार की सुबह विशेष आरती-पूजा के बाद रथयात्रा निकाली जायेगीमंगल सिंह ने बताया गया कि शहर के धार्मिक संगठनों द्वारा शरबत-पानी की व्यवस्था की गयी है। प्रशासन भी चौक चौराहे पर मौजूद रहेगा। 2023 की रथ यात्रा में लगभग 30000 लोग शामिल होकर इसे भव्य बनाए थे। इस बार यह उम्मीद लगाए जा रहा है कि लोगों की संख्या 50000 से ऊपर होगी। सभी भक्तों के लिए उचित इंतजाम व्यवस्था की जा रही है।मौके पर मायापुर धाम से पधारे बंसी गोपीनाथ प्रभु, नन्द दुलाल गौरदास प्रभु, अमिया विलास प्रभु, जगन्नाथ बहुरूप प्रभु, सनातन गोपाल प्रभु, शशि मुख गोपाल दास प्रभु उपस्थित रहे।इस्कॉन द्वारा रथयात्रा को भव्य बनाने की तैयारी है। पुलिस लाइन रोड स्थित हरे कृष्ण निवास में जगन्नाथ पुरी से आए कारीगर अमिलया विलास प्रभु की देखरेख में हाइड्रोलिक रथ को सजाया गया है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष रथ की ऊंचाई ज्यादा रहेगी। 25 फीट ऊंचे रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा विराजमान होंगे।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी गलत : सुनीता केजरीवाल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि उनके पति को गलत तरीके से फंसाया गया है।सुनीता केजरीवाल ने 3 मिनट 52 सेकंड के वीडियो संदेश में वही बातें दोहराईं जो पहले भी शराब घोटाले को लेकर कई बार आम आदमी पार्टी के नेता और अदालत में केजरीवाल के वकील कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह से किसी पढ़े-लिखे, साफ-सुथरी छवि वाले को फंसाया जाता है, तो राजनीति में अच्छे लोग आने से पहले सौ दफा सोचेंगे।उल्लेखनीय है कि केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वहीं बीते दिनों सीबीआई ने भी शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले ईडी ने उन्हें नौ बार इस घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए समन भेजा था, लेकिन जब केजरीवाल पेश नहीं हुए तब ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सुनीता केजरीवाल, जेल से अरविंद केजरीवाल द्वारा दिए भेजे गए संदेश को पढ़कर जनता बताने के लिए भी कैमरे के सामने आई थीं।बीती पांच अप्रैल को जब वह मुख्यमंत्री आवास से केजरीवाल के समर्थन में संदेश दे रही थीं, उस दौरान भगत सिंह और आम्बेडकर की फोटो के बीच में अरविंद केजरीवाल की लगी तस्वीर को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद से सुनीता केजरीवाल ने इस तरह वीडियो संदेश को देना बंद कर दिया था। अब एक बार फिर सुनीता केजरीवाल ने वीडियो जारी कर केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत बताया है।

## केन्द्र सरकार जल्द ही राष्ट्रीय सहकारी नीति लाएगी : अमित शाह

**गांधीनगर:** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 102वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम में कहा कि सहकारी संस्थाओं को देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ बनाया जाएगा। इसके जरिए देश के करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में सुविधाओं, समृद्धि और आत्मविश्वास स्थापित करने का काम किया जाएगा। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि भारत में सहकार कोई नया विचार नहीं है। हमलोगों के पूर्वजों ने 125 साल पुराने इस विचार को अपनाया था। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल, महात्मा गांधी, गाडगिल, वैकुंठ मेहता और त्रिभुवन दास पटेल जैसे महान विभूतियों ने इसकी शुरुआत की थी। आज सहकारी आंदोलन देश के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ा योगदान दे रहा है। सहकारी क्षेत्र कृषि लोन में 20 फीसदी, खाद के वितरण में 35 फीसदी, उत्पादन में 21 फीसदी, चीनी उत्पादन में 31 फीसदी, गेहूं की खरीदी में 13 फीसदी, धान की खरीदी में 20 फीसदी योगदान दे रहा है।

